धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, सोमवार

* 30.12.2024


नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | पौष, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 169



12 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाये सेना

## न्यूज डायरी

### आज कई इलाकों में बारिश संभव, बढ़ेगी ठंड

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य के दक्षिणी जिलों में सोमवार को बारिश की संभावना है। रविवार को भी राज्य के कई इलाकों से हल्कीफुल्की बारिश की खबर है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव हो रहा है। बारिश रुकने और बादल छंटने के बाद हवा का रुख झारखंड की ओर होने से ठंड बढ़ेगी।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस के हवाले

**गिरिडीह।** मानवता को शर्मसार करने वाली फिर एक घटना यहां सामने आयी है। सरिया थाना इलाके में एक ट्रैक्टर चालक ने नाबालिग से दुष्कर्म किया। ग्रामीणों के अनुसार नाबालिग शौच के लिए जा रही थी, उसी दौरान ट्रैक्टर चालक ने मौका का फायदा उठाकर उसके साथ रेप किया। परिजनों एवं ग्रामीण ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया। मारपीट के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। शनिवार शाम की घटना की खबर पुलिस को रविवार को दी गयी।

### दिल्ली से आठ बांग्लादेशी को पकड कर वापस भेजा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने आठ बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित किया, जिसमें जहांगीर, उसकी पत्नी और उनके छह बच्चे शामिल हैं। वे अवैध रूप से रंगपुरी में रह रहे थे। सभी बांग्लादेश के मदारीपुर जिले के केकरहाट गांव के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, जहांगीर ने अनधिकृत मार्गों से भारत में प्रवेश करने और उसके बाद अपने परिवार को यहां लाने की बात स्वीकार की है। उसने अपने बांग्लादेशी पहचान पत्र नष्ट कर दिए थे और अपनी मूल पहचान छिपाकर दिल्ली में रह रहा था।

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की अस्थियां यमुना में विसर्जित

**नयी दिल्ली।** पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह की अस्थियां यहां यमुना के तट पर स्थित घाट पर विसर्जित कर दी गयीं। कांग्रेस ने यह जानकारी देते हुए ट्वीट किया, भारत मां के सपूत डॉ मनमोहन सिंह जी की अस्थियां पूरे विधि-विधान के साथ मजनू का टीला स्थित गुरुद्वारे के पास यमुना घाट पर विसर्जित की गयीं। हम सभी मनमोहन सिंह जी की देश सेवा, समर्पण और उनकी सहजता को हमेशा याद रखेंगे।

### सदर एसडीओ को पद से हटाया जाये : सांसद

**हजारीबाग।** हजारीबाग के सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता कुमारी की जलने से हुई मौत की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने सरकार से आग्रह है कि सदर एसडीओ को अपने दायित्व से पद मुक्त किया जाये। उनको हटाये जाने के बाद ही मामले की जांच निष्पक्ष ढंग से संभव होगी।

## तमाड़ में सड़क हादसा तीन युवकों की मौत

### दो घायल, ट्रेलर ने धक्का मारा, रौंदते हुए भाग निकला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/खूंटी ।** रांची-टाटा मार्ग पर पोड़ाडीह गांव के पास स्थित पुलिया पर भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गयी। हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रेलर ने दो बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। बाइक पर सवार तीनों युवक धक्का लगते ही सड़क पर गिर गये और ट्रेलर की चपेट में आ गये। तीनों की मौत हो गयी। वहीं दूसरी बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गये। घटना रविवार को दिन एक बजे दिन की है। जानकारी के अनुसार मृतकों में जमशेदपुर भुइयांडीह निवासी सुमित मिश्र (21), पुलकित सिंह (18)और 20 वर्षीय निखिल कुमार शामिल हैं। उनकी बाइक का नंबर (जेएच 05 डीवी 5481) है। सूचना मिलने के बाद परिजन थाना पहुंचे। हादसे के बाद चालक ट्रेलर लेकर फरार हो गया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार शुभम कुमार और प्रिंस कुमार घायल हो गये। दोनों घायलों को इलाज के लिए तमाड़ अस्पताल ले जाया गया। (शेष पेज 11 पर)

### गुमला में भी दो युवकों की मौत

वहीं गुमला जिले के बसिया थाना स्थित कोनबीर नवाटोली स्थित संत पॉल कॉलेज गेट के समीप रांची सिमडेगा मुख्य पथ पर अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार तीन युवकों में दो की मौके पर ही मौत हो गयी। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । मृत युवकों की पहचान कोनबीर नवाटोली निवासी रिकेश पवन टोपनो (24) और कोनबीर खड़िया टोली निवासी गुलशन करकेट्टा (27)के रूप में हुई। कोनबीर नवाटोली निवासी ब्रिजिट कुल्लू (35) गंभीर रूप से घायल हैं। मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार की हैं । तीनों बाइक से लोंगा की ओर जा रहे थे । इन्हें अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मारी, जिससे सभी युवक बीच सड़क पर ही गिर गए । इसके बाद दोनों युवकों को अज्ञात वाहन रौंदते हुआ फरार हो गया । घटना के बाद स्थानीय लोगों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया ।

## 24 घंटे के भीतर तीन बड़ी विमान दुर्घटना से दहली दुनिया

# दक्षिण कोरिया में प्लेन क्रैश 181 की मौत

## कनाडा के विमान में लैंडिंग के दौरान लगी आग, सभी बच गये

### डच एयरलाइन की फ्लाइट की भी इमरजेंसी लैंडिंग

ब्लैक संडे

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** सियोल से मिली खबरों के अनुसार दक्षिण कोरिया के मुआन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बड़ा विमान हादसा हुआ। हादसे में 181 लोगों की मौत हो गयी। इनमें 6 क्रू मेंबर और 175 यात्री शामिल थे। विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसलकर एयरपोर्ट की बाउंड्री वॉल से टकरा गया। टक्कर के बाद विमान में आग लग गयी और आसमान में धुएं के काले गुबार दिखाई देने लगे। विमान का पिछला कुछ हिस्सा सलामत है। बाकी जलकर राख हो गया। सभी यात्री इस तरह जल गये हैं कि मृतकों की पहचान कर पाना असंभव है। इससे पूर्व डच एयरलाइन (केएलएम)की एक फ्लाइट को इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गया। सभी यात्री बाल-बाल बचे गये। यह घटना रविवार को नॉर्वे के सैंडेफजॉर्ड टॉर्प एयरपोर्ट पर हुई। विमान ने नॉर्वे से नीदरलैंड के लिए उड़ान भर रही थी। वहीं एयर कनाडा की फ्लाइट को भी तकनीकी खराबी के कारण इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी।



लैंडिग के दौरान विमान में आग लग गयी। हालांकि सभी यात्रियों को बचा लिया गया। विमान में 200 से अधिक यात्री सवार थे।

**कोरिया ने माना सभी की मौत :** दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मू ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। दक्षिण कोरिया ने विमान हादसे में सभी यात्रियों की मौत स्वीकार कर ली। यह हादसा देश के दक्षिणी जिओला प्रांत के मुआन में मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार सुबह हुआ। द कोरिया टाइम्स के अनुसार, 173 कोरियाई यात्री, दो थाई यात्री और चालक दल के छह सदस्य जेजू एयर की उड़ान में सवार थे। यह उड़ान बैंकॉक (थाईलैंड) से दोपहर 1:30 बजे रवाना हुआ और सुबह 8:30 बजे इसे मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना था। विमान (बोइंग 737-800) ने उतरने का प्रयास किया। न उतर पाने पर उसने हवाईअड्डे का चक्कर लगाया। दोबारा उतरने की कोशिश में रन-वे पर फिसलता हुआ दीवार से टकरा गया। विमान से आग की लपटें उठने लगीं। धुआं छा गया। दुर्घटना के 43 मिनट बाद आग बुझा दी गयी। विमान का पिछला कुछ हिस्सा सलामत है। बाकी जलकर राख हो गया। मृतकों की पहचान कर पाना असंभव है।

# कैमरून में फंसे 11 श्रमिक हेमंत की पहल पर लौटे

## अन्य 36 की सकुशल स्वदेश वापसी शीघ्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की पहल पर दक्षिण अफ्रीका के कैमरून में फंसे 47 मजदूरों की वापसी शुरू हो गयी है। रविवार को 11 मजदूर सकुशल रांची एयरपोर्ट पहुंचे। वहां फंसे 36 अन्य मजदूर भी जल्द स्वदेश लौटेंगे। सभी को उनके पैतृक गांव रवाना कर दिया गया। रविवार को स्लदेश पहुंचे श्रमिकों में हजारीबाग के सात, गिरिडीह के दो और बोकारो के दो मजदूर शामिल हैं। रांची एयरपोर्ट पर संयुक्त श्रम आयुक्त राजेश प्रसाद, सहायक आयुक्त अविनाश कुमार कृष्ण समेत श्रम विभाग के अफसरों ने मजदूरों का माला पहनाकर स्वागत किया।

**सीएम को मिली थी खबर :** कैमरून में कार्यरत झारखंड के हजारीबाग, बोकारो एवं गिरिडीह जिला के 47 श्रमिकों के वेतन भुगतान और कंपनी द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं किये जाने की जानकारी मुख्यमंत्री को प्राप्त हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था।

राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क कर मामले का सत्यापन किया। मामले के सत्यापन के उपरांत श्रम सचिव मुकेश कुमार एवं कमिश्नर संजीव कुमार बेसरा के निर्देशानुसार संबंधित जिलों के श्रम अधीक्षकों ने नियोजकों, नियोक्ताओं और बिचौलियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराया और फंसे श्रमिकों को सुरक्षित वापस लाने की प्रक्रिया शुरू की गयी।

पारिश्रमिक का भुगतान कराया गया : कंट्रोल रूम की टीम लगातार ई मेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों, कंपनी एवं श्रमिकों से संपर्क करते हुए श्रमिकों का कुल 39,77.743 बकाया रुपये का भुगतान कराया गया है।

इसके बाद 27 दिसंबर 2024 को 47 श्रमिकों में से 11 श्रमिकों का पहला समूह कैमरून से भारत के लिए सुरक्षित वापसी कर हुई। झारखड पहुंचने पर श्रम विभाग के अधिकारियों ने श्रमिकों का स्वागत बिरसा हवाई अड्डे पर किया।



### श्रमिकों को बंधक बना लिया गया था

खबरों के अनुसार इन मजदूरों को कैमरून में बंधक बना लिया गया था। मजदूरों ने सोशल मीडिया के जरिये केंद्र और राज्य सरकार से मदद की गुहार लगायी थी। मजदूरों का कहना था कि काम करवाने के बावजूद तीन महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रमायुक्त संजीव कुमार को कानूनी कार्यवाही करने का निर्देश दिया था। अंतराष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अधिनियम के तहत बिना लाइसेंस कैमरून भेजने पर एफआइआर भी दर्ज की गयी थी।

# दिल का दौरा पड़ने से आचार्य किशोर कुणाल का निधन

## धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में भूमिका अहम थी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** पूर्व आइपीएस, अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य और पटना के महावीर मंदिर के सचिव आचार्य किशोर कुणाल (74) का रविवार सुबह निधन हो गया। किशोर कुणाल ने पटना के महावीर वत्सला अस्पताल में अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार, पूर्व आइपीएस को सुबह दिल का दौरा पड़ा था। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर सीएम मोदी, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन तथा अनेक



नेताओं और विभिन्न धर्म संगठनों के प्रमुखों ने गहरा शोक जताया है। धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में उनकी महती भूमिका रही है। उनकी विदाई से बिहार को गहरा आघात लगा है।

**कई संस्थाओं की स्थापना की :** आचार्य किशोर कुणाल का जन्म 10 अगस्त 1950 को हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुजफ्फरपुर के बरुराज गांव से ली। इसके बाद उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से इतिहास और संस्कृत में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। गुजरात कैडर के आइपीएस अधिकारी बने और पटना में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। किशोर कुणाल ने गृह मंत्रालय में भी अपनी सेवा दी। इसके बाद 2000 में रिटायर हो गये। आचार्य किशोर ने कई संस्थाओं की स्थापना की, जो समाज के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है।

### अनिता को न्याय दिलाने हजारीबाग में कैंडल मार्च



**हजारीबाग के एसडीएम अशोक कुमार की धर्मपत्नी अनिता कुमारी को न्याय दिलाने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग को रविवार को बुढ़वा महादेव प्रांगण से एक ऐतिहासिक कैंडल मार्च और मशाल जुलूस निकाला गया। झंडा चौक पहुंचकर समाप्त हुआ। अनिता कुमारी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर सभी ने उन्हें नमन किया।** (पेज 7 भी देखें)

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 71900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 91000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख





## मन की बात में मोदी- महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश

# गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा है कि इस बार प्रयागराज महाकुंभ न केवल विशाल और भव्य होगा बल्कि अनेकता में एकता का संदेश देते हुए पूरे कुंभ क्षेत्र में पहली बार डिजिटल व्यवस्था का प्रदर्शन होगा। आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 117वीं कड़ी में रविवार को देश को संबोधित करते हुए कहा कि अगले माह प्रयागराज में महाकुंभ हो रहा है जो देश की विविधता और भव्यता के साथ एकता का महाकुंभ होगा। कम शब्दों में कहूं-महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश। और अगर दूसरे तरीके से कहना है तो मैं कहूगा...गंगा की



अविरल धारा, न वंटे समाज हमारा। देश को यहां से संदेश मिलेगा। उन्होंने कहा, मन की बात से पता चलता है कि हमारा भारत, विविधता में एकता के साथ कैसे आगे बढ़ रहा है। चाहे वो खेल का मैदान हो या विज्ञान का क्षेत्र, स्वास्थ हो या शिक्षा हर क्षेत्र में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हमने एक परिवार की तरह मिलकर हर चुनौती का सामना किया और नयी सफलताएं हासिल की है।

**कुंभ एकता का महाकुंभ :** पीएम ने कहा, अगले महीने 13 तारीख से प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है। संगम तट पर जबरदस्त तैयारियां चल रही हैं। महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है, कुंभ की विशेषता इसकी विविधता में भी है। यहां करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परम्पराएँ, सैकड़ों संप्रदाय, अनेकों अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है। कहीं भेदभाव नहीं दिखता, कोई बड़ा नहीं होता, कोई छोटा नहीं होता। अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। (शेष पेज 11 पर)

### मन की बात सामूहिक शक्ति का जीवंत दस्तावेज

पीएम मोदी ने कहा, मन की बात की 116 कड़ी प्रसारित हो चुकी है। यह खुशी की बात है कि इससे लोगों में नयी ऊर्जा का संचार हो रहा है। यह सामूहिक शक्ति का जीवंत दस्तावेज बना रहा है। 117वीं कड़ी के प्रसारण में उन्होंने कहा कि हमारा भारत, विविधता में एकता के साथ आगे बढ़ रहा है। चाहे वो खेल का मैदान हो या विज्ञान का क्षेत्र, स्वास्थ हो या शिक्षा हर क्षेत्र में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप सभी ने इस कार्यक्रम को अपनाया, अपना बनाया। हर महीने आपने अपने विचारों और प्रयासों को साझा किया। कभी किसी युवा इनोवेटर के आईडिया ने प्रभावित किया, तो कभी किसी बेटी की उपलब्धि ने गौरवान्वित किया। देश के कोने-कोने से सकारात्मक ऊर्ज को एक साथ लाती है। हमने एक परिवार की तरह मिलकर हर चुनौती का सामना किया और नयी सफलताएं हासिल की है।

### पूजा का निलंबन खत्म करने की फाइल बढ़ी

**रांची।** जेल से जमानत पर बाहर आयीं चर्चित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल का निलंबन वापस लेने की तैयारी चल रही है। सरकार के निर्देश पर कार्मिक विभाग ने निलंबन वापस लेने संबंधी संचिका बढ़ा दी है। इस संचिका पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित कमेटी विचार कर रही है। कमेटी की अनुशंसा के आलोक में उनका निलंबन वापस लिया जा सकता है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री की भी सहमति ली जायेगी। ऐसे में जेल से रिहा होने के बाद उनका निलंबन वापस लेने पर विचार किया जा रहा है। निलंबन वापस लेते ही उनकी पोस्टिंग भी कर दी जायेगी। मनरेगा घोटाला मामले में पूजा सिंघल को इडी ने 11 मई को गिरफ्तार किया था। उन्हें इसी महीने की 7 दिसंबर को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है।

# भाजपा नेता रमेश सिंह से पीएलएफआई ने मांगी रंगदारी, संगठन को सपोर्ट करने की बात कही

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी रांची के जाने-माने बिल्डर और भाजपा नेता रमेश सिंह से पीएलएफआई के नाम पर फोन करके संगठन को मदद करने की बात कही गई है। इस संबंध में भाजपा नेता सह बिल्डर रमेश सिंह ने सुखदेवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

भाजपा नेता की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि शनिवार को उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन किया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को पीएलएफआई संगठन से जुड़े होने की बात बतायी। उसने भाजपा नेता से कहा कि संगठन के कमांडर समेत सदस्यों की नजर उन पर है। संगठन को सहयोग करें। संगठन भी आपका सहयोग करेगा। साथ ही धमकी दी गई है कि यदि संगठन को सहयोग नहीं किया गया तो फिर उनके खिलाफ संगठन कार्रवाई करेगा।

### लोकेशन तलाशने में जुटी पुलिस

सुखदेव नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मामले की तफ्तीश की जा रही है। इस मामले में पुलिस टेक्निकल सेल की भी मदद ले रही है। भाजपा नेता को जिस नंबर से कॉल आया था, उसकी भी जानकारी इकट्ठा की जा रही है। इसको लेकर सुखदेव नगर थाना पुलिस तकनीकी से ल की मदद ले रही है।

### हमेशा निशाने पर रहे हैं रमेश सिंह

रमेश सिंह भाजपा नेता होने के साथ-साथ एक बिल्डर हैं और शहर के जाने-माने समाजसेवी भी हैं। अपराधियों ने कुछ वर्ष पूर्व उन्हें टारगेट करने की कोशिश भी की थी। इसकी वजह से उन्हें सुरक्षा भी उपलब्ध करवाई गई है। सबसे हैरानी की बात यह है कि पीएलएफआई के नाम पर फोन करने वाले व्यक्ति ने इस बार न इंटरनेट कॉल का प्रयोग किया और न ही व्हाट्सएप कॉल का, उसने सीधे मोबाइल नंबर से फोन करके संगठन को मदद करने की बात रमेश सिंह से की। यह भी पहली बार हुआ है कि जब संगठन की ओर से रंगदारी को लेकर कितनी रकम देनी है, इसका भी जिक्र नहीं किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रमेश सिंह को जिस सिम कार्ड का प्रयोग कर फोन किया गया था, उसका लोकेशन पश्चिम बंगाल में मिला है।

# भारत के सांस्कृतिक गौरव की गाथा है मन की बात कार्यक्रम : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात संबोधन प्रेरणादायी, महत्वपूर्ण जानकारियों से परिपूर्ण होता है। श्री मरांडी रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 117वें एपिसोड के प्रसारण सुनने के बाद कही। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भारत की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं को संजोये हुये है। गौरव गाथाओं के साथ सभी क्षेत्रों में भारत की प्रगति, बढ़ते भारत और बदलते भारत की झलक होता है। उन्होंने कहा कि आगामी 14 जनवरी से प्रयागराज में लग रहे कुंभ में दिखने वाली भारत की एकता और श्रेष्ठता को समाज जीवन में लगातार बनाये रखने की आवश्यकता है। हमारी विविधतायें देश की कमजोरी नहीं बल्कि विशिष्टता है। यह देश विविधता में एकता का जीता जगता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को प्रधानमंत्री के आह्वान पर निरंतर चलते हुये एक भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण में योगदान करने केलिये संकल्पित होना चाहिये। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति की विश्व पटल पर बढ़ती ताकत, भारत की प्रतिभाओं को मिलता सम्मान भारत को विश्व की अगुवाई केलिये तैयार कर रहा। युवाओं की ताकत 2047 में विकसित भारत के सपनो को साकार करेगा। पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा के नेताओं, प्रदेश पदाधिकारियों, सांसद, विधायकगण, कार्यकर्ताओं ने अपने अपने क्षेत्र में जनता के साथ बैठकर कार्यक्रम को सुना।

# स्टेट हाईवे ऑथिरिटी 889.39 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पर कर रहा है काम



**साज इन प्रोजेक्ट्स पर कर रहा काम**

| प्रोजेक्ट का नाम | लागत (करोड़ में) |
|---|---|
| गोविंदपुर चौक से महुआ मोड़ सड़क | 89.120 करोड़ |
| सरायकेला- राजनगर-चक्रधरपुर सड़क | 68.57 करोड़ |
| पतरातू से मैक्लुस्कीगंज सड़क | 151.47 करोड़ |
| चाईबासा से टोंटो सड़क | 160.48 करोड़ |
| चान्हो-दिघिया-लापुंग रोड | 79.61 करोड़ |
| हजारीबाग रिंग रोड | 50.39 करोड़ |
| कोयल नदी पर ब्रिज | 91.63 करोड़ |
| मयूराक्षी नदी पर पुल | 198.11 करोड़ |

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्टेट हाइवे ऑथिरिटी झारखंड 889.39 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। वहीं 21 प्रोजेक्ट के जरिये 923.64 किलोमीटर सड़क निर्माण का काम पूरा कर लिया है। इस पर 2435.61 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं।

# जल शोधन संयंत्र का काम गर्मी से पहले पूरा करें : सुनील कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने रूक्का जलागार स्थित निमार्णाधीन जल शोधन संयंत्र के निर्माण को आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए ससमय पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने रांची शहरी पेयजलापूर्ति से संबंधित पाइप लाइन के नेटवर्किंग का नक्शा भी देखा और पाइप लाइन बिछाने के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। प्रधान सचिव ने कहा कि जल शोधन संयंत्र का काम गर्मी से पहले पूरा कर लें, ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो।

नगर विकास सचिव ने कहा कि पाइप बिछाने के क्रम में कम से कम सड़क की कटाई एवं खुदाई की जाये। प्रधान सचिव ने जुडको के अभियंताओं को तिलता चौक से रातू रोड के पिस्का मोड़ तक पाइप बिछाने के काम में आ रही बाधा पर एनएचआई के साथ समन्वय बना कर काम करने का निर्देश दिया।

## डॉ प्रदीप वर्मा बने प्रदेश चुनाव अधिकारी



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ के लक्ष्मण ने झारखंड के चुनाव अधिकारी, सह चुनाव अधिकारी की घोषणा की है। डॉ के लक्ष्मण ने झारखंड के चुनाव अधिकारी के रूप में प्रदीप वर्मा को नामित किया गया है। जबकि, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, सुनीता सिंह एवं दुर्गा मरांडी को सह चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

# विलक्षण प्रतिभा के धनी थे किशोर कुणाल : सुबोधकांत सहाय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने सेवानिवृत आइपीएस एवं बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष किशोर कुणाल के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्व. कुणाल विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहते हुए उन्होंने अपने कार्यकाल में अपराध नियंत्रण के लिए जो कार्य किए, वह एक मिसाल है, धार्मिक-आध्यात्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर सहभागिता निभाना उनकी खासियत थी। उन्होंने कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में भी उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए। उनका असामयिक निधन समाज के सभी वर्गों के लिए अत्यंत दुखदायी है। सहाय ने दिवंगत की आत्मा की शांति व उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने राजकोट में राष्ट्रकथा शिविर में लिया हिस्सा

## ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म के प्रसार को हैं संकल्पित : संजय सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** गुजरात के राजकोट में प्रत्येक वर्ष आयोजित राष्ट्रकथा शिविर में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुये। यह शिविर 10 दिनों तक चलेगा। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 2 लाख से अधिक विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान, शोधार्थी, विद्यार्थी और शिक्षक शामिल हो रहे हैं। प्राचीन भारतीय ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म की परिचर्चा के लिये आयोजित यह शिविर पिछले 25 वर्षों से आयोजित हो रहा है। श्री सेठ ने कहा कि राष्ट्र के इस महायज्ञ में शामिल होकर खुद को कृतार्थ महसूस कर रहा हूं। इसके आयोजक स्वामी धर्मबंधु के द्वारा विद्वानों के सानिध्य में आयोजित राष्ट्रकथा शिविर राष्ट्र के जागरण का बड़ा माध्यम है। इसमें देश भर के लाखों विद्यार्थी और शिक्षक भाग लेते हैं। यह शिविर भारत के ऐतिहासिक गौरव का बोध कराने के उद्देश्य से आयोजित होता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में हर वर्ग से उमड़ा समूह भारत का प्राचीन गौरव फिर से लौटाने को कृत संकल्पित है।

### डुमरी विधायक जयराम महतो की दादी का सब्जी बेचते वीडियो हुआ वायरल

# विधायक जयराम महतो की दादी ने कहा, अब मेरी एक ही इच्छा, जल्दी हो जाये पोते की शादी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** जेएलकेएम के डुमरी विधायक जयराम महतो इन दिनों झारखंड की राजीनित में काफी चर्चा में हैं लेकिन उनकी दादी भी उनसे कम नहीं है। विधायक जयराम महतो की दादी की भी सब्जी बेचते फोटो सामने आई है। इसके बाद से उनकी खूब चर्चा हो रही है। अब उनकी दादी झुमरी देवी झारखंड में काफी मशहूर हो गई हैं। उनका पोता विधायक बन गया है। अब, वह अपने पोते को दुल्हा के रूप में देखना चाहती हैं।

मालूम हो कि डुमरी विधायक जयराम महतो की दादी झुमरी देवी तोपचाची प्रखंड के बुधनी हटिया में सब्जी बेचने गई थीं। इस दौरान किसी ने जयराम महतो की दादी का फोटो खींच कर वायरल कर दिया। इसके बाद से उनकी खूब चर्चा हो रही है।

**आखिर क्यों बेच रही थीं सब्जी**

डुमरी विधायक जयराम महतो का आवास तोपचांची प्रखंड के मानटाड़ में है। घर का माहौल सादगी से भरा है। जयराम महतो की दादी काफी वृद्ध होने के बाद भी घर और खलिहान में उगी सब्जियों की देखभाल करती हैं। वह लाठी से सब्जियां तोड़ती हैं। फिर उसे बाजार में बेच देती हैं। उम्र के इस पड़ाव में उनकी अपने पोते से एक इच्छा है। वह अपने पोते जयराम महतो की जल्द शादी कराना चाहती हैं। जयराम महतो की दादी के अनुसार उनकी बहू की तबीयत खराब होने के कारण वह सब्जी बेचने गई थीं। अब वह सब्जी बेचने नहीं जाएंगी। सभी ने उन्हें पहचान लिया है। वहीं जयराम महतो की परिजनों का कहना है कि घर में सब्जियां हैं। रखे-रखे खराब हो जाती हैं, तो दादी सब्जी बेचने चली जाती हैं। घर में लोग कम कीमत पर सब्जी मांगते हैं। बाजार में सब्जियां अधिक कीमत पर बिकती हैं। दादी पहले भी सब्जी बेचने जाती थीं। विधायक बनने के बाद पहली बार सब्जी बेचने गयीं थी। तभी किसी ने फोटो ले लिया और वायरल कर दिया।

# दलित, आदिवासी और ओबीसी छात्रों को नौ माह से नहीं मिल रही छात्रवृत्ति : बाबूलाल

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि झारखंड में 34 लाख दलित, आदिवासी और ओबीसी छात्रों को पिछले नौ महीनों से छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है, जिससे उनकी पढ़ाई पर संकट मंडरा रहा है। श्री मरांडी ने कहा है कि ग्रीन राशनकार्ड धारकों का अनाज सात महीने से बकाया है, जिससे गरीब परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार मंईयां सम्मान योजना के भुगतान के लिए बच्चों की छात्रवृत्ति, बुजुर्गों की पेंशन और गरीबों के राशन जैसी बुनियादी सुविधाओं को छीनने पर मजबूर हो गई है। विभागों की राशि सरेंडर करा कर विकास योजनाओं को रोक दिया गया है, जिससे राज्य में विकास की गति पूरी तरह ठहर गई है। मरांडी ने कहा कि यह मुख्यमंत्री के आर्थिक कुप्रबंधन और प्रशासनिक विफलता का प्रमाण है, जो झारखंड के भविष्य पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। समाज के एक वर्ग को संतुष्ट करने के लिए बाकी सारे वर्ग के अधिकारों की बलि चढ़ा देना कतई उचित नहीं है। मुख्यमंत्री, बच्चों की छात्रवृत्ति और गरीबों के राशन का ससमय भुगतान सुनिश्चित करें। मरांडी ने सुप्रसिद्ध समाजसेवी, महावीर मंदिर न्यास पटना के सचिव और पूर्व आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर शोक जताया है।

# झारखंड हाईकोर्ट का 2024 का लेखा-जोखा : कई गैरजरूरी पीआईएल को किया गया निष्पादित

**उदय चौहान**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के लिये इस 2024 कई मायने में यादगार रहेगा। हाईकोर्ट को दो नये चीफ जस्टिस मिले। वही, नये चीफ जस्टिस के आने तक एक्टिंग चीफ जस्टिस की भूमिका में जस्टिस एसएन प्रसाद ने कम समय में कई महत्वपूर्ण आदेश पारित किये। जस्टिस एस चंद्रशेखर का हस्तांतरण किया गया। हाईकोर्ट को नया चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव मिला है। हाईकोर्ट ने कई गैर जरूरी अनावश्यक पीआईएल को निष्पादित किया। बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी जनहित याचिकाओं में अहम आदेश पारित किया गया। जेपीएससी एवं जेएसएससी से जुड़े मुद्दे भी छाये रहे। हाईकोर्ट से कई आरोपियों को जमानत की सुविधा प्रदान की। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनके विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा समेत अन्य शामिल है।

**स्वीकृत पद से 8 न्यायाधीश कम :** हर साल की तरह इस साल भी झारखंड हाईकोर्ट में स्वीकृत न्यायाधीशों की संख्या पूरी नहीं हो सकी। वर्तमान में चीफ जस्टिस समेत 18 जज कार्यरत हैं। जबकि न्यायाधीशों की 25 पद स्वीकृत है। 31 दिसंबर को जस्टिस सुभाष चंद्र एवं मार्च 2025 को जस्टिस नवनीत कुमार सेवानिवृत्त हो जायेंगे। सेवानिवृत्त होने के बाद इसकी संख्या 16 हो जायेगी। झारखंड हाईकोर्ट में वर्तमान समय में 74438 केस लंबित है। इसमें से 41421 केस आपराधिक केस शामिल है। हाईकोर्ट में इस साल 38617 मामले आये और 49861 मामलों का निपटारा किया गया।

## खबर एक नजर में

### इंस्पेक्टर रंजीत प्रसाद निलंबन मुक्त, छेड़खानी मामले में लापरवाही का था आरोप

**रांची।** इंस्पेक्टर रंजीत प्रसाद को निलंबन मुक्त कर दिया गया। उन पर छेड़खानी मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगा था। रंजीत प्रसाद कोतवाली थाना के प्रभारी थे। इस मामले की जांच में उनके खिलाफ लगे आरोपों की पुष्टि नहीं हो पाई। जिसके बाद उन्हें निलंबन मुक्त कर दिया गया। डीआइजी अनुप बिरथरे के आदेश के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था।

### पूर्व आइपीएस किशोर कुणाल के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवम बाबूलाल मरांडी ने समाजसेवी, महावीर मंदिर न्यास पटना के सचिव और पूर्व आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि किशोर कुणाल के निधन की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। उनका निधन समाज के लिये एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।

### पूर्व आइपीएस किशोर कुणाल का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति : सरयू राय

**रांची।** जदयू विधायक सरयू राय ने अपने विद्यार्थी जीवन के सखा पूर्व आईपीएस अधिकारी और बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक न्यक्त किया है। रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सरयू राय ने लिखा कि पटना के श्री हनुमान मंदिर से प्रसिद्ध आचार्य किशोर कुणाल नहीं रहे। आज सुबह हृदयघात ने उन्हें हमसे छीन लिया। वे विद्यार्थी जीवन से हमारे मित्र रहे हैं। मेरे बुलाने पर वे केबुल टाऊन स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में आये थे। किशोर जी का निधन मेरी व्यक्तिगत क्षति है। श्री राय ने आगे लिखा कि आचार्य किशोर कुणाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, अध्यात्म आदि क्षेत्रों में यशस्वी संस्थाओं का निर्माण किया। वह एक मिसाल बन गये थे। ईश्वर पुण्यात्मा को सद्गति प्रदान करें। मर्माहत परिवारजनों एवं सुहृद समूह को शोक सहन करने की क्षमता दें। उनकी कृतियों को आगे बढ़ाने का आशीष दें। गौरतलब है कि कौशल किशोर पटना के महावीर मन्दिर न्यास के सचिव भी थे। वह पटना के ज्ञान निकेतन नामक प्रसिद्ध विद्यालय के संस्थापक भी थे।

### सदर एसडीओ को किया जाये पदमुक्त : सांसद

**हजारीबाग।** हजारीबाग के सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता कुमारी की जलने से हुई मौत की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य घटना पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से आग्रह है कि सदर एसडीओ को अपने दायित्व से पद मुक्त किया जाए ताकि बिना किसी दबाव के जांच किया जा सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिले। उन्होंने यह भी कहा की इस संबंध में राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी और जिला प्रशासन से विस्तृत चर्चा हुई है और दोषियों पर कार्रवाई करने एवं पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आग्रह उनसे किया है। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि इस घटना से समस्त हजारीबाग शर्मसार है और इसमें न्याय जरूर होगा।

### झूठी खबरों पर सख्त कार्रवाई करेंगे, स्वास्थ्य मंत्री की दो-टूक चेतावनी

# एक डॉक्टर होने के नाते ईमानदारी से काम कर रहा हूं, सपोर्ट करें : डॉ. इरफान अंसारी

**मंत्री ने विभागीय सचिव से बात कर झूठी खबर की सत्यता की जांच का दिया आदेश**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने एक दैनिक समाचार पत्र द्वारा प्रकाशित भ्रामक और तथ्यहीन समाचार पर कड़ी आपत्ति जताई है। यह खबर, जो सरकारी अस्पताल की स्थिति को गलत तरीके से प्रस्तुत करती है, स्पष्ट रूप से स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से प्रकाशित की गई है। इससे पहले, एक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल ने भी इसी प्रकार की झूठी खबरें प्रसारित की थीं। आज, एक समाचार पत्र ने झूठे आरोप लगाते हुए दावा किया है कि अस्पतालों में बिस्तर 2000 लेकर दिए जा रहे हैं। यह आरोप पूरी तरह से निराधार और तथ्यहीन हैं।

मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने अस्पताल का दौरा कर मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए थे। स्वास्थ्य विभाग में किए गए सुधार झारखंड की जनता के सामने हैं। इसके बावजूद, कुछ तत्व जानबूझकर विभाग की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। आगे मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने विभाग के सचिव को निर्देश दिया है कि पूरे मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया जाए और घटना की सत्यता उजागर की जाये। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ समूह जानबूझकर विभाग के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं।



डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि मेरी ईमानदारी और मेहनत को पचाना कुछ खास लोगो के लिए मुश्किल हो गया है। अगर किसी को समस्या है, तो मुझसे सीधे संपर्क करें और समाधान में मेरी मदद करें, लेकिन झूठी खबरों के जरिए सरकार और विभाग की छवि खराब करना सरासर गलत है। मंत्री ने संबंधित मीडिया समूह को चेतावनी दी कि यदि खबरें झूठी पाई गईं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अगर आरोप सही साबित हुए तो रिम्स प्रबंधन और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने जनता से अपील की है कि वे ऐसी भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या या जानकारी के लिए स्वास्थ्य विभाग से सीधे संपर्क करें।

# नये साल के जश्न में होश न खोयें, ट्रैफिक पुलिस चला रही है ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानीवासी नए साल के जश्न में ट्रैफिक नियम तोड़ने की गलती न करें, नहीं तो लेने के देने भी पड़ जायेंगे। पुलिस की ओर से ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान चलाया जा रहा है। अगर शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गये तो आपके वाहन भी जब्त हो जायेंगे और जुर्माना भी भरना पड़ेगा क्योंकि पकड़े जाने पर वाहन चालकों की गाड़ी जब्त होने के साथ उन पर जुर्माना भी लगेगा। रांची ट्रैफिक पुलिस द्वारा अधिक शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर लगाम कसना शुरू कर दिया गया है। इसी के तहत ट्रैफिक पुलिस की ओर से लगातार ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान चलाया जा रहा है। अब तक रांची के विभिन्न इलाकों में ब्रेथ एनालाइजर से



2300 वाहन चालकों की जांच की गयी, जिसमें 25 वाहन चालक ऐसे निकले, जिन्होंने लिमिट से अधिक शराब पी रखी थी। इन वाहन चालकों की गाड़ी जब्त कर ली गयी है। साथ ही चालकों के वाहनों को कोर्ट भेज दिया गया है।

ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने बताया कि लोग नए साल का जश्न अभी से मनाना शुरू कर चुके हैं। ऐसे में कोई दुर्घटना ना हो, इसके लिए लगातार ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान चलाया जा रहा है। कोई भी चालक अधिक शराब पीकर गाड़ी चलाते पकड़ा गया तो उनके वाहन को जब्त कर लिया जाएगा।

**कानून में कितनी है अल्कोहल की लिमिट :** किसी भी तरह का अल्कोहल पीकर ड्राइवर करना खतरनाक हो सकता है। पुलिस भी ब्रेथलाइजर की मदद से बल्क अल्कोहल कंटेंट (बीएसी) को चेक करती है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, ब्लड में अल्कोहल कंटेंट की लीगल लिमिट प्रति 100 एमएल ब्लड में 0.03 फीसद या 30 एमजी है। अगर किसी व्यक्ति के 100 एमएल ब्लड में बीएसी की मात्रा 30 एमजी से ज्यादा है तो उस पर मोटर व्हीकल एक्ट सेक्शन 185 के तहत जुमार्ना और सजा होगी।

**पहली बार में दस हजार जुर्माना :** ट्रैफिक पुलिस अत्याधिक शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले चालकों के वाहनों को जब्त कर मामले को न्यायालय भेज दे रही है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान तय होता है कि जुर्माना कितना निर्धारित करना है। कोर्ट द्वारा वाहन चालक को पहली बार में दस हजार रुपये जुमार्ना या फिर छह माह की सजा देती है। तीन साल के भीतर अगर दूसरी बार पकड़ाए तो 15 हजार जुर्माना या फिर दो साल की सजा का प्रावधान है। यह न्यायालय तय करती है।

**पिकनिक स्थलों पर बरतें सावधानी :** पुलिस ने पिकनिक स्थलों लोगों से सावधानी बरतने की अपील किया है। इसके तहत धूम्रपान व शराब का सेवन सार्वजनिक स्थानों पर वर्जित है। अभिभावक और पिकनिक ऑर्गनाइजर अपने बच्चों पर विशेष नजर रखें। वाहनों को उचित स्थानों पर पार्क करें और डबल लॉक जरूर लगाएं। अपने सामानों का खुद ध्यान रखें, बिना निगरानी इधर-उधर न छोड़ें। पिकनिक स्पॉटों पर ऊंची आवाज में गाना न बजाएं अन्यथा कार्रवाई की जा सकती है। पिकनिक स्पॉट के गहरे पानी में न जाएं और लाइफ जैकेट जरूर पहनें। अनावश्यक रूप से सुनसान जगहों पर न जाएं।

## एचईसी की अतिक्रमित जमीन पर जिला प्रशासन का चला बुलडोजर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जिला प्रशासन ने रांची के बिरसा चौक से हरमू जाने वाले बायपास रोड पर रविवार को अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। रांची जिला प्रशासन और एचईसी टीए डिवीजन ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। टीम ने बायपास रोड के किनारे 15 फीट तक अतिक्रमित जमीन पर बने दुकानों, गैरेज और बाउंड्री पर बुलडोजर चलाया।

बता दें कि पिछले दिनों सीएम हेमंत सोरेन ने रांची को अतिक्रमण मुक्त बनाने की बात कही थी।

**पहले सड़क किनारे, फिर अवैध कॉलोनियों पर चलेगा अभियान** : मौके पर अरगोड़ा सीओ सुमन सौरभ ने कहा कि आगे भी आदेश के अनुसार अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जायेगा। वहीं एचईसी टीए डिवीजन की टीम ने कहा कि एचईसी के अतिक्रमण वाले क्षेत्र को भी मुक्त करवाया जायेगा। शुरूआत रोड के किनारे से हुई है। बाद में अवैध कॉलोनी में भी अभियान चलेगा।

## पौष मेला में लोगों की उमड़ रही भीड़ सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समां



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के आयोजित दो दिवसीय पौष मेले में रविवार को लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में लगाए गए मेले में हजारों लोगों ने शिरकत की और मेले का लुत्फ उठाया। इस दौरान मेला परिसर बंग परिवेश में ढला नजर आया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत चित्रांकन प्रतियोगिता से हुई। मेले में पारंपरिक परिधानों और अलंकारों का स्टॉल लगाया गया है। इस मेले में पारंपरिक भोजन की स्टॉल सभी को लुभा रहें है। झौ नित्य का कार्यक्रम सभी दर्शकों का मनमोह लिया। इसमें कुल 32 कलाकारों ने पारंपरिक ढंग से अपनी प्रस्तुति दी। वहीं, कोलकाता से आए गिल डांस ग्रुप म्यूजिक के साथ बहुत ही खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें 14 कलाकारों ने भाग लिया। यह जानकारी डॉ पंपा सेन विश्वास ने दी।

## राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव में छुट्टी के दिन जमकर हुई खरीदारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के दसवें दिन रविवार को भ्रमण करने आये लोगों ने जम कर खरीदारी की। लगभग 21000 टिकट बिके एवं लगभग 24000 लोगों ने महोत्सव का भ्रमण किया। महोत्सव में पूर्व निर्धारित सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रहे, परंतु महोत्सव घूमने के लिए आगंतुकों में उत्साह की कोई कमी नहीं रही। हस्तकरघा रेशम एवं



हस्तशिल्प निदेशालय के स्टाल में भागलपुर, असम, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश के हैंडलूम के कपड़े एवं ब्लॉक प्रिंटिंग की साड़ी, सूट, दुपप्ता, फैब्रिक इत्यादि के स्टाल में महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। झारखंड माटी कला बोर्ड के स्टाल में मिप्ती के आकर्षण बर्तन, टेराकोटा ज्वैलरी, टेराकोटा हैंगिंग बेल इत्यादि की बिक्री भी खूब हो रही है। महोत्सव में बुजुर्गों के लिए मेला घूमने के लिए निशुल्क ई रिक्शा की व्यवस्था की गई है। महोत्सव परिसर में चलंत एटीएम की भी व्यवस्थ है। अब तक खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पादों के साथ-साथ अन्य सामग्रियों की बिक्री लगभग सवा दो करोड़ की हुई है।

## किशोरगंज देवी मंडप में एक जनवरी को महाआरती का होगा 12वां महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** किशोरगंज स्थित देवी मंडप भक्त परिवार की ओर से एक जनवरी को महाआरती का 12वां महोत्सव का आयोजन होना है। इस दिन माता का भव्य श्रृंगार, पूजन, सत्यनारायण पूजन कथा, 351 महिला भक्तों द्वारा माता का महाआरती होगा। विशाल भांडरा और सुहाग पिटारा का भी वितरण होगा। यहां के सभी पूजन कार्य देवी मंडप भक्त परिवार के व्यवस्थापक लाल आशुतोष नाथ द्वारा सम्पन होंगे।

इस आयोजन को लेकर देवी मंडप भक्त परिवार जोर-शोर में तैयारी में जुट गयी है।


### क्या है कार्यक्रम

मंगलवार की शाम सात बजे भोले की फौज के टीमों द्वारा माता का भजन किया जायेगा। बुधवार की सुबह सुबह 8.30 बजे से सत्यनारायण भगवान का पूजन, कथा, आरती और प्रसाद वितरण होगा। दिन के 12.30 से 2.30 तक खिचड़ी भोग वितरण होगा। शाम 5 बजे से माता का भव्य श्रृंगार होगा। शाम 7 बजे से 351 महिला भक्तों द्वारा माता का महाआरती होगा और शाम 7.45 से विशाल भांडरा का आयोजन किया जायेगा। दो जनवरी की शाम 7 से 9 बजे तक सुहाग पोटली का वितरण किया जायेगा।

## मयंक कश्यप की नवीन कृति 'ओडिसी ऑफ डेज' का किया गया विमोचन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** उपन्यासकार मयंक कश्यप की नवीनतम पुस्तक 'ओडिसी ऑफ डेज' का विमोचन होटल बीएनआर चाणक्या रविवार को हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, और पद्मश्री अशोक भगत एवं सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। अवसर विशेष पर अर्पिता महिला मंडल को अध्यक्षा प्रीति सिंह एव लेखक के परिवारजन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में साहित्य जगत के अलावा की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया।




'ओडिसी ऑफ डेज' एक मार्मिक कथा है, जो भाई-बहन के संबंधों, नशे के विनाशकारी प्रभाव, और आत्मा की अटूट शक्ति की गहराई से पड़ताल करती है। यह उपन्यास ऋषि और नितिका नामक दो अनाथ भाई-बहनों की कहानी है, जो जीवन की कठिनाइयों और मानवीय जज्बे के बीच संघर्ष करते हुए अपने रिश्ते को पुनः स्थापित करने का प्रयास करते हैं।

कार्यक्रम की शुरूआत आलोक गुप्ता, विभागाध्यक्ष (सीसी एंड पीआर), सीसीएल के स्वागत भाषण और लेखक की परिचय प्रस्तुति से हुई। उपन्यास पर डॉ. मृगाक्षी आलोक ने गंभीर साहित्यिक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए इसके कथानक और शिल्प पर प्रकाश डाला।

सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह ने मयंक कश्यप के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की साहित्यिक कृतियां समाज पर गहरा प्रभाव छोड़ती हैं और सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा देती हैं।

पद्मश्री अशोक भगत ने अपने संबोधन में 'ओडिसी ऑफ डेज' की गहरी अंतर्दृष्टि और भाई-बहन के बंधन की अनूठी यात्रा को उजागर करने के लिए मयंक कश्यप की सराहना की। उन्होंने कहा कि साहित्य न केवल सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देता है, बल्कि आलोचनात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करता है। यह पुस्तक समाज के सामने एक आईना पेश करती है और कथा कहने की शक्ति को नए आयाम प्रदान करती है।। उनकी प्रेरक बातें श्रोताओं के दिलों में गूंजती रहीं और साहित्य की शक्ति को उजागर करती रहीं।

हरिवंश ने अपने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है। 'ओडिसी ऑफ डेज' जैसे उपन्यास न केवल हमारे समय की सच्चाइयों को उजागर करते हैं, बल्कि हमें आत्ममंथन और समाज को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित भी करते हैं। उन्होंने लेखक की प्रशंसा करते हुए इसे एक प्रेरणादायक साहित्यिक उपलब्धि बताया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने समाज में फैल रहे नशे को विशेष रूप से रेखांकित किया साथ ही साथ नशा मुक्ति के लिए परिवार और समाज की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. आर.के. रॉय ने धन्यवाद ज्ञापन दिया

ज्ञात हो कि मयंक कश्यप सीसीएल के सीसी एंड पीआर विभाग में उप प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं एवं इससे पूर्व उन्होंने दो और किताबें प्रकाशित किया है। पहली किताब फ्रैगमेंट्स ऑफ माय इमैजिनेशन, जो एक बेस्टसेलर कविता संग्रह, जिसने पाठकों के दिलों को छूआ है। वहीं दूसरी किताब द हार्ट दैट वाज योर्स, एक दिल को छू लेने वाला था।

## वर्ष के अंतिम रविवार को एक्वा वर्ल्ड के कार्निवल में उमड़ी भीड़

### जेसीबी से ऊपर जाकर ऊंची वाली सेल्फी का रहा जबरदस्त क्रेज



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड के कार्निवल मे वर्ष के अंतिम रविवार को लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। जेसीबी से ऊंची वाली सेल्फी का जबरदस्त क्रेज रहा। लोगों को जेसीबी के बकेट में बैठ कर हवा से 25 फीट ऊपर ले जाकर सेल्फी खींचना था। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए लोगों की लाइन लगी रही। लोगों ने ऊपर जाकर अलग-अलग एंगल से अपनी सेल्फी ली। एक और मुख्य आकर्षण धूम मचा दे, ग्रुप डांस प्रतियोगिता थी। इसके निर्णायकों में दीपांजलि ग्रुप के डायरेक्टर विपुल नायक, बॉलीवुड हिप हॉप फेम के निर्मल, प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना नीतू फ्रीस्टाइल और सालसा फेम के प्रवीण उपस्थित थे। विभिन्न ग्रुपों ने साकी साकी, मैं नहीं तो कौन रे, बम बम भोले, चांद ढलता नहीं आदि गीतों पर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। आज सबसे पहले शुरूआत बेस्ट ड्राइंग प्रतियोगिता से हुई। इसके बाद बड़ी दंगल टाइम हुआ। फिर वह स्त्री है, बेस्ट साड़ी कंपटीशन का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने स्टेज पर रैंप वॉक करके अपनी साड़ी की नुमाइश की। सबसे ज्यादा भीड़ चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन में हुआ। फैंसी ड्रेस का भी आयोजन था। इसमें बड़ी संख्या में बच्चे अलग-अलग वेशभूषा पहन कर आये थे। मौके पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, डिप्टी चेयरपर्सन डॉ विद्या झा शाहदेव, लोकेश चौधरी, अभिषेक गिरी, राहुल शाहदेव, आनंद, सौरव, प्रदुम्न, आकाश, आयुष, खुशबू, शगुन, सौम्या, पीयूष, आदित्य, शिवेश, प्रशांत, नितिन, अपराजिता कोमल, तान्या, सान्या एवं अन्य उपस्थित थे।

## बिल्ली की मौत पर एफआईआर दर्ज, पोस्टमार्टम की मांग

**रांची।** राजधानी रांची में एक अजीबो गरीब घटना सामने आई है। यह घटना चौंकाने वाला भी है।



प्रतिकात्मक तस्वीर

तीन बिल्ली की मौत पर राजधानी रांची के लोअर बाजार थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया है। इसमें कहा गया है कि बिल्ली सहित उसके बच्चों को जहर देकर मारा गया है। यह एफआइआर बहुबाजार निवासी सत्यनारायण शर्मा की बेटी कीर्ति शर्मा और नम्रता शर्मा ने दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि बिल्ली और उसके बच्चों के साथ पारिवारिक रिश्ता जैसा था। रात में किसी ने उनकी चाहरदीवारी पर खाने के साथ जहर मिलाकर रख दिया। जिससे खाकर बिल्लियों की मौत हो गई। पशु चिकित्सक के पास ले जाने पर बताया कि इन्हें जहर दिया गया है। वहीं एफआईआर में यह भी कहा गया है कि बिल्ली और उसका एक बच्चा गायब भी है। बिल्लियों के पोस्टमार्टम कराने की भी मांग की गई है।

## समाज को दिशा देती है पत्रकारिता : बैजनाथ मिश्र

**रांची प्रेस क्लब और आरबीएस वैदिक ट्रस्ट कर रहा है झारखंड जर्नलिज्म अवार्ड्स का आयोजन, राज्य भर के पत्रकारों से आवेदन आमंत्रित**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जिस तरह दधिचि ने अपनी हड्डी का दान कर अपने राज की रक्षा की थी, उसी तरह पत्रकार अपना सर्वस्व देकर समाज को दिशा दिखाने का काम करते हैं। ऐसे पत्रकारों का सम्मान समाज का सम्मान होगा। यह कहना था वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व सूचना आयुक्त बैजनाथ मिश्र का। आज रांची प्रेस क्लब में झारखंड जर्नलिज्म अवार्ड्स 2024 की घोषणा करते हुए उन्होंने उक्त बातें कही।



**सात सदस्यीय जूरी करेगी निर्णय :** नित्यानंद शुक्ला ने बताया कि सात सदस्यीय जूरी गठित की गई है। जूरी में वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार सोनाली दास, आरयू वीसी प्रो अजीत कुमार सिन्हा, रिटायर्ड आईएएस रणेंद्र कुमार, रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, महासचिव अमरकांत और ट्रस्ट के अध्यक्ष नित्यानंद शुक्ला शामिल हैं।

**तीन कैटेगरी में दिया जाएगा पत्रकार सम्मान :** रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने बताया कि कुल तीन कैटेगरी- लाईफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड (31000 रुपये, शॉल व मोमेंटो), बेस्ट रिपोर्टर अवार्ड (21000 रुपये, शॉल व मोमेंटो) और बेस्ट फोटोग्राफी अवार्ड (21000 रुपये, शॉल और मोमेंटो) दिया जायेगा। जूरी मेंबर रिटायर्ड आईएएस रणेंद्र कुमार ने कहा कि पूरी पारदर्शिता से चयन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि झारखंड बनने के बाद पहली बार रांची प्रेस क्लब और आरबीएस वैदिक ट्रस्ट के तत्वावधान में झारखंड जर्नलिज्म अवार्ड्स देने का निर्णय लिया गया है, जो सराहनीय है।

### 15 जनवरी तक कर सकते हैं नॉमिनेशन

प्रेस क्लब के सचिव अमरकांत ने बताया कि झारखंड जर्नलिज्म अवार्ड्स के लिए आज से 15 जनवरी तक रांची प्रेस क्लब में नॉमिनेशन किया जा सकता है। तीनों अलग-अलग कैटेगरी के लिए अलग-अलग आवेदन जमा करने होंगे। आवेदन का प्रारुप रांची प्रेस क्लब के वेबसाइट से डाऊनलोड कर सकते हैं या रांची प्रेस क्लब से हासिल किया जा सकता है। विधिवत भरा आवेदन आवश्यक डॉक्यूमेंट्स के साथ रांची प्रेस क्लब में 15 जनवरी 2025 तक जमा किया जा सकता है।

## लड़ाई लड़ने से पहले सीखना और तैयारी करना जरूरी : महेश्वर साहु

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की ओर से रविवार को सुकुरहुट्टू स्थित कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु के आवासीय परिसर में केंद्रीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 18 जनवरी को पतरातू डैम में केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर सह परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में तीन सौ प्रतिनिधियों के अलावा पूरे प्रदेश से 50 प्रमुख बुद्धिजीवी एवं वैश्य नेताओं को आमंत्रित किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जल्द ही तैयारी समिति गठित किया जायेगा।

मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि किसी भी तरह की लड़ाई लड़ने से पहले सीखना और तैयारी करना जरूरी है। वैश्य मोर्चा राज्य की 40% आबादी की अगुवाई करती है और समाज को वैश्य मोर्चा से काफी उम्मीदें हैं। हमें समाज की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए काम करना होगा। इसलिए प्रशिक्षण जरूरी है। बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर हजारीबाग में अनीता कुमारी को जलाकर मार देने की घटना की कड़ी निंदा की गयी। तय किया गया कि 31 दिसंबर को वैश्य मोर्चा का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल हजारीबाग जाकर स्व. अनीता कुमारी के परिवार वालों से मिलेगा। बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह एवं अनीता कुमारी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक में हीरानाथ साहु, रामसेवक प्रसाद, सुरेश साहु, अश्विनी कुमार साहु, सहदेव चौधरी, अशोक गुप्ता, उपेन्द्र प्रसाद, दिलीप कुमार, कपिल प्रसाद साहु, शिव प्रसाद साहु, संगठन महासचिव कृष्णा साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डु साहा, राजेन्द्र साहु, संगठन सचिव चतुर साहु, केंद्रीय सदस्य डॉ. अरविंद कुमार, नरेश साहु, हृदय प्रसाद साहु, रोहित कुमार साहु (रांची), बसंत प्रसाद साहु (रामगढ़), रेणू देवी, दीपारानी कुंज, पूनम जायसवाल, हलधर साहु, सचिव आदित्य पोद्दार, राजन चौधरी, विनोद कुमार आदि थे।

# पहाड़ी मंदिर का मना वार्षिकोत्सव

## हर हर महादेव के नारों से गूंज उठा मंदिर परिसर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पहाड़ी बाबा का 28वां वार्षिक उत्सव रविवार को मनाया गया। इस मौके पर हर हर महादेव के नारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। इस मौके पर बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। साथ ही बाबा की शान में 56 भोग अर्पित किया गया। वहीं, मंदिर परिसर में विशेष पूजा आयोजित की गई। सुबह में आयोजित वार्षिक अनुष्ठान के दौरान भक्तों की भीड़ उमड़ी पड़ी। सुबह 7 बजे हनुमान जी की ध्वज पूजा के साथ उत्सव शुरू हुआ। 9.30 बजे से आचार्य श्याम भारद्वाज अपने 11 विद्वान पंडितों के साथ महारुद्राभिषेक किया। मुख्य यजमान मंडल के संयोजक प्रेमशंकर चौधरी व अनुपमा चौधरी थी। दिन के दो बजे बाबा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाया गया। इसके बाद बाबा विश्वनाथ मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन किया गया। शिव मंडल के सदस्यों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। शाम छह बजे महाआरती के साथ उत्सव का समापन हुआ।

भोले बाबा का हुआ भव्य श्रृंगार



# डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में दिवंगत डॉ मनमोहन सिंह की शोक सभा आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह न सिर्फ एक विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ही थे, बल्कि आज देश में बह रही आर्थिक सुधारों के जनक भी थे। पहले बतौर वित्त मंत्री और फिर प्रधानमंत्री,उन्होंने देश में गिरती हुई अर्थव्यवस्था को ही नहीं संभाला,बल्कि कई अन्य क्षेत्रों में अभूतपूर्व सुधार कर नई योजनाएं प्रारंभ की। देश में बढते राजस्व घाटे को उन्होंने रोक कर उसमें नई जान फूंकी।



इस अवसर पर झारखंड सिख फेडरेशन की ओर से विशेष दीवान सजाया गया था। धन्यवाद ज्ञापन अल्पसंख्यक आयोग,झारखंड सरकार के उपाध्यक्ष एवं फेडरेशन के महासचिव ज्योति सिंह मथारु ने किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय मनमोहन सिंह ने सूचना, शिक्षा, भोजन का अधिकार, मनरेगा तथा आधार कार्ड जैसे पांच क्रांतिकारी कार्यक्रम प्रारंभ किए। सभा को गगनदीप सेठी, परमजीत सिंह टिंकू ने भी संबोधित किया। मंच संचालन प्रोफेसर हरविंदर वीर सिंह ने किया। आज की बैठक में फेडरेशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह धूरा, अध्यक्ष, गुरुद्वारा गुरमीत सिंह, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, चेयरमैन, युवा आयोग अध्यक्ष कुमार गौरव उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग शमशेर आलम,सतीश पॉल मुंजनी,कमल ठाकुर, विनय सिन्हा दीपू,अरुण चावला हरजीत सिंह स्विंकी, प्रीतपाल सिंह, त्रिलोचन अकाली, कुलवंत सिंह, राजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं अन्य उपस्थित थे।

## बीबीआइएफ और जेएसकेके ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**रांची।** भीम बिरसा इमेंस फाउंडेशन और जनहित संस्कृति कला केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में नगड़ी प्रखंड कार्यालय अंतर्गत गरीब, असहाय और वृद्धजनों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान करीब 250 कंबलों का वितरण दोनों संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से किया गया। कला केन्द्र के निदेशक चंदन मिश्रा ने बताया कि भीम बिरसा इमेंस फाउंडेशन और जनहित संस्कृति कला केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में कड़ाके की ठंड को देखते हुए कम्बल वितरण का कार्य संपन्न किया जा रहा है। उनका उद्देश्य समाज के अन्तिम पायदान एवं असहाय लोगों की सेवा के अनवरत कई साल से की जा रही है। वहीं, भीम बिरसा इमेंस फाउंडेशन की सरिता पांडेय ने कहा कि मानव सेवा के विचारों से अभिप्रेत होकर लगातार हम उनके उत्थान की दिशा में काम करते रहे हैं।

# 100 बुजुर्ग महिलाओं एव पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बिजय जालान की पुण्य स्मृति में आयोजित 182 वाँ निःशुल्क भंडारे में रविवार को 1100 श्रद्धालुओ ने प्रसाद प्राप्त किया एवं 100 बुजुर्ग महिलाओ एव पुरुषों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी,निर्मल छावनिका, विशाल जालान,बिष्णु सोनी, सुरेश भगत,मनीष जालान, शिव भगवान अग्रवाल, एच.एन.मौर्या,ओम प्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार, चन्द्रदिप साहु, महेश, हरीश कुमार, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




# ब्रदर्स ऐकेडमी की प्रवेश परीक्षा जी सैट संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ब्रदर्स ऐकेडमी की प्रवेश परीक्षा जी सैट रविवार को संपन्न हुई। यह परीक्षा ऑफलाइन मोड में आयोजित की गई थी। जिसमें विभिन्न सत्रों में कुल मिलाकर 1167 से ऊपर की संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। नए सत्र के लिए 25 मार्च-2025 से बैच शुरू होंगे। जो छात्र प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हुए हैं, वे ब्रदर्स एकेडमी की अगली ग्रैंड-स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट 05-जनवरी में भाग ले सकते है। ऑफलाइन मोड में नए सत्र के लिए आयोजित की जाएगी। जी-सैट के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन वेबसाइट लिंक पर उपलब्ध है। इसके अलावा, रांची के लालपुर और डोरंडा परिसर से भी आवेदन पत्र प्राप्त और जमा किए जा सकते हैं। जी-सैट का महत्व इस बात में है कि यही ब्रदर्स एकेडमी में आईआईटी-जी कोचिंग में प्रवेश का एकमात्र माध्यम है। जी-सैट के सभी प्रतिभागियों को पाठ्यक्रम शुल्क पर न्यूनतम 40% स्कॉलरशिप दी जाएगी, और प्रत्येक कोर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को 100% स्कॉलरशिप मिलेगी।

कक्षा 7, 8 और 9 में पढ़ने वाले छात्र, ओलंपियाड और बेसिक्स फाउंडेशन को ध्यान में रखते हुए ₹1 वर्ष / 3 वर्ष/4 वर्ष/5 वर्ष के प्री-फाउंडेशन कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। वर्तमान में कक्षा 10 में पढ़ने वाले और कक्षा 11 में जाने वाले छात्र आईआईटी के लिए 2 वर्षीय कोर्स में नामांकन ले सकते हैं, जिसमें उन्हें कक्षा 11 और 12 का सिलेबस भी पढ़ाया जाएगा।



# जगरनाथपुर बस्ती धुर्वा में विधिक जागरूकता शिविर



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झालसा के निर्देश पर 90 दिवसीय जागरुकता और आउट रिच कैंपेन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में जगरनाथपुर बस्ती धुर्वा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। इस कार्यकर्म मे शिवानी सिंह, पिंकू कुमारी, संगीता देवी, सूरज मुंडा और अरविंद कुमार पीएलबी डीएलएसए रांची उपस्थित थे।

# पुंदाग में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने बांटे कंबल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने रविवार को कंबल का वितरण किया। पुंदाग मे असहाय निर्धन एवं जरूरतमंदों के बीच 140 कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद कुमार जैन ने कहा की सर्दी के मौसम मे गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण करने से बढ़कर दूसरा कोई पुण्य कार्य नहीं है। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं इसकी जितनी सेवा करें कम है। इनकी सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। इस मौके पर जिला मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष पवन पोद्दार, विनोद जैन, सुरेश अग्रवाल,अनिल कुमार अग्रवाल, मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, विजय अग्रवाल,अनूप अग्रवाल, ललित पोद्दार,अजय डीडवानिया अशोक लाठ, प्रदीप बाजोरिया, सुनील पोद्दार, मीना अग्रवाल के अलावे अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। ये जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।



# सिद्दीकी वेलफेयर सोसाइटी प्रदेश कमेटी का चुनाव संपन्न

## इम्तियाज आलम बने अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सिद्दीकी वेलफेयर सोसाइटी प्रदेश कमेटी का चुनाव रविवार को रांची के संत जेवियर स्कूल के पीछे इसलहिया कम्युनिटी हॉल परसटोली मे शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मतदान सुबह 11 बजे से दोपहर 3 तीन बजे तक चला,उसके बाद शाम 4 बजे बजे से मतगणना शुरू हुआ जिसका परिणाम देर शाम तक आ गया।

जिसमें अध्यक्ष पद के लिए इम्तियाज आलम रामगढ़ से उपाध्यक्ष के लिए इमरान सिद्दीकी चतरा से, सचिव पद के लिए फिरोज अहमद उर्फ गोल्डन गढ़वा से,सह सचिव पद के लिए मो मुस्तकीम डाल्टनगंज से एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए असगर आलम पलामू से निर्वाचित हुए।चुनाव सिद्दीकी वेलफेयर सोसाइटी रांची ज़िला के सदर अफजल आलम और मो नवाब सिद्दीकी के देख रेख में संपन्न हुआ। प्रदेश कमिटी के गठन उपरांत 21 लोगो को एग्जीक्यूटिव बोर्ड के लिए चुना गया साथ ही रांची के सदर अफजल आलम को प्रदेश कमिटी के वरीय उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। इनके साथ मुख्य रूप से इम्तियाज आलम,शमशुल होदा, सनोवर आलम, तोहिद आलम का मुख्य योगदान रहा। वही चुनाव ऑब्जर्वर टीम में इम्तियाज आलम धनबाद, असीम जफर हजारीबाग,मो जिसान बरही, मक्शुद आलम रांची, हाजी अकरम शामिल थे।




# डीएवी स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल में आरोहण-2024 का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डीएवी स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल हरमू रांची में शनिवार को वार्षिक उत्सव आरोहण 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री अजीत सिंह (न्यायाधीश) विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ घनश्याम कुमार सिंह, रजिस्टर झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय रांची, शाश्वत अतिथि डॉक्टर चंद्रकांत शुक्ला पूर्व कुलपति एवं संस्था के संस्थापक डॉक्टर श्री प्रकाश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर आरोहण 2024 का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ मंजू सिंह ने विद्यालय की उपलब्धियां एवं सचिव डॉ गंगेश गुंजन झा ने संस्था की यात्रा और भावी योजना की जानकारी दी। वहीं संस्था के निदेशक डॉक्टर सिद्धार्थ प्रकाश ने अपने अभिव्यक्त के दौरान 2025 में संस्था को रजत जयंती वर्ष मनाने की योजना की घोषणा की। आरोहण 2024 के तहत विद्यालय के छात्राओं ने अभूतपूर्व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसे देखकर हजारों दर्शकों ने अभीभूत होकर अपने उल्लास को व्यक्त किया। इस अवसर पर ऐसा प्रतीत हो रहा था। जैसे शिक्षाविदों का सम्मेलन हो विद्वानों में डॉक्टर शैलेश मिश्रा, डॉक्टर धनंजय बसु देवन द्विवेदी, डॉ मधुलिका वर्मा, डॉक्टर रिजवान, डॉ राजेश कुजूर डॉ सरवन सिंह, डॉक्टर पी आर लाहा, वार्ड पार्षद अरुण झा, विनोद सिंह, एलेन, अल्पाइन, चैंप स्क्वायर आदि इंस्टीट्यूट के निदेशक उपस्थित थे। सभी ने विद्यालय में हुए कार्यक्रम की सराहना की।



# राज्य के कई इलाकों में आज बारिश संभव, बढ़ेगी टंड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत झारखंड के के दक्षिणी जिलों में सोमवार को बारिश की संभावना है। रविवार को भी राज्य के कई इलाकों से हल्की-फुल्की बारिश की खबर है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव हो रहा है। बारिश रुकने और बादल छंटने के बाद हवा का रुख झारखंड की ओर होने से ठंड बढ़ेगी। बादल छाये रहने से रांची समेत अधिकांश शहरों का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री ऊपर तक आ गया है। रविवार और शनिवार को भी कई जिलों में बादल छाए रहे। बूंदाबांदी की भी कई इलाकों से खबर है। जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर है।

**घने कुहासे का येलो अलर्ट :** मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को सुबह के दौरान 15 जिलों में घने कुहासे का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। कुहासे का असर पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, गुमला, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और संताल के दुमका, देवघर, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, जामताड़ा जिलों में दिखेगा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में रविवार को घने बादल रहे। अगले दो दिनों के दौरान राज्य में पलामू और संताल के जिलों के साथ उत्तर के कुछ जिलों में कुहासा छाने का अलर्ट जारी किया गया है।



स्पीड न्यूज

## राहे: हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात



**राहे।** प्रखंड क्षेत्र के कापीडीह मिडिल स्कूल के सामने खेत में लगे आलू और धान के फसल को रौंद दिया है। किसान कैलाश गोंझू के एक एकड़ में लगे आलू ओर रामकृष्ण महतो के खेत में रखे धान चाकी को हाथियों के झुंड ने मन भर खाया और नष्ट किया है। हाथियों के झुंड ने कापीडीह मिडिल स्कूल के मध्याह्न भोजन के कमरे का दरवाजे को क्षतिग्रस्त किया है। 40 हाथियों का झुंड क्षेत्र में प्रवेश कर जाने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है । हाथियों का झुंड शनिवार की रात उत्पाद मचाने के बाद कापीडीह- डुगली के सामने के जंगल में जमे हुए हैं।ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को भागने का मांग किया है।

## उमरा हज करके अपने वतन को लौटे हाजी

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली अजहरी उमरा ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा चार सदस्यों का जत्था हज उमरा करने सऊदी अरब के मक्का शहर गये जहां पर सभी हाजियों ने काबा शरीफ की तोवाफ की सफा मरवा का दौड़ लगाया और उमरा मुकम्मल की। उसके बाद सभी हाजियों ने मक्का शहर के अराफात मैदान की जियारत की तदोपरांत सभी हाजी मक्का से मदीना के जियारत के लिए निकले और मदीना शरीफ में अल नबवी में नमाज अदा की जन्नतुल बकि जंग गए बदर की जियारत की। मक्का और मदीना शरीफ में सभी हाजियों ने अपने वतन एवं अपने गांव की अमन चैन,शांति एवं खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। सभी हाजियों के चेहरे में खुशियां साफ झलक रही थी। मदीना शरीफ से अपने वतन को लौटे सभी हाजी जद्दा एयरपोर्ट से इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट दिल्ली पहुंचे जहां से झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन से सभी हाजी मुरी रेलवे स्टेशन पहुंचे। उनके मुरी स्टेशन पहुंचते ही सभी हाजी गुलाम सरवर, फातिमा बीबी, मकसूद आलम, वहीदा बेगम को मुरी स्टेशन पर फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

### रातू: झिरी के रिंग रोड में ट्रेलर ने ट्रैक्टर को मारा धक्का

# ट्रैक्टर चालक घटनास्थल पर ही मौत

- गुमला का था संजय भगत
- टेलर चालक पर प्राथमिकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** झिरी रिंग रोड स्थित सुंडिल ब्रिज के समीप रविवार की सुबह 8 बजे ट्रेलर बीआर 10 जीबी 9681 के धक्के से ट्रैक्टर चालक 28 वर्षीय संजय भगत सड़क पर गिर गया और चक्का में दबने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। वह 7 बजे ट्रैक्टर लेकर घर से निकला था। मृतक गुमला जिले के सिसई करकरी निवासी स्व सिधेश्वर भगत का पुत्र था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया है। सोमवार को पैतृक गांव के श्मशान में उसकी अंत्येष्ठि की जायेगी। पत्नी शिला उरांव के ब्यान पर रातू थाने में ट्रेलर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### चार भाइयों में बड़ा था मृतक



मृतक की फाइल फोटो।

मृतक चार भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा दो पुत्र मंगलेश्वर और सोनू, मां मुन्नी उरांव, भाई सागर भगत, सतीश भगत, पिंटू भगत, बहन परदेशिया व प्रीति उरांव हैं। परदेशिया की शादी हो चुकी है। संजय, पत्नी के साथ तिलता में किराये के मकान में रहकर ट्रैक्टर चलाता था। बच्चे गुमला में रह कर पढ़ाई करते थे। शिला बार-बार बेहोश हो रही थी। मुन्नी उरांव का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद करकरी में मातमी सन्नाटा है।

## अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**खलारी।** डकरा जीएम ऑफिस के पीछे माइनस कॉलोनी में रहने वाले सोहराई साव (55) ने अपने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक कोई रोजगार नहीं करता था और उसकी पत्नी विधुत्मा देवी सीसीएल के डकरा वर्कशॉप में कार्यरत है। दोनों को तीन लड़की है एक की शादी हो गई है और दो रांची में रहकर पढ़ाई करती है। जिस समय सोहराई फांसी लगाया उस समय घर पर वह अकेले था। पत्नी जब ड्यूटी से वापस आई तब सबसे पहले वे ही पति को फंदे पर लटका देखी। इसके बाद पड़ोसियों को बुलाया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस शव को कब्जे में कर डकरा अस्पताल में रखवा दिया है। सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए रांची भेजा जाएगा। पत्नी कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है और पड़ोसियों ने बताया कि पति-पत्नी का संबंध बहुत अच्छा था कभी भी दोनों का कोई विवाद के बारे में पता नहीं है।

### पिर्रा में केंद्रीय सरना समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

## धर्म कोड की मांग पर दिल्ली में होगा प्रदर्शन

- सिरासीता जाने पर हुयी चर्चा
- कोष इकट्ठा करने पर सहमति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** केंद्रीय सरना समिति की बैठक पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव के आवासीय परिसर में हुयी। चारे भगत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन अनिल भगत ने किया। इसमें केंद्र की एनडीए सरकार के समक्ष सरना धर्म कोड मुद्दे को मजबूती के साथ रखने, सिरासीता नाले का दर्शन और इसके लिये कोष इकट्ठा किये जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान वक्ताओं ने सरकार से सरना धर्म कोड लेकर ही दम लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सिर्फ वोट के उद्देश्य से चुनाव घोषणा पत्र में कोड देने का प्रलोभन देती है। लेकिन, इसे धरातल पर उतारने में उसकी नियत ठीक न होने का आरोप लगाया। दिल्ली के जंतर मंतर में धरना-प्रदर्शन करने पर जोर देते हुये वक्ताओं ने कहा कि कार्यक्रम में देशभर के लोगों का जुटान होगा।

### बैठक में लिया हिस्सा

अमर उरांव, नारायण उरांव, संगीता कच्छप, लाली, नमिता उरांव, रायमुनी किस्पोट्टा, रजनी उरांव, संध्या उरांव, सुलोचना खलखो, दु:खन उरांव, लक्ष्मण तिर्की, राजकुमार भगत, सुनील कच्छप, नन्हे, बुधवा उरांव, राजू मुंडा, चामू बेक, करण भगत, अजय पाहन, सुखदेव उरांव, शनि उरांव, सोमनाथ उरांव, सुनील कच्छप, राजू उरांव, आर्यन टोप्पो, चिंता मुंडा, भीम तिर्की, प्रभु कुजूर, धर्मेश भगत, बंधन टोप्पो, प्यारी, सावित्री, सुमन, राहुल, संदीप, सुकरा व अजीत आदि।

# सिकिदिरी में ऑटो पलटने से एक ही परिवार के आठ लोग घायल, चार को भेजा रिम्स

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी हुंडरू फॉल मार्ग में डॉक्टर मोड़ आने जाने वाले वाहनों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। रविवार को रांची से पर्यटकों को लेकर हुंडरू फॉल जा रहा एक ऑटो डॉक्टर मोड़ में असंतुलित होकर पलट गया। घटना रविवार के दोपहर करीब तीन बजे की है। इस घटना में कुल आठ लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को रिम्स भेज दिया गया है। जिसमें कठर मोड़ रांची निवासी शंकर कुमार, उनकी पत्नी मनीषा देवी,पुत्र निशांत कुमार और महिला अनिता देवी शामिल है। शेष अन्य चार घायलों का ईलाज स्थानीय चिकित्सकों से कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा ने घटना स्थल पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को एम्बुलेंस से रिम्स भेजा।

### प्रशासन व जनसेवी संस्थान ने सड़क पर बनवाया ब्रेकर

सिकिदिरी थाना की पुलिस और जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी के सहयोग तीखे मोड़ से पहले ब्रेकर का निर्माण करवाया है। सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि आए दिन डॉक्टर मोड़ में घटनाएं हो रही है। नव वर्ष में वाहनों के भीड़ को देखते हुए ब्रेकर बनाया गया है ताकि कोई अप्रिय घटना से बचा जा सके। इधर जनकल्याण समर्पण संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार सोनी ने बताया कि प्रशासन के सहयोग से मोड़ से पूर्व चेतावनी बोर्ड लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक जनवरी को संस्थान के 50 वोलेंटियर फॉल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था और वाहन पार्किंग में प्रशासन का सहयोग करेगी।

### जानलेवा साबित हो रहा डॉक्टर मोड़

डॉक्टर मोड़ में इसी महीने में फोन घटनाएं हो चुकी है। विगत 21 दिसंबर को कोडरमा से हुंडरू फॉल जा रही एक स्कूली बस पलटने से दो दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए थे। इससे पूर्व वर्ष 2023 में भी इस मोड़ पर कोडरमा के ही एक स्कूल बस पलटने से तीन दर्जन बच्चे घायल हो गए थे।

## रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव व डीआरएम का पुतला दहन





रेलमंत्री व डीआरएम का पुतला दहन करते प्रदर्शनकारी और ग्रामीणों को समझाते बंधु तिर्की।

**इटकी।** इटकी रेलवे स्टेशन स्थित समपार फाटक पर ओवर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर रविवार को स्थानीय ग्रामीणों ने समपार फाटक के समीप धरना प्रदर्शन किया और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव व डीआरएम का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने रेलमंत्री व डीआरएम के खिलाफ नारे लिखे तख्ती के साथ जम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शकारी ओवर ब्रिज बनाने की मांग कर रहे थे। इस दौरान पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की प्रदर्शन स्थल पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों से बात की और समझा बुझा कर धरना को समाप्त कराया। उन्होंने सोमवार को ग्यारह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ डीआरएम रांची से वार्ता किये जाने की बात कही। प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की व सांसद सुखदेव भगत के अगुवाई में सोमवार को 11 बजे डीआरएम से वार्ता के लिए प्रतिनिधिमंडल मिलेगी।

# ठेका मजदूरों का वर्ष 2021 से सीएमपीएफ भुगतान लंबित, मजदूरों ने ठानी प्रबंधन से आरपार की लड़ाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** उत्तरीकर्णपुरा क्षेत्र के महाप्रबंधक के द्वारा ठेका मजदूरों का वर्ष 2021 से सीएमपीएफ भुगतान लंबित रखने, अथवा निष्पादन के नाम पर मजदूरों को बरगलाने के विरोध में ठेका मजदूरों ने एक बैठक डकरा स्टेडियम में किया गया। बैठक की अध्यक्षता कृष्णा शर्मा ने किया। बैठक में ठेका मजदूरों ने चर्चा करते हुए प्रबंधन को चेताते हुए बताया कि वर्ष 2021 से लगातार एनके प्रबंधन से सकारात्मक वार्ता के बाद भी सीएमपीएफ भुगतान के लिए प्रयासरत हैं। एन के प्रबंधन परियोजना प्रबंधन के उदासीन रवैया के कारण 3 वर्षों के अंतराल में एक भी कंपनी का एक भी वर्कर का भुगतान नही किया गया। प्रबंधन मजदूरों का धैर्य का बांध अंतिम चरण पर है, एन के प्रबंधन भुगतान में विलंब करेंगे तो ठेका मजदूर आंदोलन का रुख अपनने के लिए तैयार हैं। जिसका रूपरेखा तैयार कर लिया गया है। प्रबंधन बात नही मानी तो जीएम ऑफिस पर घेराव, रोहिणी पो ओ ऑफिस,पूर्णाडिह पीओ ऑफिस पर चरमबद्ध घेराव करने के लिए बाध्य होंगे। परियोजनाओ व जीएम कार्यालय का घेराव व हड़ताल कार्यक्रम 6 जनवरी 2025 को निर्धारित किया जाएगा। मौके पर बीरबल सिंह, रविंद्र उरांव, सलीम अंसारी, अनिल टोप्पो, चंदन कुमार, राजेंद्र राम, संतोष सिंह, जितेंद्र चौहान, बिरजू चौहान, दीपक करमाली, विजय कुमार, मुकेश गंझ ू,रामू यादव, अमानत अंसारी,गुरबीर सिंह, रियाजुद्दीन, वीरेंद्र सिंह, कैलाश यादव, भानु प्रताप यादव, संजय प्रसाद सिंह, अजय चौहान, शाहिद अंसारी सहित अन्य मजदूर उपस्थित थे।

# देश के श्रमिक आंदोलन में हिंद मजदूर सभा की अग्रणी भूमिका रही है : मुक्तिनाथ गिरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



खलारी। देश के श्रमिक आंदोलन में हिंद मजदूर सभा का अग्रिणी भूमिका रहा है। यह संगठन प्रबंधन और ट्रेड यूनियन को पक्ष-विपक्ष के रूप में नहीं मानकर उद्योग के विकास के लिए साथ मिलकर काम करने में विश्वास रखती है इसलिए एचएमएस देश के कई औद्योगिक क्षेत्र में नंबर-वन ट्रेड यूनियन है। उक्त बातें वरिष्ठ पत्रकार मुक्तिनाथ गिरी ने कही। वे रविवार को डकरा जनता मजदूर संघ कार्यालय में एचएमएस के 77 वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। वही एचएमएस के झारखंड कोषाध्यक्ष सह अध्यक्ष सीसीएल जनता मजदूर संघ कमलेश कुमार सिंह बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद एक स्वतंत्र, स्वालंबी एवं प्रजातांत्रिक केंद्रीय श्रमिक संगठन की आवश्यकता को महसूस करते हुए बड़े समाजवादी सोंच के नेताओं ने इसका गठन किया। इस संगठन ने हमेशा अपने को सभी राजनीतिक दलों से दूर रखते हुए सिर्फ मजदूरों के कल्याण और उधोग के विकास को प्राथमिकता दी। उन्होनें कहा कि आज का दिन मजदूर और उधोग के सर्वांगीण विकास का शपथ लेने का दिन है। कार्यक्रम को गोल्टेन प्रसाद यादव, बुटन चौहान, गुल्फी देवी ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व कमलेश सिंह ने मुक्तिनाथ गिरी को शॉल ओढ़ाकर और श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के शुरूआत में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को एक मिनट का मौन रख कर भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित किया गया। दीप प्रज्वलित कर स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अध्क्षता गोल्टेन प्रसाद यादव, संचालन डीपी सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन आनंद कुमार पांडेय ने किया। इस अवसर पर अजय चौहान,अमिताभ बच्चन, बूटन चौहान. सुधीर कुमार चौहान,ओम प्रकाश शर्मा,अमिताभ चौहान आदि मौजूद थे।

# शौंडिक युवा मंच ओरमांझी की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### मंच करेगी गरीब व पिछड़ों की मदद



शौंडिक समाज की बैठक में उपस्थित समाज के लोग।

**ओरमांझी।** शौंडिक यूवा मंच की एक बैठक रविवार को पांचा ओरमांझी में हुई। मंच के अध्यक्ष अमित राज साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन का विस्तार व युवाओं को शामिल करने पर चर्चा हुई। साथ ही प्रत्येक गांव के समाज के लोगों की समस्या का समधान व संचालन करने के लिए प्रखंड के पंचायों की कमेटी बनाने निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित संरक्षक उमाशंकर साहू ने विश्वास जताते हुए कहा आने वाले समय में शौंडिक युवा मंच द्वारा समाज के गरीब व पिछड़े लोगों की मिलकर मदद करेंगे। संचालन सचिव राजधाम साहू ने किया। वहीं कोषाध्यक्ष अजय कुमार साहू, उपध्यक्ष दीपक साहू, समिति के सलाहकार अशेस्वरलाल गुप्ता, नवीन कुमार साहू, विनोद कुमार साहू, वीरेंद्र प्रसाद साहू रवि साहू, सुनील साहू, संजय साहू, जागेष्वर प्रसाद साहू अविनाश कुमार, पवन कुमार साहू, आशीष साहू, शंकर साहू, महावीर साहू, अरविंद कुमार साहू, चिरंजीवी साहू, अमित कुमार, सुधांशु साहू, कृष्ण कुमार साहू, संतोष साहू, किशोर साहू, प्रेमशंकर साहू, रोशन कुमार, नीरज कुमार साहू, धर्मेंद्र कुमार साहू, शैलेश कुमार व आदित्य प्रसाद उपस्थित थें।

### कुरमी उत्थान समिति केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन

## कार्यालय में समाज के लोग समस्या बता सकेंगे



कार्यालय का उद्घाटन करते संरक्षक।

**ओरमांझी।** प्रखंड के उकरीद में रविवार को कुरमी उत्थान समिति का केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समिति के संरक्षक अमरनाथ चैधरी ने किया और कहा समाज का उत्थान तभी हो सकता है, जब समाज का पिछड़ापन और गरीबी दूर हो। कार्यालय खुलने से समाज के लोग अपनी समस्या संगठन तक पहुंचा सकेगें। संरक्षक सह अधिवक्ता अंजीत कुमार, केंद्रीय अध्यक्ष तीर्थनाथ महतो, महासचिव अलखनाथ महतो, कोषाध्यक्ष कामेश्वर महतो, संगठन मंत्री बालक महतो, भानु प्रताप महतो, सुनिल महतो, सिकंदर महतो, अरविंद कुमार, सहदेव महतो, राजेंद्र चैधरी, संतोष महतो, रामलखन महतो, प्रीतम महतो, कृष्णा महतो, अषेश्वर महतो, प्रकाश महतो आदि उपस्थित थें।

### ओरमांझी में सद्भावना मंच की बैठक

## सशक्त देश निर्माण में लोकतंत्र अहम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में बोलते पूर्व सांसद रामटहल चैधरी।

**ओरमांझी।** चकला पंचायत सचिवालय में रविवार को सद्भावना मंच की बैठक हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सांसद रामटहल चैधरी ने कहा कहा देश को सशस्त निर्माण में लोकतंत्र महत्वपूर्ण है।

वर्तमान समय में क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सद्भाना जैसे मंच की महत्वपूर्ण भुमिका हो सकती है। वहीं इस्लामी एकेडमी दिल्ली के निदेषक डॉ. हसन राजा ने कहा सद्भावना मंच का उद्देष्य लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करना होना चाहिए। इससे पूर्व सद्भावना मंच का अध्यक्ष मोतीलाल महतो बनाया गया। साथ ही जल्द ही संगठन के विस्तार करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का संचालन कुदुष अंसारी व स्वागत संबोधन संयोजक इमामुल हक ने किया। उपप्रमुख रिजवान अंसारी, यूएमएफ के प्रदेश सचिव अफजल अनीष, तौहीद अंसारी, मुखिया शिवनाथ मुंडा, आफताब अंसारी, जमील अख्तर, अब्दुल कयूम अंसारी, एकरमामुल हक, रफीक अंसारी सहित विभिन्न वर्ग और समुदाय के सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बेड़ो सब्जी मंडी को मिलेगा आधुनिक रूप

## बेड़ो बाजार को मॉडल हाट के रूप में विकसित किया जायेगा : बंधु तिर्की

- बेड़ो के बंद पड़े कोल्ड स्टोरेज आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** दशकों से बगैर सुविधा के संचालित बेड़ो बाजार टांड़ की सब्जी मंडी के दिन बदलने वाले हैं। इसको लेकर कांग्रेसी नेता सह पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने रविवार को बेड़ो बाजार व सब्जी मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बेड़ो बाजार टांड़ की भौगोलिक व वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। साथ ही शौचालय,सड़क, शेड,पेयजल, बिजली व सब्जी मंडी की स्थिति की जानकारी लिया। इसके बाद उन्होंने कार्यकताओं व ग्रामीणों के साथ बेड़ो बाजार टांड़ स्थित सब्जी मंडी के समीप एक बैठक किया। उन्होंने कहा कि बेड़ो बाजार को एक मॉडल बाजार के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां आवश्यक संसाधन व मूलभूत सुविधाएं मुहैया करायी जाएंगी। उन्होंने कहा कि रांची जिले के नगड़ी,मखमंदरो, ब्राम्बे,हुंटार और बेड़ो प्रमुख हाट हैं। जिसमें बेड़ो बाजार का सब्जी निर्यात के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान है। यहां की सब्जियां देश के महानगरों में कलकत्ता, मुंबई सहित अन्य जगहों पर भेजी जाती हैं। यह कृषि बहुल क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि बेड़ो बाजार टांड़ का अतिक्रमण हो रहा है। जिससे बेड़ो बाजार दिन ब दिन सिमटता चला रहा है। जो एक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बेड़ो बाजार के समग्र विकास के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों, अधिकारियों व समाजसेवियों के साथ शीघ्र ही एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें व्यापार विचार विमर्श करते हुए निर्णय लिया जाएगा। यहां के व्यापारियों व किसानों के लिए अब सब्जी मंडी व बंद पड़े कोल्ड स्टोरेज आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। ज्ञात हो कि नेशनल हाईवे 23 के किनारे रांची जिले की बेड़ो प्रखंड पूरे प्रदेश में सब्जियों के उत्पादन और सब्जी मंडी को लेकर जानी जाती है। वर्षो से यहां हाट एवं सब्जी मंडी लग रही है, लेकिन सुविधा के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है। बाजार व मंडी में बनी शेड जर्जर हो गई हैं। जिसमें हाट व सब्जी मंडी चल रही है। इस मंडी में रांची,गुमला व लोहरदगा जिले के गांव के सैंकडों सब्जी उत्पादक किसान सब्जी बेचने मंडी आते हैं। मंडी में सुबह से लेकर शाम तक सब्जी का कारोबार होता है। यहां दर्जनों व्यपारी हैं। इनके द्वारा रोजाना लाखों रुपए का कारोबार किया जाता है। जहां बेड़ो के दर्जनों लोग का रोजगार जुड़ा है। मंडी से बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़, जशपुर, अंबिकापुर, बिलासपुर, कोरबा, झारखंड एवं ओड़िशा तक ट्रक व पिकअप से भेजी जाती है। इससे किसानों को अच्छी मुनाफा हो जाता है। मौके पर कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, पिंकू लाल खन्ना, सोमरा लोहरा, पंचू उरांव, खद्दी उरांव, निर्मल तिर्की, जयंत लाल खन्ना व शमशाद आदि मौजूद थे।



बेड़ो बाजार टांड़ स्थित सब्जी मंडी के शेड में बाजार समिति के पदाधिकारी से जानकारी लेते पूर्व मंत्री बंधु तिर्की व मौजूद ग्रामीण।

# सिल्ली मुरी पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली मुरी पुलिस ने एसपी के दिये गये आदेशानुसार सिल्ली पुलिस के द्वारा रांची पुरुलिया मार्ग सिल्ली थाना गेट के समीप तथा मुरी पुलिस झारखंड मोड़ के समीप दो पहिया वाहन तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान वाहनों की कागजात एवं डिक्की खुलवाकर डिक्की की जांच की गई है। वह हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने का निर्देश दिया गया।मौके पर थानाध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार वाहन चेकिंग अभियान के तहत पुलिस ने वाहन चालक से वाहन से संबंधित कागजात, हेलमेंट आदि की जांच की और जिन वाहन चालकों के पास वाहन से संबंधित कागजात या हेलमेंट नही था वैसे वाहन चालकों को हिदायत दे कर छोड़ा गया।

# अमीरी-गरीबी का फर्क

विश्व का सबसे सम्मानित कहा जाने वाला नोबेल पुरस्कार अर्थशास्त्र के क्षेत्र में तीन शोधकताओं डारोन एसिमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए. रॉबिन्सन को दिया गया। उन्होंने इस बात का पता लगाया है कि आखिर वे कौन से तथ्य हैं जिनके चलते विभिन्न देशों के बीच अमीरी-गरीबी का फर्क पैदा होता है। उन्होंने इसे दूर करने के कुछ उपाय बताये हैं जिन पर अमल कर वैश्विक गैरबराबरी को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। इस रिसर्च को तो उन राष्ट्राध्यक्षों को ध्यान से पढ़ने, समझने और उसे क्रियान्वित करने की जरूरत है जो अपने देश के नागरिकों को खुशहाल बनाना चाहते हैं। यहां सवाल विश्व के सम्पन्न देशों की सूची में आना मात्र नहीं है वरन अपने नागरिकों के रहन-सहन के स्तर को ऊंचा करना और उन्हें एक गरिमामय जीवन प्रदान करना भी है। कुछ देश क्यों अमीर हो गये और अनेक किसलिये गरीब हैं। अपने शोध से उन्होंने यह भी बतलाया कि कैसे लोकतंत्र एवं समावेशी सामाजिक संस्थानों के जरिये राष्ट्र का विकास सम्भव है। खराब कानून व्यवस्था तथा नागरिकों का शोषण करने वाली संस्थाएं या देश सकारात्मक बदलाव नहीं ला सकते। उनकी शोध बतलाती है कि कैसे दुनिया के सर्वाधिक सम्पन्न 20 प्रतिशत देश अब विश्व के सबसे गरीब 20 फीसदी देशों से 30 गुना अमीर हैं। कई विपन्न देश समृद्ध तो हुए हैं लेकिन वे अमीर देशों की तुलना में अब भी कई गुना कम सम्पन्न हो सके हैं। बात अंततः स्वच्छ लोकतांत्रिक प्रणाली एवं ईमानदार संवैधानिक संस्थाओं की आवश्यकता पर जाकर ठहरेगी। भारत समेत अनेक देशों के ही उदाहरण देखें तो शासकों की प्रवृत्ति शक्तियों के केन्द्रीकरण में है। आर्थिक अव्यवस्था हो जायेगी तब सामाजिक एवं राजनीतिक अराजकता फैलने में भी देर नहीं लगेगी।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

# धर्म के प्रति निरपेक्षता से बढ़ते अधर्म को आखिर रोकेगा कौन?





-डॉ कमलेश पांडे

> अब जरा सोचिए, भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, लेकिन यदि वह प्राणी बद्ध/मानव बद्ध पर उदासीन रहता है, कुतर्क करता है तो इसका दोषी सरकार नहीं है तो कौन है? क्योंकि जनता को भी तो जागरूक करना उसी का कार्य है। गाहे बगाहे होने वाले सांप्रदायिक, जातीय, क्षेत्रीय या आपराधिक हिंसा-प्रतिहिंसा की बातों को कुछ देर के लिए विराम भी दे दिया जाए।

अब जरा सोचिए, भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, लेकिन यदि वह प्राणी बद्ध/मानव बद्ध पर उदासीन रहता है, कुतर्क करता है तो इसका दोषी सरकार नहीं है तो कौन है? क्योंकि जनता को भी तो जागरूक करना उसी का कार्य है।

धर्म और अधर्म के बीच मौजूद सूक्ष्म विभाजन को स्पष्ट करते हुए लोक रचयिता गोस्वामी तुलसीदास महाकाव्य रामचरित मानस में लिखते हैं कि 'परहित सरिस धर्म नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई।' यानी कि दूसरों का हित सोचना-करना ही धर्म है और दूसरों को पीड़ा पहुंचाना ही अधर्म है। जहां तक भारत और उसकी धर्मनिरपेक्षता का सवाल है तो खुद आरएसएस और उसका राजनीतिक संगठन भाजपा (जनसंघ का परिवर्तित स्वरूप) इस पर सवाल उठाते हुए तत्कालीन सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस और समाजवादी दलों की सरकारों पर तुष्टिकरण के आरोप मढ़ती आई है।

इससे स्पष्ट है कि धर्म के प्रति बढ़ती निरपेक्षता से बढ़ते अधर्म को आखिर कौन रोकेगा, यह यक्ष प्रश्न है और इस नीतिगत सवाल पर आरएसएस को ढुलमुल नहीं, बल्कि स्पष्ट रवैया अपनाना चाहिए। चूंकि वह विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है, दुनिया के सबसे पुराने धर्म सनातन धर्म के आधार पर जीवन पद्धति को विकसित करने और प्राणी मात्र की रक्षा करने का वह पक्षधर रहा है, इसलिए उसके रवैए से देश सहित विश्व का जनमत प्रभावित होता है। क्योंकि वह अमूमन तार्किक और लोकहितैषी बातें करता आया है। उसकी शाखाओं की दिनचर्या समाज के लिए भी सेहतमंद साबित होती आई हैं। भाजपा को इस मुकाम तक पहुंचाने में उसकी मेंटर की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है।

अब जरा सोचिए, भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, लेकिन यदि वह प्राणी बद्ध/मानव बद्ध पर उदासीन रहता है, कुतर्क करता है तो इसका दोषी सरकार नहीं है तो कौन है? क्योंकि जनता को भी तो जागरूक करना उसी का कार्य है। गाहे बगाहे होने वाले सांप्रदायिक, जातीय, क्षेत्रीय या आपराधिक हिंसा-प्रतिहिंसा की बातों को कुछ देर के लिए विराम भी दे दिया जाए, क्योंकि मानवीय सनक को काबू में रखना किसी भी प्रशासन के लिए जटिल कार्य है। फिर भी इस पर सियासी कारणों से रोक नहीं लगाना भी अधर्म है।

वहीं, ऐसी ही हिंसक प्रवृत्ति से जुड़ा एक पूरक सवाल है कि यदि भारत सरकार पशु-पक्षी बद्ध के लिए लाइसेंस जारी करती है या फिर इस तरह की मिलीजुली मानवीय प्रवृत्ति पर खामोश रहती है तो मेरे विचार में वह एक अधार्मिक प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रही है और इससे उसका प्रशासन भी प्रभावित होगा। मेरा मानना है कि यदि देशवासियों को सही शिक्षा दी जाएगी, तो पुलिस व सैन्य खर्च में भारी कमी स्वतः आ जाएगी। आज यदि देश की जनता नाना प्रकार की नैतिक-भौतिक त्रासदी से जूझ रही है तो इसके पीछे उसकी धर्मनिरपेक्ष भावना ही है। जिसके चलते देशवासियों को सही शिक्षा की डिलीवरी नहीं हो पा रही है।

आश्चर्य होता है कि इसके बावजूद भी हमारे धर्मनिरपेक्ष नेता मदमस्त हैं। वो यह नहीं समझ पा रहे हैं कि हमारे देश में कौन सा धर्म सही शिक्षा दे रहा है और कौन सा धर्म भड़काऊ शिक्षा दे रहा है। इनकी शिनाख्त करके उसे सही राह पर चलने के लिए भारत का प्रशासन विवश नहीं करेगा, तो कौन करेगा। आप धर्मनिरपेक्ष हैं, बहुत अच्छी बात है। लेकिन आप प्रकृति धर्म, प्राणी धर्म और मानव धर्म से निरपेक्ष नहीं हो सकते, क्योंकि इसका सम्मिलित स्वरूप ही राजधर्म है। मनुष्यों को नियंत्रित रखने के लिए किसी न किसी धर्म की जरूरत होती है, जो उन्हें अधार्मिक होने से रोकता है। हिंसक प्रवृत्ति अधार्मिक है, भोगवाद अधार्मिक है, क्योंकि इससे रोग उत्पन्न होता है और बढ़ता है। वहीं, अहिंसा, त्याग और सेवा की भावना धार्मिक है, जिसे बढ़ावा देना चाहिए। यह प्राकृतिक गुण है, मानवीय गुण है और प्राणी मात्र के लिए हितैषी है। इस नजरिए से सनातन धर्म/हिन्दू धर्म इसका वाहक समझा जाता है। चूंकि हमारी सरकार धर्मनिरपेक्ष है, इसलिए वह इन नैसर्गिक गुणों से भी निरपेक्ष होना चाहती है, जो तमाम जन-समस्याओं की जननी है।

इसलिए सवाल उठता है कि जिन्होंने हमें हिन्दू राष्ट्र और सनातनी सोच के सपने दिखाए, उन्हें भी जब देशवासियों ने कुछ अच्छा कर गुजरने के मौके दिये तो वो भी किंकर्तव्यविमूढ़ हो गए। क्या सत्ता के दुगुर्णों ने उन्हें भी अपने मायाजाल में फंसा लिया और अब वे दुष्टों के बढ़ते प्रभाव के वशीभूत होकर धर्मनिरपेक्ष होने मतलब अन्याय का समर्थन करने की वकालत कर रहे हैं। सच कहूं तो इससे एक बार फिर से धर्म की सही समझ ज्ञानी जनों के न्याय के कठघरे में खड़ी है।

खासकर तब, जब हिन्दू हृदय सम्राट समझे गए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, गत रविवार को अमरावती में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहते हैं कि दुनिया में धर्म के नाम पर जितने भी अन्याय, अत्याचार होते हैं, उनके पीछे धर्म की गलत समझ काम कर रही होती है। याद दिला दें कि इससे पहले बीते सप्ताह ही आरएसएस प्रमुख ने यह भी कहा था कि जगह-जगह मंदिर विवाद खड़े करना ठीक नहीं है। लिहाजा संघ प्रमुख के बयानों के पीछे छिपी चिंता को समझे जाने की जरूरत है। क्योंकि ऐसा करना हालिया घटनाओं की रोशनी में खासा अहम हो जाता है।

उन्होंने धार्मिक जटिलता पर ठीक ही कहा कि धर्म बड़ा जटिल विषय है और इसे समझने में अक्सर गलती होने की आशंका बनी रहती है। आखिर कब धर्म की उदार वृत्ति पर संप्रदाय विशेष की संकीर्ण दृष्टि काबिज हो जाती है और कब धार्मिक समावेशिता को सांप्रदायिक कट्टरता ढक लेती है, यह कई बार हमलोगों की समझ में नहीं आता है। आसेतु हिमालय यानी भारतीय उपमहाद्वीप के संदर्भ में देखा जाए तो बांग्लादेश में हाल के सत्ता परिवर्तन ने कैसे समाज को कट्टरपंथी तत्वों के चंगुल में ला दिया, यह सबके लिए एक ताजा सबक हो सकता है। इससे पहले पाकिस्तान के कट्टरपंथी सोच से हमलोग अवगत और भुक्तभोगी दोनों हैं। कभी उसी का भूभाग रहे बंगलादेश की बदलती घटनाओं और पनपती सोच की हम उपेक्षा नहीं कर सकते। क्योंकि कमोबेश वैसी ही ताकतें हमारे यहां भी सक्रिय हैं। यह खतरा वास्तविक इसलिए भी प्रतीत होता है, क्योंकि ऐसे उदाहरण दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी देखने को मिलते हैं।

## लेटर टू एडिटर

### आतंकवाद की चुनौती

**घाटी** में नई सरकार के सामने आतंकवाद की बड़ी चुनौती उभरी है। पहले कश्मीरी पंडितों को लक्षित हिंसा का शिकार बनाया जाता रहा, लेकिन इस बार आतंकवाद की घटनाएं मजदूरों और कर्मचारियों पर केंद्रित रही हैं। ये हिंसा की घटनाएं केंद्र सरकार के शांति प्रयासों पर पानी फेर सकती हैं। पहले भी घाटी में भाड़े के आतंकी कहर बरपा चुके हैं।

**– अमृतलाल रांची**

### सतर्क भी रहें

**भारत** और चीन के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा से अपने सैनिकों को पीछे हटाने का निर्णय लिया है। भारत को इस पर सतर्क रहना चाहिए। चीन के प्रति नरम रुख अपनाने के बजाय, भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नागरिकों को चीनी सामान की निर्भरता कम करके आर्थिक लड़ाई में योगदान देना होगा।

**– राजेश चौहान, कोडरमा**

## X ट्वीट

**दादा** साहेब फाल्के पुरस्कार और पद्मभूषण से सम्मानित मशहूर फिल्म निर्देशक श्री श्याम बेनेगल जी का निधन फिल्म जगत समेत देश के लिए अपूरणीय क्षति है।

परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**

**भारत** अपनी दिव्य यौगिक आभा और सांस्कृतिक मूल्यों के माध्यम से विश्व को शांति और समन्वय का मार्ग दिखा रहा है। आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य जी के अद्वैत वेदान्त और भारत के आध्यात्मिक विचार आज की वैश्विक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करते हैं।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# प्रयागराज 1400 वर्षों से चीनियों की पहली पसंद रहा है

## कुंभ विशेष

**डॉ उषा किरण**

-644 ईस्वी में चीनी यात्री ह्वेनसांग ने अपनी किताब में की थी राजा हर्षवर्धन के राज्य की प्रशंसा -ह्वेनसांग ने प्रयागराज को सबसे ज्यादा अन्न, जलवायु, स्वास्थ्य और फल वृक्ष वाला क्षेत्र बताया -प्राचीन काल से प्रयागराज के प्रति आकर्षित रहे चीनी, यहां के लोगों को माना विनम्र, सुशील और विद्याप्रेमी माना।

प्रयागराज तकरीबन 1400 वर्ष से चीनियों की पहली पसंद है। इसका स्पष्ट उल्लेख चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी अपनी पुस्तक में किया है। भारत की सांस्कृतिक विरासत से चीन और आसपास के देश खासे आकर्षित होते रहे हैं। इसीलिए प्राचीन काल में चीन ने बारी-बारी अपने पांच यात्रियों को भारत के सांस्कृतिक महत्व की जानकारी लेने के लिए भेजा।

ह्वेनसांग ने यहां आकर 16 वर्षों तक भारत के कोने-कोने का अध्ययन किया। 644 ईस्वीं में उसने शक्तिशाली राजा हर्षवर्धन के राज्य को सबसे ज्यादा अन्न वाला बताया। यही नहीं उसने अपनी किताब में लिखा है कि प्रयागराज जलवायु, स्वास्थ्य और सबसे ज्यादा फल वाले वृक्षों का क्षेत्र है। प्रयागराज व आसपास के लोग विनम्र, सुशील और विद्याप्रेमी होते हैं। यहां तमाम पुरातत्व और सर्वेक्षण से भी सिद्ध होता है कि प्रयाग यूं ही तीर्थराज नहीं बना।

-प्राचीन काल में 5 लाख से अधिक लोग जुटते रहे संगम की रेती परप्रयागराज की सांस्कृतिक महत्ता के बारे में ह्वेनसांग ने अपनी किताब सी-यू-की में लिखा है कि देश के बड़े-बड़े राजा और महाराजा यहां पर दान का उत्सव मनाने एकत्र हुआ करते थे। इनमें सबसे प्रतापी और शक्तिशाली राजा हर्षवर्धन का शासन काल सबसे प्रमुख रहा। ह्वेनसांग की किताब में प्राचीनकाल में प्रयाग के माहात्म्य का रोचक वर्णन मिलता है।

इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश के बड़े-बड़े राजा और महाराजा हिस्सा लेते थे। उसने लिखा है कि इस बड़े राज्य का विस्तार 500 ली (5 ल =1 मील) तक है। प्रयाग दो पवित्र नदियों गंगा और यमुना के बीच 20 ली के घेरे में है। यहां की जलवायु उष्ण है। साथ ही स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद अनुकूल वातावरण है।

-मंदिर, अक्षयवट का भी किया उल्लेखचीनी यात्री ने लिखा है कि नगर में एक देव मंदिर है (किले के भीतर वर्तमान में पातालपुरी मंदिर) जो अपनी सजावट और विलक्षण चमत्कारों के लिए जग प्रसिद्ध है। लोगों की मान्यता है कि यहां पर एक पैसा चढ़ाने से एक हजार मुद्राएं दान करने के बराबर पुण्य मिलता है। मंदिर के आंगन में विशाल वृक्ष (अक्षयवट) है, जिसकी शाखाएं व पत्तियां बहुत दूर तक फैली रहती हैं। यहां स्नान करने मात्र से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। प्रयागराज में आने वाले लोग सात दिनों तक भोजन नहीं करते और एक दिन चावल खाते हैं। दो नदियों के बीच सुंदर और स्वच्छ बालू से ढका मैदान है। यहीं संगम पर देश के सबसे समृद्ध लोग आते हैं और अपना सर्वस्व दान कर चले जाते हैं। -पुरा पाषाण काल से विकसित रहा है प्रयागराजप्रयागराज की मेजा तहसील में बेलन व टोंस नदी के जमाव में पुरा पाषाण काल, मध्य पाषाण काल और नवपाषाण काल का सांस्कृतिक विकास क्रम भी देखने को मिलता है। इसके अलावा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग ने 1962-63 में बेलन, सेवती क्षेत्र में सर्वेक्षण का काम किया था, जिसमें हनुमानगंज, लोन घाटी, मझगवां जैसे पुरा स्थान प्रकाश में आए। बेलन घाटी के सर्वेक्षण से प्रारम्भिक मानव के साक्ष्य भी प्राप्त हुए हैं। यहां प्राप्त सांस्कृतिक अवशेषों और मृदभांडों के टुकड़ों से यहां निवास करने वालों की जानकारी मिलती है। यहां मिली वस्तुओं से नवपाषाण संस्कृति के विकसित होने का पुख्ता प्रमाण मिलता है।

-सम्राट हर्षवर्धन की तरह ही प्रयागराज के विकास के नायक हैं सीएम योगी सरस्वती पत्रिका के संपादक अनुपम परिहार बताते हैं कि चीनी यात्री ह्वेनसांग दूसरे ऐसे चीनी यात्री हैं, जिन्होंने भारत खासकर प्रयागराज के बारे में इतने विस्तार से लिखा है। अनुपम परिहार ने खुद अपनी किताब ह्लप्रयाग की धार्मिक एवं आध्यात्मिक विरासतह्ण किताब में सम्राट हर्षवर्धन को प्रजा के विकास के लिए त्रिवेणी संगम पर सबसे बड़ा आयोजन करने वाला प्रतापी राजा बताया है। वे कहते हैं कि सम्राट हर्षवर्धन की तरह ही मौजूदा दौर में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी प्रयागराज के विकास के नायक हैं। सीएम योगी के नेतृत्व में इस बार महाकुम्भ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए 6 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जा रही है। ये उनकी विकासवादी नीतियों का ही परिणाम है कि दुनिया का सबसे वृहद उत्सव प्रयागराज में आयोजित होने जा रहा है।

# भारतीय सनातन संस्कृति के विरुद्ध झूठे विमर्श !

## विमर्श

**- प्रहलाद सबनानी**

**भारत** में विभिन्न क्षेत्रों में विकास से सम्बंधित हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों को देखने के पश्चात ध्यान में आता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पटरी पर तेजी से दौड़ने लगी है। परंतु, देश की मीडिया में भारत के आर्थिक क्षेत्र में लगातार बन रहे नित नए रिकार्ड का जिक्र कहीं नहीं है। इसके ठीक विपरीत देश में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, गरीब अति गरीब की श्रेणी में जा रहा है, मुद्रा स्फीति की दर अधिक हो रही है, भुखमरी बढ़ रही है, हिंसा बढ़ रही है, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, आदि विषयों पर विमर्श गढ़ने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है।

भारत में झूठे विमर्श गढ़ने का इतिहास रहा है। अंग्रेजों के शासन काल में भी कई प्रकार के झूठे विमर्श गढ़ने के भरपूर प्रयास हुए थे जैसे पश्चिम से आया कोई भी विचार वैज्ञानिक एवं आधुनिक है, भारत सपेरों का देश है एवं इसमें अपढ़ गरीब वर्ग ही निवास करता है, भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति रूढ़िवादी एवं अवैज्ञानिक है, शहरीकरण विकास का बड़ा माध्यम है अतः ग्रामीण विकास को दरकिनार करते हुए केवल शहरीकरण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, शहरी, ग्रामीण एवं जनजातीय के बीच में आर्थिक विकास की दृष्टि से शहरी अधिक महत्व के क्षेत्र हैं, विदेशी भाषा को जानने के चलते नागरिकों में आत्मविश्वास बढ़ता है, संस्कृति से अधिक तर्क को महत्व दिया जाना चाहिए, व्यक्ति एवं समश्टि में व्यक्ति को अधिक महत्व देना अर्थात व्यक्तिवाद को बढ़ावा देना चाहिए (पूंजीवाद की अवधारणा), कम श्रम करने वाला व्यक्ति अधिक होशियार माना गया, सनातन हिन्दू संस्कृति पर आधारित प्रत्येक चीज को हेय दृष्टि से देखना, जैसे दिवाली के फटाके पर्यावरण का नुक्सान करते हैं, होली पर्व पर पानी की बबार्दी होती है। कुल मिलाकर पश्चिमी देशों द्वारा आज सनातन भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित हिन्दू परम्पराओं पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।

इसी प्रकार, भारतीय सनातन संस्कृति पर हमला करते हुए ह्लमाई बॉडी माई च्वाइसह्व; ह्लहमको भारत में रहने में डर लगता हैह्व; आदि नरेटिव स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। वाशिंगटन पोस्ट एवं न्यूयॉर्क टाइम्ज लम्बे-लम्बे लेख लिखते हैं कि भारत में मुसलमानों पर अन्याय हो रहा है। कोविड महामारी के दौरान भी भारत को बहुत बदनाम करने का प्रयास किया गया था। वर्ष 2002 की घटनाओं पर आधारित एक डॉक्युमेंटरी को बीबीसी आज समाज के बीच में लाने का प्रयास कर रहा है। अडानी समूह, जो कि भारत में आधारभूत संरचना विकसित करने के कार्य का प्रमुख खिलाड़ी है, की तथाकथित वित्तीय अनियमितताओं पर अमेरिकी संस्थान ह्लहिंडनबर्गह्व अपनी एक रिपोर्ट जारी करता है ताकि इस समूह को आर्थिक नुकसान हो और यह समूह भारत की आर्थिक प्रगति में भागीदारी न कर सके। हैपीनेस इंडेक्स एवं हंगर इंडेक्स में भारत की स्थिति को झूठे तरीके से पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे देशों से भी बदतर हालात में बताया जाता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, भारतीय मुसलमानों की स्थिति के बारे में तब विपरीत बात करते हैं जब भारतीय प्रधानमंत्री अमेरिका के दौरे पर होते हैं। ऐसा आभास होता है कि भारत के विरुद्ध यह अभियान कई संस्थानों एवं देशों द्वारा मिलाकर चलाया जा रहा है।

भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करे तो उसे ह्लजुगाड़ह्व कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो ह्लरिवर्स इंजीनियरिंगह्व। पश्चिम का प्रत्येक कदम वैज्ञानिक है, परंतु भारतीय आयुर्वेद को हर बात सिद्ध करने की आवश्यकता होती है। पश्चिम का अधूरा अध्ययन भी साइन्स की श्रेणी में है, परंतु भारत के कई प्राचीन वैज्ञानिक तथ्य भी रूढ़िवादी माने जाते हैं। पश्चिमी विचारधारा में व्यक्ति की भावुकता के लिए कोई स्थान नहीं है, केवल तकनीकी के बारे में ही विचार किया जाता है। इसी प्रकार से भारत में बाल श्रम को लेकर पश्चिमी देशों द्वारा हो हल्ला मचाया जाता है किंतु उनके अपने देशों में कई प्रतियोगिताओं में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चे भी भाग लेते हैं, परंतु उनकी दृष्टि में यह बाल श्रम की श्रेणी में नहीं आता है। भारत में यदि 16 वर्ष की कम उम्र के बच्चे अपने पारम्परिक व्यवसाय की कला में पारंगत होना प्रारम्भ करें तो यह बाल श्रम की श्रेणी में माना जाता है। भारत के संदर्भ में यह दोहरी नीति का विमर्श क्यों खड़ा किया जाता है। भारतीय सनातन संस्कारों के अनुसार भारत में कुटुंब को एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में स्वीकार किया गया है एवं भारत में संयुक्त परिवार इसकी परिणति के रूप में दिखाई देते है। परंतु, पश्चिमी आर्थिक 'दर्शन में संयुक्त परिवार लगभग नहीं के बराबर ही दिखाई देते हैं एवं विकसित देशों में सामान्यतः बच्चों के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करते ही, वे अपना अलग परिवार बसा लेते हैं तथा अपने माता-पिता से अलग मकान लेकर रहने लगते हैं। इस चलन के पीछे संभवत आर्थिक पक्ष इस प्रकार जुड़ा हुआ है कि जितने अधिक परिवार होंगे उतने ही अधिक मकानों की आवश्यकता होगी, कारों की आवश्यकता होगी, टीवी की आवश्यकता होगी, फ्रिज की आवश्यकता होगी आदि। लगभग समस्त उत्पादों की आवश्यकता इससे बढ़ेगी जो अंततः मांग में वृद्धि के रूप में दिखाई देगी एवं इससे इन वस्तुओं का उत्पादन बढ़ेगा। ज्यादा वस्तुएं बिकने से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की लाभप्रदता में भी वृद्धि होगी। कुल मिलाकर इससे आर्थिक वृद्धि दर तेज होगी।विकसित देशों में इस प्रकार की मान्यताएं समाज में अब सामान्य हो चलीं हैं।

# एसडीओ के खिलाफ सड़क पर उतरे जनप्रतिनिधि

## कहा-रक्षक जब भक्षक बन जाए, तो संघर्ष जरूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग। सदर एसडीओ अशोक कुमार की मुश्किलें बढ़ सकती है। उनकी पत्नी अनीता देवी की मौत जलकर हो गयी और उनकी हत्या का आरोप ससुराल वालों ने सदर एसडीओ अशोक कुमार पर लगाया है। ससुराल वालों के आवेदन पर उनपर एफ आई आर दर्ज हो चूका है और हजारीबाग एसपी के अनुसार जांच जारी है। लेकिन इस मामले में एक ट्विस्ट है। ट्विस्ट ये है कि सदर एसडीओ अशोक कुमार अपने पद पर बने हुए है। ससुराल वालों और एक तबके का कहना है कि अगर अशोक कुमार पद पर बने रहेंगे, और उनकी जांच होगी तो किसकी मजाल है की उनसे तीखे सवाल जवाब कर सके, और वे जांच प्रक्रिया को बाधित नहीं करेंगे। ये तो चोर भी वही और कोतवाल भी वही वाली स्थिति हो जायेगी। ऐसा एक तबका बोल रहा है और ये तर्कसंगत भी है। अब मामले में पेच कहा है। 26 दिसंबर को अनीता देवी सुबह जली। उस समय के मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सदर एसडीओ अशोक कुमार ने एक मीडिया एजेंसी को कहा था कि अनीता देवी मॉर्निंग वाक के लिए जाना चाहती थी। मना करने पर उन्होंने खुद को आग लगा ली। ये बात कुछ अखबारों में छपी थी। अब आज के एक अखबार में ये छपा है कि अशोक कुमार का कहना है की अनीता देवी अलाव जला कर ताप रही थी उसी दौरान वो जल बैठी। अगर इन दो मीडिया रिपोर्ट्स को सच माना जाये तो एसडीओ की बातों में भिन्नता नजर आती है।जिसके कारण भ्रम और शक होना लाजिमी है। शनिवार को अशोक कुमार के ससुराल वालों ने लोहसिंघना थाना में देर रात तक एसडीओ की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उनका साफ कहना था की वे अपने रसूख के दम पर गिरफ्तारी से बच रहे है। एसडीओ के साले राजू ने अपनी बहन की मौत को लेकर मीडिया से कहा कि उनका एक महिला से अवैध संबंध था। बहन मना करती थी। जिसके कारण उनकी हत्या कर दी गयी। खैर ये तो जांच का विषय है। प्रशासन के मान मनौवल और आश्वासन के बाद ससुराल वालो ने धरना खत्म किया और फिलहाल वे सिमरिया में है। ससुराल वाले इस मामले को सीएम पीएम तक ले जाने की तैयारी कर रहे है। न्याय के लिए वे हर दरवाजे को खटखटाएंगे।




### एसडीओ को फांसी की सजा मिले : पूर्व सांसद

इधर मामला बड़े अधिकारी का है और लोगो में इसको लेकर काफी रोष है। लोगो का कहना है जब बड़े अधिकारी ऐसा नजीर पेश करेंगे तो आम जनता किसपर विश्वास करेगी। हजारीबाग के जनप्रतिनिधि जिसमे सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने रविवार शाम में अनीता देवी के साथ घटी घटना के खिलाफ और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग को लेकर बुढ़वा महादेव मंदिर से झंडा चौक तक मशाल जुलूस और कैंडल मार्च आयोजित किया। इस जुलुस में सैकड़ो लोग शामिल हुए। जनप्रतिनिधियो का कहना था की हजारीबाग और प्रदेश में कानून व्यवस्था की बदहाली जग जाहिर है। हमारी माँग है कि दोषियों को कठोर सजा दी जाए और पीड़िता को न्याय मिले।

इधर इस मामले पर हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने प्रेस वार्ता में कहा कि अगर सदर एसडीओ की जगह कोई आम आदमी होता तो और उसपर अपनी पत्नी को जलाकर मारने का आरोप लगता तो पुलिस प्रशासन उसको तो छोड़िये उसके परिजनों का जीना मुहाल कर देती। उन्होंने कहा की सदर एसडीओ की मंसा नहीं थी की उसकी पत्नी जिन्दा बचे। आग लगने के बाद 48 घंटा उसने अपनी पत्नी को इस हॉस्पिटल से उस हॉस्पिटल दौड़ाया। ताकि पुलिस उसका बयांन दर्ज ना कर सके। इसने अपनी पत्नी की हत्या की है। इसको फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

### अनीता देवी पंचतत्व में विलीन, बेटे ने दी मुखाग्नि



**हजारीबाग।** सदर एसडीओ की पत्नी की चिता को मुखाग्नि उनके बेटे ने दी। ज्ञात हो की लोहसिंघना थाना में अनीता देवी के परिजनों ने उनके शव के साथ देर रात तक उनके पति सदर एसडीओ अशोक कुमार पर अनीता देवी की हत्या का आरोप लगाकर उनकी गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन किया था। प्रशासन के आश्वासन के बाद परिजन अनीता देवी के शव को लेकर सिमरिया चले गए जहा उनकी अंत्येष्टि की गयी। इस दौरान माहौल गमगीन था। स्थानीय ग्रामीणों में इस बात को लेकर रोष था की अभी तक अशोक कुमार की गिरफ्तारी नहीं की गयी।लोगो ने यहाँ तक आरोप लगाया की प्रशासन बैक डोर से उनकी मदद कर रही है। लोगो ने बताया की अनीता देवी बहुत ही सुलझी और सामान्य महिला थी।हजारीबाग सदर अस्पताल में वो नौकरी करती थी। पति के कहने पर उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी थी। बताया की उनको देख कर लगता नहीं था की वो किसी तरह की परेशानी में है। बहुत ही खुशमिजाज दिल की महिला थी। उनके साथ भी ऐसा हो सकता है कभी सोचा नहीं था। लोगो ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की।

## स्पीड न्यूज

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अमित सिन्हा बने राष्ट्रीय मंत्री



**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा रामगढ़ कैंट निवासी सह अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के रामगढ़ जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा को राष्ट्रीय मंत्री मनोनीत किया गया है। अमित सिन्हा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल कर राष्ट्रीय नेतृत्व ने युवाओं को संगठन में शामिल कर सीधा संदेश दिया है कि चित्रांश युवा ही समाज को एक मजबूत और व्यापक रूप धारदार बनाने में सक्षम हैं। रामगढ़ जिले से पहली बार राष्ट्रीय कमेटी में अमित कुमार सिन्हा को शामिल करने को जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा के लगातार कार्य साधना को पहचान मिली है। अब राष्ट्रीय स्तर पर भी जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में रामगढ़ जिले की भी चर्चा होने लगी है। यह बहुत ही गर्व का पल है। जल्द ही रामगढ़ जिला कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताया जाएगा। वहीं, अमित कुमार सिन्हा को अभाकाम का राष्ट्रीय मंत्री मनोनीत करने पर प्रदेश अध्यक्ष एके श्रीवास्तव , जिला अध्यक्ष अरुण सिन्हा ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है। बधाई देने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत कुमार सिन्हा, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु, प्रो. प्रदीप कुमार सिन्हा, बामेस्वर प्रसाद, राजीव पामदत्त, विनोद श्रीवास्तव व अन्य शामिल हैं।

### गोभी की फसल को किसान ने रौंदा



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत निवासी किसान राधेश्याम महतो ने खेत में गोभी की फसल पर ट्रैक्टर चलवा दिया। किसान ने बताया कि उसने अपनी लगभग एक एकड़ पर तैयार गोभी की फसल को नष्ट करा दिया है। किसान ने कहा कि बैंकों से ऋण लेकर फसल लगाई थी, लेकिन उनकी लागत भी पूरी नहीं हो पाई है। राधेश्याम ने कहा कि जिस खेती पर किसान निर्भर होता है, वो आज मजबूरन नष्ट करनी पड़ रही है। सरकार उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर सकती है, तो फिर किसानों के बारे में भी सोचना चाहिए। किसानों के भी आखिर परिवार हैं। उन्होंने किसानों को राहत पैकेज की मांग उठाई है। बताते चले कि उसने खून पसीने से अपने खेत में शानदार गोभी की फसल उगाई थी। उन्नत किस्म के बीज का उपयोग किया था। उत्पादन भी बहुत बढ़िया हुआ। लेकिन फूलगोभी का बाजार में भाव बिल्कुल नहीं था. बाजार में पांच रुपये किलो फूलगोभी बिक रही है. जबकि उसे खेत से काट कर बाजार पहुंचाने में उससे ज्यादा खर्च आ रहा था।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच के बैनर तले पटेलनगर निवासी स्व. नंदकिशोर वर्णवाल की 19वीं जयंती पर उनके पुत्र द्वारा रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. नंदकिशोर वर्णवाल के पुत्र पिंकू वर्णवाल और रिंकू वर्णवाल सहित मंच के लोगों ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर की। इसके बाद मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह और स्व. नंदकिशोर वर्णवाल के पुत्र पिंकू वर्णवाल व रिंकू वर्णवाल दर्जनों गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूषों के बीच पुरी-सब्जी और खीर का वितरण करते हुए इसे सबसे बड़ा पूण्य का कार्य बताया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा की गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है जो निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने गरीबों की सेवा में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, राजु मल्होत्रा, उदयभान दुबे, कारू यादव, लालु उरांव, सुकरा करमाली, दिलीप गंझू, लखन राम, बारीक अंसारी, रामशरण गिरी, रंजीत यादव, संजू सिन्हा, राकेश शर्मा, शिवकुमार यादव, मो. शाहिद आदि का योगदान रहा।

### मकर संक्रांति मेला को कमिटी गठित



**कुजू।** बंदराचुआ चरण पहाडी प्रांगण में रविवार को मकर संक्रांति मेला समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हेमन्त सिंह व संचालन पन्नालाल मुर्मू ने किया। बैठक में हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी 24 घंटा का अखंड हरि संकीर्तन के साथ श्री श्री चैतन्य महाप्रभु के महाभोग का वितरण करने का निर्णय लिया। बैठक में 15 जनवरी 2025 को झारखंड के महान टुसू का भी प्रदर्शन कुजू मुरपा,कसेरा धौडा,इमली धौडा,बन्दराचुवॉ 3नम्बर कॉलोनी द्वारा भव्य झांकी निकालने पर चर्चा किया गया। वही बताया गया कि इस मेला परिसर में शराब,मांस पीकर,खाकर आना वर्जित है। मंदिर परिसर पर स्वच्छता पर ध्यान देने कि भी बात रखी गई। मेला को सफल बनाने के लिए कमेटी गठित किया गया। जिसमें अध्यक्ष कुजू पुर्वी पंचायत के मुखिया ललिता देवी,उपाध्यक्ष फूलेश्वर साव,सचिव - श्याम सिंह,सहसचिव बालदेव मुर्मू, कोषाध्यक्ष - संजय सिंह,संरक्षक हेमन्त सिंह, धर्मराज राम, तेजनाथ महतो, राकेश मेहता उर्फ रॉक कुमार, बादल कुमार, हीरालाल मुर्मू, पन्नालाल मुर्मू का चयन किया गया। जबकि सदस्य में गणेश मुर्मू, गंगा राम मुर्मू,चुनूराम मॉझी,मोतीलाल मॉझी,तुलसी महली,कार्तिक ठाकुर,मनीष ठाकुर,अभिषेक बनर्जी,सुरेश सोरेन,अजय उरॉव,संजय करमाली,ललन राम,छोटू राम,बिनोद मुन्डा,बृजलाल मुर्मू,सनत कुमार,राजेश महतो,राजेश मंडल,प्रदीप कुमार सिंह,रंजय सिंह,राजलक्ष्मी देवी,चुनूराम मॉझी,गोपाल रजक शामिल है।

# श्री अग्रसेन स्कूल में व्यक्तित्व विकास शिविर संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में चल रहे दो दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, प्राचार्य विवेक प्रधान, निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी व मोटिवेटर मुख्तार सिंह ने कुल 228 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने बच्चों को सफलता के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चे पढ़ाई के साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम में समान रूप से रुचि लें। स्पोर्ट्स का दायरा भी अब काफी व्यापक हो चुका है। इसमें भी करियर की अपार संभावनाएं है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने का पूरा अवसर दें। शिक्षकों से कहा कि प्रत्येक बच्चे के टैलेंट को पहचान कर उन्हें तराशने का प्रयास करें। प्राचार्य विवेक प्रधान ने मोटिवेशनल कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने लक्ष्यों के प्रति कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए सही दिशा में सतत प्रयास करना पड़ता है। लक्ष्य के अनुरूप हमें खुद को बदलना भी पड़ता है। शिविर के संयोजक निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी ने बताया कि व्यक्तित्व विकास शिविर से बच्चे शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत हुए हैं। यह शिविर उनके व्यक्तित्व निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। खेल शिक्षक नरेंद्र सिन्हा ने कहा कि बच्चों के लिए विद्यालय में खेल की सुविधाएं लगातार बढ़ाई जा रही है। हमारी कोशिश होगी कि अच्छे खिलाड़ियों को तैयार कर सकें। मोटिवेटर मुख्तार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की पढ़ाई और स्पोर्ट्स के लिए विद्यालय परिवार का समर्पण एक मिसाल है। स्कूल ने राइफल शूटिंग, स्केटिंग, आर्चरी जैसी सुविधाएं बच्चों को उपलब्ध कराकर अपने भविष्य की सोच को दर्शाया है।

### भुरकुंडा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम के सुनी मन की बात



**भुरकुंडा।** भाजपा भदानीनगर मंडल अन्तर्गत देवरिया पंचायत के बूथ संख्या 344 में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी के मन बात की 117वीं एपिसोड सुनी। मंडल अध्यक्ष सागर दांगी के नेतृत्व में दर्जनों भाजपाईयों ने पीएम मोदी के मन की बात सुनकर उसे जीवन में उतारने की बात कही। दांगी ने कहा कि देश का कमान सही मायने में पीएम मोदी के हाथों में ही सुरक्षित है। उन्होंने भाजपाईयों से संगठन को और मजबुत करने के लिए अधिक से अधिक नये सदस्यों को संगठन में जोड़कर पीएम मोदी के हाथों को और मजबुत करने का आहवान किया। मंडल अध्यक्ष श्री दांगी ने कहा कि भाजपा सबों को एक समान मान-सम्मान देती है। हमसबों को भी देश और समाजहित में निस्वार्थ भाव से कार्य करने का संकल्प लेने की जरूरत है। मन की बात सुनने वालो में राजेंद्र मुंडा, देवेंद्र सिंह, आनंद कुमार, लालू बेदिया आदि शामिल थे।

# गड्ढे में गिरी एक्सयूवी, नौ घायल

### सभी जमशेदपुर से रजरप्पा जा रहे थे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** रजरप्पा थाना अंतर्गत जनियामारा संजल में सड़क हादसे में रविवार को 9 लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि एक्सयूवी संख्या जेएच05एएस 0123 पर सवार सभी लोग पूजा के लिए जमशेदपुर से रजरप्पा जा रहे थे। उसी दौरान एक्सयूवी अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग पहुंचे और राहत और बचाव कार्य में जुट गए। साथ ही रजरप्पा पुलिस को घटना की जानकारी दी। वहीं, घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। एक्सयूवी पर सवार लोग जमशेदपुर से पूजा के लिए रजरप्पा मंदिर जा रहे थे। इस दौरान चालक ने जनियामारा मोड़ के पास वाहन से नियंत्रण खो दिया, वाहन गड्ढे में जा गिरा। हादसे में वाहन पर सवार अपरपाल, अमन बाग, रश्मि पाठक, अनीस हसैन, भावना, रोहित शर्मा, अभिषेक बाग, करण रजक व आकाश दुबे घायल हो गए। सभी का सदर अस्पताल रामगढ़ में इलाज चल रहा है।

### बाइक चालक हेलमेट लगाकर सड़क पर निकले : मो नौशाद



**कुजू।** यातायात नियमों की अनदेखी न हो इसके लिए कुजू पुलिस द्वारा हन चेकिंग अभियान चलाया गया। रविवार को कुजू ओपी के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ओपी के पुनिन आशीष गौतम ने पुलिस जवानों के साथ मिलकर बिना हेलमेट लगाये करीब पांच बाइक से जुमार्ना वसुलने के साथ आगे से हेलमेट लगाकर सहित ट्रैफिक नियमों का पालन करने की बात कही। मौके पर कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद ने बताया कि रामगढ़ एसपी अजय कुमार के निर्देश पर रोजाना सुबह और शाम वाहन चेकिंग अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि नये साल को देखते अभी लगातार अभियान चलाया जायेगा।

# सौदा बस्ती में खो-खो प्रतियोगिता शुरू

- अनुशासन की भी सीख देता है खेलकूद : अजय सिंह
- छह प्रखंड के 36 टीमो ने लिया हिस्सा, आज होगा फाइनल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भुरकुंडा (रामगढ़)। सौदा बस्ती पारटांड़ फुटबॉल मैदान में रामगढ़ जिला खो-खो संघ के तत्वावधान में शनिवार से तीन दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन बरका-सयाल जीएम अजय कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि रामेश्वर मुंडा ने संयुक्त रूप दीप प्रज्जवलित एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि जीएम अजय सिंह ने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है। खेलों शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही, यह हमसबों को अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई की तरह वर्तमान समय में खेलों में करियर की असीम संभावनाएं है। जीएम श्री सिंह खिलाड़ियों का हौसला आफजाई करते हुए अनुशासन के तहत प्रतियोगिता में हिस्सा लेते की अपील की। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता में छह प्रखंड पतरातू, माडू, गोला, चित्रपुर, दुलमी, रामगढ़ प्रखंड की 36 टीमे शामिल हैं।

इसके तहत बालक, बालिका सीनियर टीम 18 आयु वर्ग और बालक बालक, बालिका जूनियर टीम में 14 आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 30 दिसंबर को खेला जायेगा। इसमें विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता में अभय मुंडा, कवि मुडा, अजीत कुमार, अमीर सोहेल, रजत, सुजय कुमार, अजीत मुंडा, ज्योति विश्वकर्मा, भारती बेदिया, आनंद तिगा आदि रेफरी की भूमिका निभा रहे हैं।

मौके पर मानस मुंडा, जीतराम मुंडा, रामविलास करमली, बंटी मुंडा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार, सचिव प्रकाश ओझा और कोषाध्यक्ष संजय कालिंदी सहित कवि मुंडा, अजीत कुमार, रजत मुंडा, नवीन कुमार, अभय मुंडा, कृष्णा मुंडा, पवन मुंडा, पोलिस बिहन, रघुनाथ मुंडा, अमर बाउरी, अजीत प्रसाद महतो, कृष्णा महतो, आनंद तिग्गा, अनिल महतो, रामचंद्र महतो, गौतम कुमार, राजेश मुंडा, अरूण मुंडा, निखिल मुंडा सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

## एक नजर में

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिले शिबू प्रसाद सोनी



**टाटीझरिया ।** झरपो पंचायत में बनी करोड़ों रुपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र झरपो में एंबुलेंस की मांग और स्वास्थ्य उपकेंद्र में 24 घंटे डॉक्टर एएनएम जीएनएम की स्थाई रूप से नियुक्ति तथा क्षेत्रवासी रोगियों के लिए बेहतर इलाज के लिए मशीन आदि की आवश्यकता अनुसार समुचित व्यवस्था को लेकर झरपो पंचायत मुखिया सह 20 सूत्री प्रखंड शिबू प्रसाद सोनी ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के नाम लिखित आवेदन एवं आवेदन की प्रतिलिपि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आवास रांची में जाकर दिया । उन्होंने आवेदन मेंलिखा है कि तीन पंचायत झरपो भराजो खैरा पंचायत से सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन क्षेत्रवासी घटना दुर्घटना प्रसव मरीजों को लेकर एंबुलेंस के आभाव में जिला अस्पताल का आवागमन करना होता है। जिससे लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता रहा है। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष देव राज कुशवाहा, टाटीझरिया आंचलिक पत्रकार संदीप पाण्डेय ,धनेश्वर पासवान मौजूद थे।

### सांसद प्रतिनिधि ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन




**बड़कागांव।**सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा ने प्रखंड के सांढ पंचायत अंतर्गत नदिया पार संडही गढ्डा में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया।किसानों व कार्यकर्ताओं की मांग पर सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक रोशन लाल चौधरी के संयुक्त प्रयास से उपलब्ध करवाया गया। श्री मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र में जितने भी समस्याएं हैं उसके समाधान के लिए सांसद सदैव तत्पर है जिसको लेकर आप कभी भी समस्याओं से अवगत करा सकते हैं। ट्रांसफार्मर से सांढ, होराम, शिवाडीह के सैकड़ों किसान लाभान्वित होते है। अचानक जल गया था जिसकी सूचना बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सांसद को दी, जिसके बाद त्वरित कार्यवाही कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। मौके पर पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद ,जयनारायण प्रसाद,कैलाश साव, उमेश दांगी,पूर्व मुखिया कार्तिक महतो, राजू रंजन,कृत्यानंद महतो,दीपक कुमार, जीतन साव,पपू कुमार रंजन, करम महतो, जुगल महतो,नाथू महतो, सुबासो देवी,पुष्पादेवी, मालो देवी समेत दर्जनों महिला-पुरूष मौजूद थे।

### जमीन विवाद में हमले का आरोप, थाना में शिकायत

**बरही।** कोनरा निवासी सह पत्रकार दयानंद चौरसिया ने जमीन विवाद को लेकर ब्रह्मदेव यादव समेत अन्य 15-20 लोगों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए बरही थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि वह अपने भाई महेश चौरसिया के साथ अपनी जमीन देखने गए थे, जहां उक्त लोग पोकलेन मशीन से जमीन पर खुदाई शुरू कर दी थी। विरोध करने पर सभी लोगों ने लाठी-डंडों से हमला किया। जिससे मुझे व मेरे परिवार के सदस्यों को गंभीर चोटें आईं है। दयानंद चौरसिया का आरोप है कि ब्रह्मदेव यादव ने जान से मारने की धमकी दी है, सारी घटना को वीडियो में रिकॉर्ड भी किया गया है। पीड़ितों का प्राथमिक उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में हुआ, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। मामले को लेकर थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गरजामु में 25 लोगों के बीच कंबल वितरित



**बरही।** डपोक पंचायत के ग्राम गरजामु में पंचायत समिति सदस्य आयशा खातून के नेतृत्व में सरकार की ओर से 25 जरूरतमंद लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष सह पूर्व जीप सदस्य मो. कयूम, रमजान अंसारी, हनीफ मियां, अफजल अंसारी, धुपाल दास, और गुडान दास उपस्थित रहे। कयूम ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की इस पहल का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में कंबल वितरण से जरूरतमंदों को राहत मिलेगी और ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।



### नव वर्ष 2025 पर पहाड़ों की सैर

अगर आप पहाड़ पर बर्फवारी का आनंद लेने आ रहे हैं और वर्ष 2025 का स्वागत वहीं करना चाहते हैं तो इन बातों का विशेष ध्यान रखें। अगर अपनी गाड़ी से सफर कर रहें है तो किसी तरह के नशे में गाड़ी चलाएं। गाड़ी में सीट बेल्ट बांध कर रखें, यातायात नियमों का पालन करें। हिमाचल में पुलिस बहुत विनम्र है लेकिन यातायात के नियमों का पालन न करने वालों को दंड भी विनम्रता से देती है।

# नये साल 2025 का जश्न और जश्न के साथ सावधानियां

**वर्ष 2025 के स्वागत के साथ, पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा का एक नया अनुभव मिल सकता है। बर्फबारी और सुंदर प्राकृतिक दृश्य आपको मंत्रमुग्ध कर सकते हैं, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। यदि आप हिमाचल जैसे पहाड़ी स्थानों पर यात्रा कर रहे हैं, तो सुरक्षा, पर्यावरण का ध्यान और स्थानीय संस्कृति का सम्मान करते हुए यात्रा को और भी यादगार बना सकते हैं।**

**रमेश पठानिया**

वर्ष 2024 को समाप्त होने में बस एक ही दिन बाकी हैं, आप ने अपने मनपसन्द गंतव्य स्थान पर जाकर नए साल स्वागत करने की पूरी तैयारी कर ली होगी। कुछ लोग तो घर से निकल भी गए होंगे। जब भी हम पर्यटन पर निकलते हैं या सैर-सपाटे के लिए निकलते हैं तो हमें क्या-क्या साथ ले जाना है, क्या-क्या जगह देखनी है, इस बात की पूरी सूची बना लेते हैं। लेकिन हम में से अधिकतर यह नहीं जानते की हमें क्या नहीं करना है।

अगर आप पहाड़ पर बर्फवारी का आनंद लेने आ रहे हैं और वर्ष 2025 का स्वागत वहीं करना चाहते हैं तो इन बातों का विशेष ध्यान रखें। अगर अपनी गाड़ी से सफर कर रहें है तो किसी तरह के नशे में गाड़ी चलाएं। गाड़ी में सीट बेल्ट बांध कर रखें, यातायात नियमों का पालन करें। हिमाचल में पुलिस बहुत विनम्र है लेकिन यातायात के नियमों का पालन न करने वालों को दंड भी विनम्रता से देती है। दिसम्बर के आखिरी सप्ताह में बर्फवारी की पूरी संभावना होती है। रुई के फाहों की तरह जब बर्फ गिरती है तो एक अनूठा अनुभव होता है। और यह अनुभव आपके और आपके अपनों के साथ बिताए हुए पलों की अनमोल धरोहर की तरह सारी जिंदगी आपके साथ रहता है। कुछ मुख्य बातें ध्यान में रखकर हम अपनी पहाड़ी यात्रा को सुरक्षित और आनंददायक बना सकते हैं

## सुरक्षित मार्ग का चयन

नए साल का जोश हो सकता है, लेकिन पहाड़ी रास्तों को बिना जानकारी के न चुनें। सही मार्गदर्शन और गाइड के साथ ही यात्रा करें।गूगल और जीपीएस तो ठीक है लेकिन स्थानीय लोगों से यदाकदा पूछते रहें की आप सही रास्ते पर जा रहे हैं या नहीं।

## अति आत्मविश्वास से बचें

अगर आपने कभी पहाड़ी इलाकों में यात्रा नहीं की है, तो अत्यधिक जोश में आकर कठिन ट्रैक या जोखिम भरी गतिविधियों से बचें। अनुभव के बिना कुछ भी चुनौतीपूर्ण प्रयास न करें।

## मौसम का पूवार्नुमान

पहाड़ों का मौसम अचानक बदल सकता है, जिससे आपको संकट का सामना करना पड़ सकता है। ट्रैकिंग से पहले मौसम की स्थिति जानना जरूरी है। उन्ही ट्रेक्स को चुने जहां बर्फ नहीं गिरी है। बर्फबारी में ट्रैकिंग करना मुश्किल हो सकता है। अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जाने से बचें जहां ऑक्सीजन की मात्रा कम होने लगती है। ऑक्सीजन की कमी के कारण किसी मुसीबत में फंस सकते हैं।

## यात्रा के लिए जरूरी सामान

पहाड़ों पर चलते वक्त जरूरी सामान जैसे पानी, खाद्य सामग्री,

आपातकालीन किट और मौसम के अनुसार कपड़े रखें। एक बड़ा जैकेट पहनने की जगह तहों या परतों में कपड़े पहनें। ताकि आपके शरीर का तापमान ठीक रहे। कान, माथा और चेस्ट को वार्म रखें।

## टीम के साथ

अकेले यात्रा करने से बचें, खासकर जब आप पहाड़ों पर हो। किसी टीम के साथ यात्रा करने से सुरक्षा बढ़ जाती है और आप मदद के लिए किसी पर निर्भर हो सकते हैं।

## संयम बनाए रखें

उत्साह और जोश से भरे होते हुए भी अपने कदमों को संयमित और सोच-समझ कर बढ़ाएं, ताकि आप किसी भी अनहोनी से बच सकें। इसलिए, नए साल की शुरूआत में पहाड़ों पर यात्रा करते समय अपनी सुरक्षा और जिम्मेदारी का ख्याल रखें, ताकि आपकी यात्रा सुखद और सुरक्षित हो!

## पर्यावरण का सम्मान

पहाड़ों में प्राकृतिक सौंदर्य का पूरा ध्यान रखें। पेड़-पौधों, जानवरों और पर्यावरण का संरक्षण करें, ताकि आपकी यात्रा का असर नकारात्मक न हो। हर जगह प्लास्टिक और दूसरी तरह का कूड़ा न फेंके।

## कूड़ा-कर्कट न फैलाएं

पहाड़ों पर अपने साथ कूड़ा ले जाने की आदत डालें और इसका सही तरीके से निपटान करें। कूड़ा फेंकने से पर्यावरण प्रदूषित होता है और वन्यजीवों के लिए खतरा बढ़ता है।

## शोर न करें

पहाड़ों पर शांति का वातावरण होता है। शोर मचाने से न केवल अन्य पर्यटकों का अनुभव खराब होता है, बल्कि यह जंगल के जानवरों को भी परेशान कर सकता है। मदिरापान न करें। स्थानीय लोगों से बिना मतलब उलझने के कोशिश न करें। कैम्पफायर और स्थानीय व्यंजनों तथा लोकनृत्यों का आनंद लें।

कमरे में सोने से पहले देख ले कि कोई जलती हुई वस्तु, जैसे आग, सिगरेट या हीटर आन तो नहीं रह गया है। पहाड़ी घर या होटल अधिकतर लकड़ी के बने होते हैं अकस्मात आग लग सकती है सर्दी में।


## स्पीड में ड्राइविंग न करें

पहाड़ी रास्तों पर गाड़ी चलाते समय गति को नियंत्रित रखें। तेज ड्राइविंग से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है।

## अनदेखा न करें

अगर आप पहाड़ों पर यात्रा करते समय थकान, सिर दर्द, या अन्य कोई शारीरिक समस्या महसूस करते हैं, तो

# सरकारी नौकरी डॉटकॉम है युवाओं की पसंद



आज प्रत्येक युवा का सपना सरकारी नौकरी पाना है। यह केवल सपना है। आज की स्थिति में यह सपना साकार होना आसान नहीं है। कारण, सबको सरकारी नौकरी चाहिए क्योंकि युवा अपने जीवन में स्थिरता का सपना पाले होते हैं। हमारी परंपरा ही जीवन में स्थिरता की रही है। स्थिर जीवन स्थायी नौकरी से संभव है। स्थायी नौकरी आलस्य, मनमानी के साथ ही सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। आज नियोक्ता ठेका आधार पर नौकरी को महत्त्व दे रहे हैं। कर्मचारियों के हितों की बात करने वाले संगठित क्षेत्र में कर्मचारी यूनियंस महत्त्वहीन हो रही हैं। सही बात यह है कि मनमानी की यह व्यवस्था ज्यादा दिन चल नहीं सकती, फिर भी सभी युवक सरकारी नौकरी चाहते हैं। सर्च इंजन गूगल के ताजा सर्वेक्षण के अनुसार, सरकारी नौकरी डॉटकॉम पर सबसे ज्यादा युवकों ने नौकरी खोजी है। वर्गीकृत विज्ञापन देखने के लिए क्लिक करने वाले युवा इस डॉटकॉम पर जरूर हिट कर रहे हैं। क्लासीफाइड का कारोबार देश में तेजी से बढ़ रहा है और आज यह करीब डेढ़ अरब डॉलर का बन चुका है। युवाओं ने बैंकिंग तथा सूचना तकनीकी क्षेत्र में भी रुचि दिखाई है लेकिन 38 फीसदी युवा सिर्फ सरकारी नौकरी डॉटकॉम पर हैं। यह जिस रफ्तार से चल रहा है उसे देखते हुए 2020 तक इसकी भागीदारी 65 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। इसके साथ ही, ऑनलाइन कारोबार में क्लासीफाइड का कारोबार 30 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा।

# आत्मविश्वास कैसे बढ़ाएं

**आत्मविश्वास से आशय स्वंय पर विश्वास एवं नियंत्रण से है। हमारे जीवन में आत्मविश्वास का होना उतना ही आवश्यक है जितना किसी फूल में खुशबू का होना। आत्मविश्वास के बगैर हमारी जिंदगी एक जिन्दा लाश के समान हो जाती है। कोई भी व्यक्ति कितना भी प्रतिभाशाली क्यों न हो, वह आत्मविश्वास के बिना कुछ नहीं कर सकता।**

**प्रशांत झा**

आत्मविश्वास ही सफलता की नींव है, आत्मविश्वास की कमी के कारण व्यक्ति अपने द्वारा किये गए कार्य पर संदेह करता है और नकारात्मक विचारों के जाल में फंस जाता है। आत्मविश्वास उसी व्यक्ति के पास होता है जो स्वंय से संतुष्ट होता है एंव जिसके पास दृढ़ निश्चय, मेहनत, लगन, साहस, वचनबद्धता आदि संस्कारों की सम्पत्ति होती है।

- सबसे पहले अपना लक्ष्य तय करें एवं उन्हें पूरा करने के लिए वचनबद्ध रहें। जब आप अपने द्वारा बनाये गए लक्ष्य को पूरा करते हैं तो यह आपके आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देता है।
- ऐसे लक्ष्य बनाएं जिसे आप प्राप्त कर सकें क्योंकि जब आप ऐसे लक्ष्य बनाते हैं जिसे आप पूरा नहीं कर सकते तो यह आपके मनोबल को गिरा देते हैं और आपका स्वयं पर विश्वास कम हो जाता है। लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए।
- खुश रहकर खुद को प्रेरित करें। असफलता से दुखी न होकर उससे सीख लें।
- हमेशा आसान काम पहले करें और मुश्किल काम बाद में। क्योंकि जब आप पहले आसान कार्य अच्छे से कर लेते हैं तो दबाव कम हो जाता है और आत्मविश्वास बढ़ता है जिससे मुश्किल कार्य भी आसान बन जाता है।
- जब भी सोंचे तो सकारात्मक ही सोचें। इससे आत्मबल में वृद्धि होती है। विनम्र रहें एंव दिन की शुरुआत किसी अच्छे कार्य से करें।
- इस दुनिया में नामुनकिन कुछ भी नहीं है। आत्मविश्वास का सबसे बड़ा दुशमन किसी भी कार्य को करने में असफलता होने का डर है एवं डर को हटाना है तो वह कार्य अवश्य करें जिसमें आपको डर लगता है।
- वह कार्य करें जिसमें आपकी रुचि हो एंव कोशिश करें कि अपने करियर को उसी दिशा में आगे ले, जिसमें आपकी रुचि हो।
- दूसरों की देखा-देखी मत कीजिए, वह पहनिए जो आपको अच्छा लगे या मन को भाये। कपड़े कम खरीदिये लेकिन अच्छे खरीदिये।



- व्यवहारकुशल बनें और हमेशा नम्रता व मुस्कराहट के साथ व्यवहार करें। इससे न केवल आपका आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी, बल्कि इससे आपके अच्छे मित्रों की संख्या भी बढ़ेगी। अच्छे मित्र हमेशा मदद करने के लिए तैयार रहते हैं और आपके सुख दुख में हमेशा आपके साथ होते हैं।
- वर्तमान में जियें। क्योंकि न तो भूतकाल एंव न ही भविष्यकाल पर हमारा नियंत्रण है। बच्चों से दोस्तीं करें और आत्मचिंतन करें।


ध्यान, योग एवं प्राणायाम करें। अपने लिए समय निकालें और कुछ समय एकांत में बिताएं। स्वंय से बात करें और यह महसूस करें कि आप एक बेहतर इन्सान हैं।

- अपनी सफलताओं को याद करें और कल्पना करें कि आप कुछ भी कर सकते हैं और आपके लिए नामुकिन कुछ भी नहीं।
- हमेशा चिंतामुक्त रहने की आदत बनायें, रचनात्मक तरीके से सोचें और कुछ न कुछ नया करते रहें। दिन में कुछ समय संगीत सुनने, खेलने अथवा रचनात्मक कार्यों के लिए जरूर निकालें।
- आत्मनिर्भर बनें एंव जितना हो सके अपने कार्य स्वंय करने की कोशिश करें। आत्मनिर्भरता से आपका लेवल बढ़ता है।
- उस बारे में सोचना बंद कर दें जिस पर हमारा नियंत्रण न हो। अगर आप उस बातों या परिस्थितियों की वजह से दुखी हो जाते है जो आपके नियंत्रण में नहीं है तो इसका परिणाम समय की बर्बादी व भविष्य पछतावा है जिससे आपका मनोबल गिरता है।
- आप अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहें और अपना सौ प्रतिशत मेहनत व लगन से बड़े से बड़ा मुश्किल कार्य आसान हो जाता है। अगर लक्ष्य को प्राप्त करना है तो बीच में आने वाली बाधाओं को पार करना होगा, मेहनत करनी होगी, बार बार दृढ़ निश्चय से कोशिश करनी होगी।
- असफल लोगों के पास बचने का एकमात्र साधन यह होता है कि वे मुसीबत आने पर अपने लक्ष्य को बदल देते हैं। इससे ऐसे लोगों से बचें।अगर आपको सफल होना है तो अपने लक्ष्य पूरे करने की आदत बनाईये न कि उन्हें बार बार बदलने की, अगर आपका अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ निश्चय नहीं है तो आपके आत्मबल का गिरना तय है। **(ब्रदर्स एकेडमी रांची)**

## लोग क्या कहेंगे, यह मत सोचिये

सबसे बड़ा यही रोग है कि लोग क्या कहेंगे। ज्यादातर लोग कोई भी कार्य करने से पहले कई बार यह सोचते हैं कि वह कार्य करने से लोग उनके बारे में क्या सोचेंगे या क्या कहेंगे और इसलिए वे कोई निर्णय ले ही नहीं पाते एवं सोचते ही रह जाते हैं एंव समय उनके हाथ से पानी की तरह निकल जाता है। ऐसे लोग हमेशा डर-डर के जीते हैं और बाद में पछताते हैं। इसलिए दोस्तों ज्यादा मत सोचिये जो आपको सही लगे वह कीजिये क्योंकि शायद ही कोई ऐसा कार्य होगा जो सभी लोगों को एक साथ पसंद आये।

# 2025 में वेतन के साथ नौकरी से जुड़ी नयी उम्मीदें



**जॉब वेल्यूज : बेहतर पैकेज के साथ ही युवा वर्क-लाइफ बैलेंस को दे रहे तरजीह**

**जॉब सर्च की प्राथमिकताओं में पैकेज संग वर्क-लाइफ बैलेंस का फेक्टर भी शामिल**

आगामी साल में बेहतर वेतन के साथ ही युवा पेशेवर नये जॉब मूल्यों को प्राथमिकता देंगे। मसलन वर्क-लाइफ बेलेंस, कार्यस्थल पर क्रिएटिविटी व मल्टीस्किलिंग और एडैप्टेबिलिटी का माहौल। ये पेशेवर कंपनी से रिमोट वर्क और पर्यावरण अनुकूलता भी चाहते हैं।

कीर्तिशेखर

साल 2025 में कैरियर वैल्यूज बिल्कुल बदली-बदली दिखेंगी। एक जमाना था जब इम्प्लॉयी, इम्प्लॉयर से बस एक शानदार तनख्वाह चाहता था, इसके अलावा और कोई डिमांड नहीं होती थी। लेकिन अब उसकी बहुत चाहतें और मांगें बदल गई हैं। अब युवा सिर्फ नौकरी नहीं बल्कि ऐसे कैरियर मूल्यों के साथ नौकरी चाहता है, जो उसके जुनून और सामाजिक दृष्टिकोण से मेल खाते हों। अगले साल में कैरियर के क्षेत्र में कई नयी तरह के मूल्य उभरकर सामने आने वाले हैं।

## लाइफ-वर्क बैलेंस

आज का युवा नौकरी के नाम पर अपने को झोंक देने के लिए तो तैयार है, लेकिन इसके साथ एक संतुलन भी चाहता है। बहुत साल पहले एक ट्रेंड उभरकर आया था, ह्यजमकर मेहनत, छककर मस्तीह्ल। लेकिन अब बड़ा बदलाव आया है। दरअसल पहली बात तो 9-5 वाली नौकरियों को अब युवा बाय-बाय कहना चाहते हैं। वे ऐसी नौकरी चाहते हैं, जहां काम पर आने-जाने का समय लचीला हो। कोरोना महामारी के वर्क फ्रॉम होम का जो कल्चर डेवलप हुआ, वह अब स्थायी होता जा रहा है। उससे भी आगे अब रिमोट वर्क नये सिरे से काम कर रहा है। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां आने वाले समय में ऐसे छोटे और रिमोट इलाके में जाकर काम करेंगी, जिनके बारे में पहले सोचा भी नहीं जा सकता था। क्योंकि आज का युवा जितना महत्व नौकरी को देता है, उतना ही अपनी जिंदगी और मानसिक स्वास्थ्य को भी देता है। इसलिए अब नये कैरियर वैल्यूज में युवाओं को लाइफ-वर्क बैलेंस चाहिए। नौकरी के लिए वे स्वास्थ्य और आजादी खोना नहीं चाहते।

## मल्टीस्किलिंग और एडैप्टेबिलिटी

अब युवा जिंदगी किसी एक क्षेत्र या कैरियर में सीमित नहीं रहना चाहतावह एक साथ कई तरह की स्किल्स सीखकर अपने काम को मल्टीडाइमेंशन देना चाहता है। ऐसे कैरियर की तलाश में रहता है, जो उसे एक साथ बहुत कुछ करने का मौका दे। पहले इसे डायवर्जन समझा जाता था, अब इसे डायमेंशनल समझा जाता है। बड़ी कंपनियां खुद इसे स्वीकार कर रही हैं। यही कारण है कि टैक्नोलॉजी और आर्ट का संयोजन अब दुर्लभ आश्चर्य नहीं है बल्कि नई स्मार्टनेस का मानदंड है। भविष्य में खेती ज्यादातर पढ़े-लिखे लोग करेंगे। एग्रीकल्चर अब एग्रीटेक के रूप में उभरेगी।



युवाओं का रुझान खेती की तरफ बढ़ा है।

## आजादी और क्रिएटिविटी

आज के युवा नये कैरियर वैल्यू के रूप में अब ऐसे जॉब्स को प्राथमिकता दे रहे हैं, जो उनकी रचनात्मकता और स्वतंत्र सोच को प्रोत्साहित करें। आजादी और क्रिएटिविटी उसकी प्राथमिकता है। फिक्स टाइम की नौकरी के बजाय वह फ्रीलांसिंग की तरफ बढ़ रहा है और कुछ कामों में उसने कॉम्बीनेशन विकसित भी किया है। मसलन कंटेंट क्रिएशन, गेमिंग और डिजाइनिंग में उसकी भरपूर कोशिश दिख रही है कि वह आजादी के साथ रचनात्मकता को नये आयाम दे।

## सस्टेनबिलिटी और पर्यावरणीय जिम्मेदारी

युवा ऐसी नौकरियों की तलाश कर रहे हैं, जो पर्यावरण को बचाने में योगदान करें। ग्रीन जॉब्स, सस्टेनेबल आर्किटेक्चर, क्लाइमेट टेक और कार्बन न्यूट्रल वर्क प्लेस जैसी भूमिकाएं वास्तव में इसी जिम्मेदारी और चाहत का नतीजा हैं। पसंदीदा हैं ऐसे संस्थान जो पर्यावरण के अनुकूल काम का माहौल देते हैं, जहां वेतन के साथ कई दूसरे लाभ मौजूद हों जो आपकी जिंदगी को ज्यादा खुशहाल बनाते हैं मसलन हेल्थ पॉलिसी और आरामदायक माहौल में काम करने की आजादी।

## ग्लोबल विजन-लोकल कनेक्शन

आज का युवा चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में बैठा हो, लेकिन उसकी सोच, विजन ग्लोबल है। वह अपने लोकेल में रहते हुए ग्लोबल इम्पोर्टेंट हासिल करना चाहता है। युवा चाहता है कि वह ग्लोबल समझ रखे, ग्लोबल सोच रखे, लेकिन अपने इर्द-गिर्द की समस्याओं को हल करने में जी-जान लगा दे। वह डिजिटल टेक के साथ जी रहा है। कैरियर वैल्यूज में डिजिटल और टेक ड्रिवन को भी प्राथमिकता देना चाहता है। 2025 में 100 में से 75 नौकरियों पर दबाव होगा कि वे ज्यादा से ज्यादा अपने फॉर्मेट को डिजिटल बनाएं।

## डायवर्सिटी और समावेशिता

आज का युवा ऐसे कार्यस्थलों को काम करने के लिए प्राथमिकता देता है जहां लिंग, धर्म, जाति जैसा कोई भेदभाव न हों। कार्यस्थल समावेशी और सहयोगात्मक हो। यही वजह है कि गिग इकोनॉमी और इंटरप्रिन्योरशिप तेजी से बढ़ रहे हैं। आत्मनिर्भरता और अपनी शर्तों पर काम करने का यह चलन तेजी से उभर रहा है।

# नव वर्ष के मौके पर सज धज कर तैयार हैं अनगड़ा खूबसूरत पर्यटक स्थल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़।** प्रकृति ने अनगड़ा प्रखंड को दिल खोल कर सुन्दर और दिलकश वादियों से नवाजा है । इन्ही खूबसूरत वादियों में जोन्हाफॉल हुंडरूफॉल सीताफॉल व गेतलसुद डैम बरबस पर्यटकों और शैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। नए साल में पर्यटकों और पीकनीक मननाने वालों के लिए उक्त पर्यटक स्थल सज धज कर तैयार हैं।

**सावधान रहे**

उक्त पर्यटन स्थलों में आने वाले पर्यटक सावधानी अवय बरतें। सीढ़ीयां सावधानी से उतरें। पानी के समीप न जायें तथा नशा का सेवन न करें। मार्ग में कई जगह सड़क घुमावदार है, इसलिये वाहन की गति पर नियंत्रन रखें। खतरनाक स्पोट पर सेल्फी न लें पर्यटनमित्रों व सुरक्षाकर्मियों के निदेर्शों का पालन अवश्य करें वरना हादसे का भी शिकार हो सकते हैं।




प्रकृति की गोद में बसे जोन्हाफॉल की सुंदरता का लुत्फ उठाने के लिए दिसम्बर और फरवरी महीने के बीच रांची सहित पुरे झारखण्ड बिहार बंगाल से हजारों लोग आते हैं । नए साल के मौके पर भी पीकनीक मनाने वालों की यहां भीड़ उमड़ती है और पूरा फौल खचाखच भर जाता है। रांची से जोन्हाफॉल की दुरी करीब 37 किमी है यहां रांची-मुरी मार्ग होते हुए पहुंचा जा सकता है. सड़क मार्ग के अलावे रेलमार्ग से भी पर्यटक यहां पहुंचते हैं 140 फीट की उंचाई से अठखेलिया करते हुए गिरते झरने के पानी के फुहार सैलानियों को एक अलग तरह रोमांच की अनुभुति करते है । फौल तक उतरने के लिए 450 सीढ़ीयां बने हुए है। जिसके माध्यम से फौल तक पहुंचा जा सकता है । भगवान गौतम बुद्ध का एक प्राचीन मंदिर है मान्यता है कि भगवान गौतम बुद्ध ने यहां के शांत वातावरण में कुछ समय व्यतित किये थे इसलिये इस फॉल को गौतमधारा के नाम से भी जाना जाता है । इस मन्दिर का निर्माण बिड़ला परिवार के द्वारा कराया गया था।


प्राकृतिक की अपार सुन्दरता को अपने गोद में समेटे पहाड़ों एवं घने जंगलों के बीच स्थित यह फौल स्वर्णरेखा नदी पर अवस्थित है। प्राकतिक सौन्दर्य से भरपूर यह फॉल बेहद सुंदर और मनमोहक है। यह रांची से करीब 44 किमी की दूर है यह रांची पुरुलिया सड़क से अनगड़ा चैक से बायें अनगड़ा हुन्डर सड़क से गेतलसुद होते हुए पहुंचा जा सकता है। रांची-हजारीबाग सड़क से दाहिने ओरमांझी चैक से सिकिदीरी होते हुए भी फौल तक पहुंचा जा सकता है। इस फॉल में झरना का पानी 320 फीट की ऊंचाई से गिरता है जो पर्यटकों और शैलानियों को कौतुहल व रोमांच से भर देता है। पर्यटक घंटों मंत्रमुग्ध होकर फॉल की सुंदरता को निहारते रहते है। इस फौल में झारखंड व बंगाल से काफी संख्या में पर्यटक आते हैं। पर्यटकों की सुविधा के लिए सरकार के द्वारा यहां टुरिस्ट कॉम्पलेक्स व शेड निर्माण किए गए हैं। पर्यटकों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए पर्यटन मित्र व स्थानीय ग्रामीण पर्यटकों की सेवा में सदैव तत्पर रहते है। फॉल तक पहुंचने के लिए 650 सीढ़ीयां का सफर तय करना पड़ता है।






सीताफॉल रांची से सीताफाल की दुरी 44 किमी है जोन्हाफॉल से यह 4 किमी दूरी पर स्थित है यह फॉल निर्जन व सुनसान जगह पर स्थित है। यहां 300 फीट की उंचाई से झरना का पानी गिरता है। जो पर्यटकों को मनोहरी दृश्य उत्पन्न करता है। यहां स्थित एक प्राचीन मंदिर में चट्टान पर माता सीता के पदचिन्ह साक्षात है मान्यताओं के अनुसार श्रीराम माता सीता और लक्षमण वनवास के दौरान इधर से गुजरे थे। पर्यटक 350 सीढ़ीयां उतरकर मनमोहक फॉल के मनोरम दृयों का आनन्द उठा सकते है ।

**गेतलसुद डैमः** प्रकृति के गोद में बसा गेतलसुद डैम भी अनगड़ा को पर्यटन के क्षेत्र में पहचान दिलाता है। स्वर्णरेखा नदी पर हजारों एकड़ में बांधा गया डैम का पानी लोगों को बरबस अपने ओर आकर्षित करता रहता है। सामान्य दिनों एवं नये साल पर भी पिकनिक मनाने के लिए यहां लोगों की भारी भीड़ जुटती हैं। नव वर्ष में परिवार के साथ लोग यहां काफी संख्यां में पीकनीक मनाने आते हैं।



## अपराधिक गिरोह बंद घरों को बना रहे निशाना

# पुलिस करेगी बंद घर की निगहबानी : थानेदार

- आधार कार्ड है जरूरी
- चोरी से मिलेगी निजात

**शेख मुजिबुल**

**रातू।** थाना क्षेत्र में पिछले पांच साल से अपराधिक गिरोह बंद घरों को निशाना बना रहे हैं। इसकी खास वजह है पड़ोसी को बगैर बताये बाहर जाना। दरवाजे में ताले जड़ लोग महीनों गायब रहते हैं। इसकी भनक लगते ही अपराधकर्मी हाथ साफ कर लेते हैं। घर मालिक जब लौटते हैं, तो उनके पास सिर पीटने की सिवाय कुछ नहीं रह जाता है। इससे निजात पाने का एक बेहत्तर उपाय है कि व्यक्ति कहीं जाने से पहले थाने को लिखित सूचना दे। सूचक को आधार कार्ड की छाया प्रति देना अनिवार्य होगा। इसके बाद पुलिस उनके घर की निगहबानी करेगी। ताकि, घटना पर अंकुश लगाया जा सके। उक्त बातें थानेदार आरएन सिंह ने कही। वह खबर मंत्र से बातचीत कर रहे थे।

### मुहल्ला कमेटी का हो गठन


थानेदार आरएन सिंह।

श्री सिंह ने कहा कि हाल के वर्षों में दूसरे राज्य और जिले से आकर लोग बसे हैं। पड़ोसी से उनकी कोई पहचान नहीं है। युवाओं में नशा और जुए की लत बढ़ी है। इस पर सामाजिक पहल की जरूरत है। यह तभी संभव है, जब क्षेत्र में मुहल्ला कमेटी का मुक्कमल गठन हो।

### घरों में लगायें सीसीटीवी

थानेदार ने लोगों को सीसीटीवी लगाने का सुझाव दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मकान बनाने में लोग लाखों खर्च करते हैं। लेकिन, 20-25 हजार में सीसीटीवी लगाना जरूरी नहीं समझते हैं। तकनीक के इस युग में तीसरी आंख का होना हर दृष्टिकोण से फायदेमंद है। उन्होंने समाज के प्रबुद्ध जनों से पुलिस को सहयोग करने की अपील की है।

## एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सारजमडीह बना चैंपियन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली के टुटकी कॉलेज मैदान में रविवार को टुटकी यूवा क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के 8 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच मारदु एफसी व सारजमडीह एफसी के बीच खेला गया। जिसमें मारदु एफसी को 1 गोल से हराकर सारजमडीह चैंपियन बना। विजेता टीम को जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवं उपविजेता को गूंज परिवार के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने पुरुषकार स्वरूप नगद राशि देकर सम्मानित किया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष ने आयोजक समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन फुटबॉल के प्रति उत्साह बढ़ाने के साथ साथ यह युवाओं को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित भी करेगी। उन्हें कहा कि उम्मीद है कि आगे भी ऐसे आयोजन किया जाए जो युवाओं को खेल और स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कमलेश महली, रविन्द्र करमाली, हेमंत नायक, राकेश महतो, गोरा चांद, दिनेश महतो, पतित महतो, लाला महतो, शरद महतो, अजय महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## कांटा घर बंद होने से रोड सेल व रेल मार्ग से होने वाली कोयला ढुलाई पूरी तरह से ठप

# कांटा बंद होने से पड़ा प्रभाव

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया के कांटा घरों में डिजिटाइजर मशीन के अंदर मिले रिमोड कंट्रोल चीफ के बाद कांटाघर को बंद कर दिया गया हैं । कांटा घर बंद होने से रोड सेल व रेल मार्ग से होने वाली कोयला ढुलाई पूरी तरह से ठप पड़ गई है। बताया जा रहा हैं की एनके एरिया में कुल 11 कांटा घर हैं। एरिया से रोड सेल एवं साइडिंग ट्रांस्पोर्टिंग को मिलाकर प्रतिदिन कुल 3000 हजार टन कोयला का सेल होता था, जो घटना के बाद पूरी तरह से ठप पड़ा है। वही कांटा घर बंद होने से कोयला व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। सीसीएल एनके एरिया के कांटा घर में लगे डिजिटाइजर मशीन में चिप कैसे लगा इस पर लोगों के जहन में सवाल उठने लगे हैं। कांटा घर में वजन मशीन लगाने की प्रक्रिया में मापतोल विभाग से परमिशन लेते हुए लगाना पड़ता है। वही मशीन के लिए सीसीएल द्वारा पहले वार्षिक रखरखाव करने वाली कंपनी का टेंडर किया जाता है। टेंडर में शामिल होने वाली कंपनी मापतोल विभाग में अपना पूरा ब्योरा प्रस्तुत करती है। वजन घर में मशीन लगाने के दौरान राज्य सरकार के मापतोल विभाग के अधिकारी की मौजूदगी में वार्षिक रखरखाव कंपनी के कर्मियों द्वारा मशीन लगाकर उसे सील किया जाता है।

इधर सीसीएल के कांटा घर को कंट्रोल कर वजन में हेराफेरी करने के मामले पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार के मापतोल विभाग की टीम ने सीसीएल मुख्यालय के संबंधित विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर मशीनों के वार्षिक देखरेख का काम करने वाली कंपनी को निलंबित करने का आदेश दिया है।

**कांटा बंद होने से लोकल लोगों का रोजगार पर पड़ा असर**



# नये साल में लोगो के स्वागत के लिए तैयार सिल्ली के पिकनिक स्पॉट








**एजेंसी**

**सिल्ली।** नये वर्ष पर पर्यटको के लिए सिल्ली मुरी एवं आसपास के कई पिकनिक स्पॉट हैं। सिल्ली में जहां मुरी टुंगरी पार्क वही रामडेरा सिल्ली स्थित हिरण पार्क में छोटे बड़े हिरणो का झुंड देखने को मिलेंगे एवं ऑडियो विजुवल केंद्र रामडेरा सिल्ली में लोगो को पार्क में झुला समेत कला संस्कृति की झलकीयां भी देखने को मिलेगी तथा अंबेदकर पार्क सिल्ली में प्राकृतिक दृश्य एवं बाबा अंबेदकर की प्रतिमा देख सकते है। वही चांगडु स्थित ईको पार्क पर भी आनंद ले सकते है। साथ ही धौवाटिकरा के उरांगढ़ा नदी तट पर मनोरम वादियो के बीच पिकनिक मनाने एवं मुरी माड़दु स्वर्णरेखा नदी के तटपर देलबेड़ा मंदिर की कलाकृतियां एवं भगवान भोले शंकर के दर्शन पुजा अर्चना कर सकते है।

## आनंद मार्ग तीन दिवसीय धर्म महासम्मेलन प्रारंभ



**सिल्ली/मुरी।** पश्चिम बंगाल पुनदाग में आनंद मार्ग का तीन दिवसीय धर्म महासम्मेलन प्रारंभ हो गया। यह 29से 31 दिसंबर तक चलेगा। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभात संगीत गायन एवं समूह कीर्तन से किया गया। महासम्मेलन के पूर्व संध्या शनिवार से ही मंत्र बाबा नाम केवलम कीर्तन से शुरू किया गया था। कार्यक्रम में आनंद मार्ग के अनुयायियो ने मार्ग गुरु प्रतिनिधिका को माला पहना कर स्वागत किया गया। इस मौके पर गुरु आचार्य विकासानंद अवधूत आनंद नगर पुनदाग पहुंचने पर भक्तों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

## श्रीमती शेफाली पंडया ने अखंड दीप कलश यात्रा को दिखायी झंडी

**जमशेदपुर।** रविवार को गायत्री शक्तिपीठ, गोलपहाड़ी जमशेदपुर से अखंड दीप कलश यात्रा का शुभारंभ श्रीमती शैफाली पांड्या के द्वारा झंडा दिखाकर प्रारंभ किया गया। शैफाली पांड्या शांतिकुंज हरिद्वार से विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जो कि शांतिकुंज हरिद्वार के ट्रस्ट मंडल के सदस्य के अलावा युवाओं का प्रेरणाश्रोत हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## लोक समर्पण : बिरसानगर क्षेत्र में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में बढ़ती ठंड से निजात दिलाने के उद्देश्य से शहर की समाजिक संस्था लोक समर्पण के द्वारा रविवार को बिरसानगर क्षेत्र में कंबल वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी ललित दास के नेतृत्व में बिरसानगर स्थित 1बी हरि मंदिर माछपाड़ा में स्थानीय जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष ललित दास के संग संस्था के सदस्यों ने पांच सौ से अधिक लोगों को कंबल भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष ललित दास ने स्थानीय लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने बताया कि संस्था लोक समर्पण के द्वारा जमशेदपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में लोगों की लगातार सेवा की जा रही है। बढ़ते ठंड के मद्देनजर लोगों को ठंड से बचाव हेतु संस्था के युवा सदस्य लगातार जरूरतमंदों के बीच जाकर कंबल सेवा के जरिये उन्हें राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में लोगों में कंबल वितरण किया गया है।


कंबल वितरण के दौरान समाजसेवी ललित दास।

## न्यू सिद्गोड़ा पूजा कमेटी का क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** न्यू सिदगोड़ा पूजा कमेटी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिदगोड़ा सिनेमा मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि झामुमो के पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, विशिष्ट अतिथि शिव शंकर सिंह, कमेटी के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, समरेश सिंह व अन्य उपस्थित हुए। टूर्नामेंट में कुल 24 टीमें भाग ले रही है। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 5 जनवरी को खेला जायेगा, जिसमें विजेता टीम को 50 हजार रुपये एवं ट्रॉफी एवं उप विजेता टीम को 30 हजार रुपये एवं ट्रॉफी और मैन ऑफ द सीरीज को 5 हजार रुपये बतौर इनाम दिये जायेंगे। टूर्नामेंट के हर मैच में मैन ऑफ द मैच को भी उचित राशि और मोमेंटम दिया जायेगा। पहला मैच आज यूथ आईकन और यूथ चौम्प के बीच खेला गया।

## आज जुगसलाई पहुंचेगी ढांढण वाली दादी जी की दिव्य ज्योत रथयात्रा

**जमशेदपुर।** भारत भ्रमण पर निकली कुल देवी श्री ढांढण वाली दादी मां (श्री टीडा गेला दादी जी) की दिव्य ज्योत रथयात्रा सोमवार 30 दिसंबर को जुगसलाई पहुंचेगी। यह ज्योत रथयात्रा कोलकाता से जमशेदपुर आयेगी। जुगसलाई चौक बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में दोपहर 3 बजे दिव्य ज्योत रथयात्रा का स्वागत किया जायेगा। शाम 5 बजे से शिव मदिर में भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। इसका आयोजन श्री ढांढण शक्ति प्रचार मंडल टाटानगर कर रहा है। कार्यक्रम संयोजक सीता राम भरतिया, माधव भरतिया, विराट भरतिया एवं निखिल बजाज ने बताया कि स्वागत यात्रा में छउ नृत्य, ऊंट सावरी, बैंड बाजा के साथ सभी भक्त दादी मां की ध्वजा लेकर साथ चलेंगे। जुगसलाई एमई स्कूल रोड स्थित श्री राजस्थान शिव मंदिर पहुंचकर स्वागत यात्रा संपन्न होगी। भजन संध्या में आमंत्रित कलाकार कोलकाता के मूलचंद बजाज, अविनाश अग्रवाल, मोनू मोर एवं कविता अग्रवाल भजनों की शानदार प्रस्तुति देंगे।

## अत्याचारियों का समूल नाश करने के लिए भगवान लेते हैं अवतार : आचार्य आशुतोष

**जमशेदपुर।** गोलमुरी के टुइलाडुंगरी स्थित गाढ़ाबासा कम्युनिटी सेंटर में चल रहे भागवत कथा में चौथे दिन रविवार को व्यास पीठ से कथावाचक आचार्य आशुतोष तिवारी शांडिल्य जी महराज (अयोध्या धाम से आये) ने भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण के जन्म का मनोरम वर्णन किया गया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कृष्ण जन्म प्रसंग शुरू होते ही पंडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के घर आनंद भया जय कन्हैया लाल की भजनों के साथ झूम उठे। भागवत कथा में कृष्ण जन्म की बधाई सुन श्रोता नाचने लगे और वातावरण ष्णमय हो गया। उन्होंने धर्म और मर्यादा के पालन हेतु आज की युवा पीढी को भगवान श्री कृष्ण से संस्कार की सीख लेने की बात कही। भक्त भगवान सेवा समिति द्वारा आयोजित कथा के दौरान राम जन्म, राम चरित्र और कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए महाराज ने कहा कि जब-जब भी धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुईं, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रुप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। महाराज ने कृष्ण जन्म की कथा के पूर्व भगवान राम के अवतार की लीला का वर्णन किया। उन्होंने रामकथा का संक्षिप्त में वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने धरती को राक्षसों से मुक्त करने के लिए अवतार धारण किया। महाराज श्री ने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनते हुए उसी के अनुसार कार्य करें। कथा का सुनना तभी सार्थक होगा।

# सेवंती की तरह श्रद्धा और विश्वास हो तो शिव जी की कृपा निश्चित होगी : वृजनंदन शास्त्री

- गौ की सेवा के लिए सभी मंदिरों में रखना चाहिए एक दान पात्र
- मानगो वसुन्धरा एस्टेट में शिव कथा का चौथा दिन- रविवार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे श्री शिवकथा महोत्सव ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन रविवार को वृन्दावन से पधारे कथावाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने श्री गणेश प्रकट महिमा, नंदी महिमा, पार्वती मंगल, विश्वनाथ मल्लिका और भगवान भोलेनाथ की परम भक्त सेवंती की कथा का विस्तार से वर्णन किया। महाराज जी ने कहा कि सेवंती की तरह अगर भगवान शिव पर श्रद्धा और विश्वास हो तो निश्चित ही शिव कृपा होगी। गुरुजी ने गौमाता के संरक्षण हेतु कहा कि हर मंदिर में एक दान पात्र गौ माता की सेवा के लिए रखना चाहिए। धर्म को बचाने के लिए धन की आवश्यकता होती है। उन्होंने सेवा को सबसे बड़ा शस्त्र बताया। कार्तिकेय भगवान गणेश से उम्र में बड़े हैं। लेकिन एक श्राप के कारण कार्तिकेय हमेशा बाल्य रूप में रहते हैं। महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से शिव पुत्र गणेश कार्तिक महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि धरती में 1 मुख से 14 मुख तक के रुद्राक्ष होते हैं और सभी रुद्राक्ष अलग-अलग होते है। उन्होंने रुद्राक्ष की महिमा का गुणगान किया। महाराज जी ने कथा के माध्यम से भगवान श्री शिव के अलग-अलग रूपों की जीवंत झांकियों का दर्शन कराया।


कथा सुनाते बृजनंदन शास्त्री।

## चौथे दिन बोलैंड-लियोन की साझेदारी से भारत को हुआ नुकसान, आस्ट्रेलिया की बढ़त 333 रन की

# कमिंस और लायन ने दिलाई आस्ट्रेलिया को बड़ी बढ़त

एजेंसी

**मेलबर्न।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की सीरीज का चौथा टेस्ट मेलबर्न में खेला जा रहा है। इस बॉक्सिंग डे टेस्ट के चौथे दिन का खेल खत्म हो चुका है। आस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में नौ विकेट गंवाकर 228 रन बना लिए हैं। पहली पारी के आधार पर उनके पास 105 रन की बढ़त थी। ऐसे में टीम की कुल बढ़त 333 रन की हो चुकी है। अब तक मेलबर्न में सिर्फ एक बार 300 से ज्यादा रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक चेज किया गया है। अब भारत को मेलबर्न में इतिहास भी रचना होगा और इस मैदान पर सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करना होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे पहले मेलबर्न में टेस्ट में सबसे सफल चेज 332 रन का था, जो इंग्लैंड ने 1928 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था। 300 रन के ऊपर के लक्ष्य को बस इसी मैच में सफलतापूर्वक पीछा किया गया था। सोमवार को 98 ओवर का खेल होगा। यह देखने वाली बात होगी कि टीम इंडिया शुरूआती सत्र में आस्ट्रेलियाई पारी समेट पाती है या नहीं।



#### आस्ट्रेलिया की दूसरी पारी

आस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में बल्लेबाजी खराब रही। मार्नस लाबुशेन ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए। वहीं, कप्तान पैट कमिंस ने 41 रन की पारी खेली। इसके अलावा लियोन ने रन बनाए हैं। आस्ट्रेलिया के पांच बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। इनमें सैम कोंस्टास (8), ट्रेविस हेड (1), मिचेल मार्श (0), एलेक्स कैरी (2) और मिचेल स्टार्क (5) शामिल हैं। उस्मान ख्वाजा 21 रन और स्टीव स्मिथ 13 रन बनाकर आउट हुए। भारत की ओर से बुमराह ने अब तक चार विकेट और सिराज ने तीन विकेट लिए हैं। रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला।

#### भारत की पहली पारी

इससे पहले रविवार को भारत ने नौ विकेट पर 358 रन से आगे खेलना शुरू किया और 11 रन जोड़ने में बाकी बचा एक विकेट गंवा दिया। नीतीश रेड्डी आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें नाथन लियोन ने स्टार्क के हाथों कैच कराया। नीतीश ने करीब 279 मिनट मैदान पर बिताए। उन्होंने आखिरी विकेट के लिए सिराज के साथ 36 गेंद में 19 रन की साझेदारी की। नीतीश ने वॉशिंगटन सुंदर के साथ आठवें विकेट के लिए 127 रन की साझेदारी निभाई। सुंदर और नीतीश दोनों ने 150-150 गेंद खेलीं। टेस्ट क्रिकेट में ऐसा पहला बार हुआ जब किसी टीम के आठवें और नौवें नंबर के बल्लेबाज ने 150+ गेंदें खेली हों।

### लियोन-बोलैंड की साझेदारी ने पहुंचाया नुकसान

चौथे दिन स्कॉट बोलैंड और नाथन लियोन की शानदार बल्लेबाजी ने भारत को विकेट के लिए तरसा दिया। दोनों ने 10वें विकेट के लिए अब तक 110 गेंद में 55 रन की साझेदारी कर ली है। लियोन 41 रन और बोलैंड 10 रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया को नौवां झटका 173 के स्कोर पर लगा था। लियोन और बोलैंड की साझेदारी ने भारत को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। 110 गेंद यानी दोनों मिलकर करीब 18 ओवर बल्लेबाजी कर चुके हैं। दिन के आखिरी ओवर में टीम इंडिया के पास मौका भी आया, लेकिन बुमराह की वह गेंद नो बॉल रही। बुमराह की नो बॉल पर लियोन के बल्ले का किनारा लगा और गेंद स्लिप में गई। राहुल ने कैच भी पकड़ा, लेकिन नो बॉल की वजह से लियोन को जीवनदान मिल गया।

#### जीवनदान की वजह से बनी साझेदारी

यशस्वी जायसवाल ने मार्नस लाबुशेन का आसान कैच गिरा दिया। इसकी वजह से उन्होंने कमिंस के साथ मिलकर पारी को संभाल दिया। लाबुशेन ने इस बीच अपनी फिफ्टी भी पूरी की। दोनों के बीच 57 रनों की साझेदारी हुई। सिराज ने लाबुशेन (70) का विकेट लिया।



### बुमराह ने आस्ट्रेलिया में रचा इतिहास

बुमराह ने एकबार फिर भारतीय पेस अटैक को लीड किया और छह में से चार विकेट झटके। बुमराह ने इसी के साथ टेस्ट में 200 विकेट भी पूरे कर लिए। वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले भारत के 12वें गेंदबाज बने। बुमराह ने महज 44वें टेस्ट में यह मुकाम हासिल किया। इस दौरान उनका गेंदबाजी औसत 19.3 का रहा है, जो कि शानदार है। बुमराह का औसत 200+ टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में मेल्कम मार्शल और कर्टली एम्ब्रोस जैसे महान गेंदबाजों से भी बेहतर है। इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट मैचों के हिसाब से सबसे तेज 200 विकेट लेने के मामले में हरभजन सिंह और अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया। बुमराह के फिलहाल 44 टेस्ट में 19.3 के औसत से 202 विकेट लिए हैं। 27 रन देकर छह विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। वहीं, बुमराह ने 12 बार पारी में पांच विकेट लिए हैं।

#### आस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा इंटरनेशनल विकेट लेने वाले गेंदबाज बने बुमराह

इंटरनेशनल क्रिकेट में अब तक भारत की तरफ से आस्ट्रेलिया में आस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड कपिल देव के नाम पर था। जिसे जसप्रीत बुमराह ने तोड़ते हुए अब उसे अपने नाम कर लिया है। बुमराह ने अब तक आस्ट्रेलिया में उनके खिलाफ कुल 74 विकेट इंटरनेशनल क्रिकेट में हासिल किए हैं तो वहीं कपिल देव ने कुल 72 विकेट हासिल किए थे। इसके अलावा अनिल कुंबले के नाम 53 विकेट दर्ज हैं। बुमराह इसके अलावा सबसे कम मैचों में 200 विकेट हासिल करने वाले भारत के अश्विन के बाद दूसरे गेंदबाज भी हैं।

#### बुमराह घर से बाहर सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले 5वें भारतीय गेंदबाज

टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम के लिए अब तक कई गेंदबाजों ने अपने प्रदर्शन से टीम की जीत में योगदान दिया है, तो वहीं बुमराह का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। घर से बाहर जसप्रीत बुमराह का गेंद से काफी बेहतरीन रिकॉर्ड देखने को मिलता है तो वहीं वह अब भारत के लिए घर से बाहर सबसे ज्यादा टेस्ट में विकेट लेने के मामले में मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ते हुए 5वें नंबर पर पहुंच गए हैं। बुमराह ने अब तक 155 टेस्ट विकेट घर से बाहर हासिल किए हैं। वहीं इस लिस्ट में पहले नंबर पर अनिल कुंबले का नाम शामिल है।

#### घर से बाहर सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज

| |
|---|
| अनिल कुंबले – 269 विकेट |
| कपिल देव – 215 विकेट |
| जहीर खान – 207 विकेट |
| इशांत शर्मा – 207 विकेट |
| जसप्रीत बुमराह – 155 विकेट अब तक |
| मोहम्मद शमी – 154 विकेट |

#### 4 गेंदबाज जिन्होंने सबसे कम गेंदों पर झटके 200 टेस्ट विकेट

**1. वकार यूनिस- 7725 बॉल**

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस टेस्ट में सबसे कम गेंद पर 200 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वकार ने सचिन तेंदुलकर के साथ 1989 में टेस्ट डेब्यू किया था। 1995 में उन्होंने 200वां विकेट लिया और यह रिकॉर्ड आज तक कायम है।

**2. डेल स्टेन- 7848 बॉल**

डेल स्टेन टेस्ट इतिहास के सबसे बेहतरीन गेंदबाजों में गिने जाते हैं। वह कई सालों तक रैंकिंग में पहले नंबर पर थे। स्टेन ने 7848 गेंदों पर टेस्ट में 200 विकेट पूरे किए थे। 2019 में स्टेन ने संन्यास का ऐलान कर दिया था।

**3. कगिसो रबाडा- 8154 बॉल**

एक्टिव गेंदबाजों में साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा के नाम सबसे कम गेंद में 200 विकेट लेने का रिकॉर्ड है। रबाडा की घरेलू परिस्थिति तेज गेंदबाजों को काफी मदद करती है। यही वजह है कि इस लिस्ट में उनका नाम होना चौंकाने वाला नहीं है।

**4. जसप्रीत बुमराह- 8484 बॉल**

जसप्रीत बुमराह सबसे कम गेंद पर 200 विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर आ गए हैं। अपने करियर की 8484वीं गेंद पर बुमराह ने ट्रेविस हेड को आउट किया। 31 साल के बुमराह ने 2018 में भारत के लिए टेस्ट डेब्यू किया था।

## पाक को हरा दक्षिण अफ्रीका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में

एजेंसी

**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को पहले टेस्ट में दो विकेट से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। इसी के साथ टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए सिर्फ 148 रन चाहिए थे। उन्होंने आठ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालिफाई किया है।

#### डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट में जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। बता दें कि, डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला अगले साल 11 जून से 15 जून के बीच खेला जाएगा। वहीं, एक दिन रिजर्व डे के तौर पर रखा गया है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में दक्षिण अफ्रीका शीर्ष पर काबिज है। 11 मैचों में सात जीत के साथ उनका अंक प्रतिशत 66.67 हो गया है। अब देखना होगा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम कौन सी होगी।

#### भारत और आस्ट्रेलिया के बीच दूसरे स्थान के लिए लड़ाई

भारत और आस्ट्रेलिया के बीच फिलहाल पांच मैचों की टेस्ट सीरीज जारी है।अगर रोहित शर्मा की सेना ये दो मैच अपने नाम करने में कामयाब होता है तो डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन सकती है। फिलहाल ऑस्ट्रेलिया 58.89 के अंक प्रतिशत और भारत 55.88 के अंक प्रतिशत के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

## अर्शदीप व बाबर साल के सर्वश्रेष्ठ टी20 खिलाड़ी की नामांकन सूची में शामिल

**दुबई।** भारतीय टीम के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को साल के सर्वश्रेष्ठ आइसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। क्रिकेट की वैश्विक संस्था आइसीसी ने 2024 के सर्वश्रेष्ठ टी20 खिलाड़ियों के नामित सदस्यों की सूची रविवार को जारी की जिसमें अर्शदीप को भी जगह मिली। अर्शदीप इस साल टी20 विश्व कप में संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने आठ मैचों में 12.64 के औसत और 7.16 की इकॉनोमी रेट से 17 विकेट झटके थे। जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा को भी नामांकन खिलाड़ियों की सूची में जगह मिली है। रजा इस साल टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने थे। रजा ने 23 पारियों में 28.65 के औसत और 146.54 के स्ट्राइक रेट से 573 रन बनाए जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल है।

## सिनर, स्वियातेक के डोपिंग मामलों पर खिलाड़ियों को अंधेरे में रखा गया: जोकोविच

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रविवार को इस खेल में डोपिंग से जुड़े हाई-प्रोफाइल मामलों से निपटने में दोहरे मापदंड अपनाने की आलोचना की। जोकोविच चोट से उबर कर सोमवार से शुरू होने वाले ब्रिसबेन इंटरनेशनल से प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे। अगले महीने शुरू होने वाले आस्ट्रेलियाई ओपन में अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच 2009 के बाद पहली बार ब्रिसबेन इंटरनेशनल में भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट के एकल में उन्हें शीर्ष वरीयता मिली है। जोकोविच ने मौजूदा समय में रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज यानिस सिनर के डोपिंग मामले के बारे में अंधेरे में रखे जाने पर निराशा व्यक्त की। जोकोविच बिसबेन इंटरनेशनल के युगल में



आस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस के साथ भी जोड़ी बनाएंगे। उन्होंने कहा, मैं यह सवाल नहीं कर रहा हूं कि (सिनर ने) जानबूझकर प्रतिबंधित पदार्थ लिया था या नहीं। हमने अतीत और वर्तमान में बहुत सारे खिलाड़ियों को प्रतिबंधित पदार्थों के लिए जांच में पॉजिटिव आने के कारण निलंबित होते देखा है। उन्होंने कहा, कम रैंकिंग वाले कुछ खिलाड़ी एक साल से अधिक समय से अपने मामले के सुलझने का इंतजार कर रहे हैं। मैं वास्तव में निराश हो हूं। हमें (सिनर मामले पर) कम से कम पांच महीने तक अंधेरे में रखा गया। इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी ने सिनर और पूर्व महिला विश्व नंबर एक इगा स्वियातेक दोनों पर साल की शुरूआत में डोपिंग रोधी उल्लंघन का आरोप लगाया था। सर्बियाई खिलाड़ी ने डोपिंग उल्लंघनों के संबंध में टेनिस अधिकारियों की ओर से पारदर्शिता की कमी की भी आलोचना की। जोकोविच ने कहा, एटीपी ने वास्तव में इसके बारे में खुलकर बात नहीं की है। उन्होंने उस मामले को लोगों से दूर क्यों रखा है? हमने डब्ल्यूटीए टूर पर सिमोना हालेप का मामला देखा हैं, अब इगा स्वियातेक का मामला है। उन्होंने कहा, यह हमारे खेल के लिए अच्छी छवि नहीं है। मैं ऐसे मामलों को लेकर प्रणाली के काम करने के तरीके पर सिर्फ सवाल उठा रहा हूं। क्यों कुछ खिलाड़ियों के साथ दूसरे तरह का व्यवहार किया जाता है?

## हरियाणा ने जीता पीकेएल सीजन 11 का खिताब



**पुणे।** अपने डिफेंडर्स के शानदार प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा स्टीलर्स ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में रविवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के फाइनल मुकाबले में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स को 32-23 के अंतर से हराते हुए पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। हरियाणा ने बीते साल भी फाइनल खेला था लेकिन वह पुनेरी पल्टन से हार गई थी। इसे हरियाणा के डिफेंडर्स बनाम पटना के रेडर्स का मुकाबला कहा जा रहा था और हरियाणा के डिफेंडर्स ने 11 के मुकाबले 16 अंकों के साथ लट्ठ गाड़ते हुए अपना वचर्स्व साबित किया और इस दौरान उन्होंने पटना के दोनों स्टार रेडर्स- देवांक (5) और अयान (3) को पूरी तरह रोके रखा। पटना के लिए डिफेंडर गुरदीप ने सबसे अधिक 6 अंक लिए।

## जिम्बाब्वे बनाम अफगानिस्तान टेस्ट ड्रा की ओर

**बुलावायो।** रहमत शाह ( 234) के पहले दोहरे शतक और कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी (नाबाद 179) की शानदार ऐतिहासिक पारियों के दम पर अफगानिस्तान ने पहले टेस्ट के चौथे दिन वर्षा बाधित मैच में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन विकेट पर 515 रन बना लिये है। हालांकि अफगानिस्तान अभी भी जिम्बाब्वे के स्कोर से 71 रन पीछे है। अब केवल एक दिन का खेल शेष है ऐसे में यह टेस्ट मैच ड्रा की ओर जा रहा है। इस टेस्ट मैच में दोनों ही टीमों ने 500 से अधिक का स्कोर बना लिया है। जोकि इन दोनों टीमों के लिए ऐतिहासिक है।

# हंपी ने रचा इतिहास, दूसरी बार विश्व रैपिड शतरंज खिताब अपने नाम किया

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** भारत की ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने रविवार को इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर दूसरी बार विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप खिताब जीत लिया है। हंपी ने इससे पहले 2019 में जॉर्जिया में यह प्रतियोगिता जीती थी। भारत की यह नंबर एक महिला शतरंज खिलाड़ी चीन की जू वेनजुन के बाद एक से ज्यादा बार यह खिताब जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बनीं। वह ऐसा करने वाली भारत की पहली महिला शतरंज खिलाड़ी हैं। 37 वर्षीय हंपी ने 11 में से 8.5 अंकों के साथ टूनामेंट का समापन किया। यह भारतीय ग्रैंडमास्टर के लिए एक निर्णायक जीत थी। उन्हें चैंपियनशिप जीतने के लिए में सिर्फ जीत की ही दरकार थी। ड्रॉ या हार से उनका सपना टूट जाता। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। रूस के 18 वर्षीय वोलोदर मुर्जिन ने पुरुष वर्ग में यह खिताब जीता। नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बाद मुर्जिन दूसरे सबसे कम उम्र के





FIDE वर्ल्ड रैपिड चैंपियन हैं। नोदिरबेक ने 17 साल की उम्र में खिताब जीता था।

#### हंपी ने साल का अंत शानदार अंदाज में किया

हंपी ने इस जीत के साथ भारतीय शतरंज के लिए इस साल का अंत शानदार अंदाज में किया। उनकी यह उपलब्धि खास रही। हाल ही में सिंगापुर में क्लासिकल शतरंज विश्व चैंपियनशिप में डी गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर चैंपियन बने थे। हम्पी ने रैपिड

### पीएम मोदी ने दी बधाई



पीएम ने एक्स पर हंपी को शुभकामनाएं देते हुए लिखा-2024 फिडे महिला विश्व रैपिड चैंपियनशिप जीतने पर हंपी कोनेरू को बधाई। उनकी दृढ़ता और प्रतिभा लाखों लोगों को प्रेरित करती है। यह जीत और भी ऐतिहासिक है क्योंकि यह उनका दूसरा विश्व रैपिड चैंपियनशिप खिताब है, जिससे वह यह अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय बन गई हैं।

दुनिया में हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने मास्को में आयोजित प्रतियोगिता के 2012 संस्करण में कांस्य पदक जीता था।

#### 2019 में भी जीता था खिताब

हंपी ने 2019 में जॉर्जिया के बटुमी में चैंपियनशिप जीतकर सफलता के शिखर पर पहुंची थीं। तब उन्होंने चीन की लेई टिंगजी को एक नर्वस-ब्रेकिंग आर्मगेडन गेम में हराया था। जबकि पिछले साल (2023) वह उज्बेकिस्तान के समरकंद में इसी टूर्नामेंट में रजत पदक जीती थीं। वह 2023 में रूस की अनास्तासिया बोदनारुक के खिलाफ टाईब्रेक में खिताब से चूक गईं थीं।


#### हंपी महिला शतरंज में देश की शीर्ष खिलाड़ी

रैपिड शतरंज के अलावा हम्पी ने अन्य प्रारूपों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2022 महिला विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। वहीं, 2024 में महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के करीब आई थीं, लेकिन चूक गई थीं। उन्होंने रजत पदक हासिल किया था। हंपी निजी कारणों से बुडापेस्ट ओलंपियाड में हिस्सा नहीं ले सकी थीं, जहां भारत ने छह स्वर्ण पदक जीते थे। इनमें व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण और भारतीय पुरुष-महिला टीम के स्वर्ण पदक शामिल हैं। हंपी उस महिला टीम का हिस्सा नहीं थीं, लेकिन उन्होंने 2024 के अंत में रैपिड खिताब जीतकर शानदार वापसी की।

#### हंपी ने दिखाया वह क्यों हैं चैंपियन

इस टूर्नामेंट के अंतिम राउंड से पहले हंपी छह और खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर थीं। हंपी के अलावा जू वेनझुन, कतेरिना लाग्नो, हारिका द्रोणावल्ली, अफ्रूजा खामदामोवा, टैन झोंग्यी और इरीन, सभी के पास 7.5 अंक थे। हंपी के अलावा बाकी सभी खिलाड़ियों ने ड्रॉ खेला, लेकिन हम्पी ने इरीन के खिलाफ अंतिम राउंड में जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया। इस जीत के साथ उन्होंने एक बार फिर साबित किया कि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ रैपिड शतरंज खिलाड़ियों में से एक हैं।

## चोटिल जॉश बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफ से हुए बाहर



**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉश इंग्लिस पिंडलियों में आये खिंचाव के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। मेलबर्न टेस्ट के तीसरे दिन स्थानापंन्न खिलाड़ी के रूप में क्षेत्ररक्षण के इंग्लिस को पिंडलियों खिंचाव महसूस हुआ। इस कारण वह सिडनी टेस्ट नहीं खेल पायेंगे। आस्ट्रेलिया जल्द ही उनकी जगह किसी दूसरे खिलाड़ी के नाम घोषणा कर सकता है।

## रूस के मुरजिन बने विश्व रैपिड चैंपियन

**न्यूयॉर्क।** रूस के 18 वर्षीय युवा खिलाड़ी अंतिम समय तक हार ना मानने के अपने बेहतरीन प्रयास के चलते शतरंज इतिहास के दूसरे सबसे युवा विश्व रैपिड चैंपियन बन गए है ।13 राउंड के इस मुकाबले मे 12वें राउंड में मुरजिन भारत के प्रज्ञानन्दा के खिलाफ हार के बेहद करीब थे पर अंतिम समय में प्रज्ञानन्द ने एक भारी भूल कर दी और मुरजिन हारी हुई बाजी जीत गए और इसके साथ ही वह 9.5 अंको के साथ के साथ खिताब के करीब पहुंच गए और अंतिम राउंड में उन्होने अर्मेनिया के केरेन गिरगोरयन के साथ ड्रॉ खेलते हुए अपना पहला विश्व खिताब और स्वर्ण पदक हासिल कर लिया। विश्व रैपिड के पुरुष वर्ग के तीनों मेडल रूस नें अपने नाम किए। अलेक्जेंडर ग्रीसचुक नें यूएसए के दोमिंगेज पेरेज से ड्रॉ खेलते हुए 9.5 अंको के साथ रजत पदक तो यान नेपोमनिशि नें यूएसए के सविएन सेमुएल को पराजित करते हुए 9.5 अंको के साथ कांस्य पदक हासिल किया ।भारत के अर्जुन एरिगैसी को अंतिम राउंड में दूसरा स्थान हासिल करने के लिए फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को मात देनी थी पर उनकी बाजी ड्रॉ रही और अर्जुन 9 अंक ही बना सके और दोमिंगेज पेरेज के बाद पांचवें स्थान पर रहे अर्जुन को 36000 डॉलर पुरूस्कार के तौर पर मिले ।

# लूट के दौरान गोली कांड में घायल ज्वेलरी व्यवसायी की आसनसोल ले जाने के क्रम में मौत, मातम



रोते-बिलखते परिवार के लोग

## आवाज ग्रामीणों को सुनाई न दे, इसलिए अपराधियों ने करीब से गोली मारी थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मसलिया।** दुमका जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के पहरुडीह गांव निवासी 26 वर्षीय जेवर व्यसायी संजय राणा की मौत के बाद रविवार पूरा दिन आसनसोल से उसके पार्थिव शरीर के आने की प्रतीक्षा में परिजन व ग्रामीण परेशान दिखे। बीते शाम को अपराधियों ने छिनतई के क्रम में उसपर सटाकर गोली मारी थी।

गोली किडनी लिवर तक को डैमेज कर चुका था। उनके साथ जिंदा से मौत तक रहे रिश्ते में बहनोई रवि कुमार ने बताया कि संजय को किसी से कोई लेना देना नहीं था और नही किसी से कोई दुश्मनी थी। उनकी शादी कोरोना के वर्ष 2020 को मसलिया थाना क्षेत्र के ही गोलबंधा पंचायत के गोलपुर गांव के अरुण राणा की एकलौती बेटी खुशबू के साथ हुई थी। उनका तीन वर्षीय का एक बेटा आदित्य राणा भी है।

कम उम्र में ही अपने परिवार का बोझ अपने कंधे में लेकर बड़ी उम्मीद से आश्रम मोड़ चापुड़िया में एक भाड़े पर कमरा लेकर ज्वेलरी का धंधा शुरू किया था। दिन भर ज्वेलरी दुकान में रहने के बाद रात को रोज की तरह सारा सामान लेकर वह दुकान से दो किलोमीटर दूर गांव पहरुडीह चल आता था। केवल मोहलबना गांव के नीचे मोड़ के पास 500 मीटर का सुनसान खाली जगह पड़ता है। जिसका अपराधियों ने रेकी कर निशाना बनाया और शाम को उसका बाइक को रोक छीनतई के दौरान गोली मार दिया। गोली की आवाज लोगों को सुनाई नहीं दे इसके लिए कमर के पास सटाकर गोली मारा। मरने से पहले संजय बस एक ही बात कह रहा था कि मैं बहुत लड़ा पर मैं जससे सका नहीं। मुझे धोखे से गोली मार दिया।

संजय राणा के पिता मनबोध राणा, छोटा भाई मुकेश राणा, पत्नी मां व पूरा समाज उनके साथ इस घटना घटाने वालों को सलाखों के पीछे देखने के लिए पुलिस प्रशासन से मांग कर रहे हैं। इस संदर्भ में मसलिया थाना प्रभारी अनिल कुमार टुडू ने बताया कि इस मामले में एसआईटी टीम गठित कर छानबीन की जा रही है। जिला से वरीय अधिकारियों की टीम भी घटना से संबंधित जगहों का जायजा लिया है।

### कल पहुंचेगा शाम तक संजय का शव

संजय का शव का आज पोस्टमार्टम नहीं हो पाने की वजह से उनके पैतृक गांव मोहलबना पार्थिव शरीर नहीं पहुंच पाया। परिजनों ने बताया कि आज किसी कारण वश पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। सुबह दस बजे पोस्टमार्टम के पूर्व लगी गोली को निकाला जाएगा। इसके बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होगी। संभवतः शाम तक संजय का शव दुमका पहुंच सकता है।

## खबर एक नजर में

### युवा कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रध्दांजलि अर्पित की

**बेरमो।** युवा कांग्रेस द्वारा रविवार को किसान भवन में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रध्दांजलि अर्पित की गई।इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके निधन को कांग्रेस पार्टी एवं देश के लिए एक अपूर्णीय क्षति बताया।वक्ताओं ने कहा कि आर्थिक सुधारों के प्रणेता मनमोहन सिंह भले ही हमसबों के बीच नहीं हैं लेकिन उनके विचार एवं कृतियां हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।इस दौरान सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण किया।मौके पर युवा कांग्रेस के जिला सचिव सरफराज अहमद गुड्डु प्रखंड अध्यक्ष कपिल ठाकुर,सदिक अली,सनाउल्लाह अंसारी,युसूफ अंसारी,दीपक जैन,रोहित कुमार ठाकुर, मोहम्मद अनवर आदि उपस्थित थे।

### होटल वेस्ट इन में हुई मारपीट की घटना में शाहनवाज गिरफ्तार

**बोकारो।** स्थानीय नया मोड़ स्थित होटल वेस्ट इन में पिछले दिनों हुई मारपीट की घटना में शामिल शाहनवाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शाहनवाज पर 22 अन्य आपराधिक मामले होने की जानकारी देते हुए डीएसपी एवं एसडीओ ने बताया कि उक्त मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से एक दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सीसीटीवी फुटेज एवं छानबीन के पश्चात पुलिस अन्य दोषी उपद्रवियों के गिरफ्तारी को तत्पर है। ज्ञातव्य है कि विगत दिनों स्कूली विद्यार्थियों की पार्टी के दौरान अनुचित दखलन्दाजी को लेकर होटल प्रबंधन एवं दखलन्दाजी कर रहे लोगों के बीच मारपीट व होटल में तोड़फोड़ की घटना हुई थी।

### अय्यप्पा के रितिक जैन को सीए की परीक्षा में 48 वां रैंक

**बोकारो।** 24 वर्षीय ऋतिक जैन ने चार्टर्ड एकाउंटेंट की परीक्षा को पहले ही प्रयास में पास करके यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। रितिक ने पूरे भारत में 48 वां स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर विद्यालय में उनके लिए विद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उन्हें बुके एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रितिक ने अपने शिक्षक एवं विद्यालय द्वारा दिए गए मार्गदर्शन की सराहना की एवं कहा कि भविष्य में छात्रों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत एवं उचित मार्गदर्शन का सहारा लेना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य पी शैलजा जय कुमार ने उनके कठिन परिश्रम की सराहना की एवं कहा कि विद्यालय अपने छात्रों को लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करता रहेगा। कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्या शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ ने तय की आंदोलन की रूपरेखा

**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की कार्यकारिणी की संयुक्त महामंत्री आशा देवी के नेतृत्व में तारकेश्वर महतो की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में आशा देवी ने कहा कि नगर प्रशासन की मनमानी के विरोध में विशाल मजदूर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। बोकारो प्लॉट होल्डर से सफाई के नाम पर 3700 रुपए लिया जाता है जबकि साफ सफाई का काम प्रबंधन नहीं कर रही है। इसके अलावा नवीकरण की समस्याओं पर समुचित निदान नहीं किया जा रहा है। कार्यालय सचिव सह मीडिया प्रभारी गंगेश कुमार पाठक ने कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से एसएन प्रसाद को आरजेबीएस का प्रभारी रामचरण ठाकुर को सीआरएम 3 सुरेश राय सिंह को सीआरएम सुमित सिंह को प्लाट होल्डर बोकारो सुरेश कुमार को असंगठित क्षेत्र मंजू देवी को संगठन मंत्री शिक्षा एवं अन्य पुष्पा मिश्रा को संगठन मंत्री का प्रभार सौंपा गया। उपाध्यक्ष नवीन सिंह ने कहा कि 10 जनवरी तक नगर प्रशासन को मांग पत्र सौप दिया जाएगा। मांग नहीं मानने पर 28 जनवरी को नगर प्रशासन का घेराव करने पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। मौके पर अमरेन्द्र सिंह संतोष कुमार आशीष कुमार वीरेंद्र कुमार कपरदार गुलाम जिलानी प्रतिमा एवं कविता मौजूद रहे।

## ग्रामीण क्षेत्र में नहीं कम हुआ धान खरीद का बिचौलियापन



**बोकारो/कसमार।** बीते 15 दिसंबर को हीसिम और सिंहपुर पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन के अवसर पर सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद व मद्य निषेध मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने कहा था कि किसानों के धान को औने पौने दामों पर खरीदने वाले बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। बावजूद इसके क्षेत्र में धान खरीद का बिचौलिया गिरी कम नहीं हुआ है। बिचौलिया लोग गोला रामगढ़ जैनामोड खैराचातर इत्यादि जगहों से आकर खुलेआम गाड़ी खड़ा करके किसानों से ओने पौने दाम से धान खरीद कर ले जा रहे हैं। कार्रवाई की बात तो दूर उन्हें कोई रोकने- टोकने वाला भी नहीं है। कुछ बिचौलिया तो 1 क्विंटल 10 किलो धान पर 50 किलो चावल दे रहे हैं। गणना करके देखें तो किसानों को 890 रुपए प्रति क्विंटल का नुकसान हो रहा है। किसानों का कहना है कि धान बेचने के लिए पेपर बनाने के लिए कई चक्कर उन्हें लगाने पड़ते हैं। धान का पैसा भी उन्हें देर से मिलता है। इसपर कसमार के किसान केसर महतो शंकर महतो विनय कुमार महतो दिनेश महतो सुबन महतो भुनेश्वर महतो विष्टु महतो झरी महतो संजय महतो भूषण महतो साधु चरण महतो प्रयाग महतो नागेश्वर महतो इत्यादि विभाग की लापरवाही का बयां करते हुए कहा पिछले वर्ष पैक्स को धान बेचे थे लेकिन पैसे का भुगतान उन्हें कई महीने बाद मिला था।

## गोदाम का सामान कबाड़ीखाने से बरामद, एक गिरफ्तार



चोरी का समान बरामद करती पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव स्थित झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड (जेयूएसएनएल ) के गोदाम से चोरी हुआ सामान पास ही के कबाड़ीखाने से रविवार को बरामद हुआ। इस बरामदगी के बाद पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए कबाड़ीखाने के मलिक शोबराती अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। दरअसल शनिवार की रात चोरी के बरमसिया गांव के ग्रामीणों ने देखा कि कुछ चोर जेयूएसएनएल के गोदाम से सामान निकाल कर बाहर रख रहे हैं। ग्रामीणों ने सभी चोरों को घेरना शुरू किया। लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर सभी वहां से भाग निकले। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। रविवार को जांच में आई पुलिस को पता चला कि बरमसिया गांव के शोबराती अंसारी जो कबाड़ खरीदने का काम करते हैं। उनके यहां भी बिजली का सामान है। इस सूचना पर तत्काल छापेमारी की गई तो भारी मात्रा में बिजली के उपकरण मिले।

जिसे पुलिस जब्त कर शिकारीपाड़ा थाने ले आई है। इधर विभाग के टेक्निकल असिस्टेंट शत्रुघ्न साहू ने बताया कि यह सारा सामान झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के गोदाम का है। उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि इसके पहले भी कई बार वहां से चोरी हुई है। सबसे आश्चर्य की बात यह भी है कि इस गोदाम की रखवाली के लिए होमगार्ड के पांच जवान नाइट गार्ड के रूप में प्रतिनियुक्ति है। इसके बावजूद लगातार चोरी होना इन पांचों नाइट गार्ड के कार्य क्षमता पर भी सवाल खड़ा कर रहा है।

## आनंदमार्गियों का विश्व स्तरीय धर्म महासम्मेलन एक जनवरी को



**बोकारो।** आनन्द मार्ग प्रचारक संघ की ओर से आगामी 01 जनवरी 2025 को निकटवर्ती आनंद नगर में एकदिवसीय धर्म महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस विश्व स्तरीय धर्म महासम्मेलन में देश-विदेश से हजारों-हजार आनंदमार्गी भाग लेंगे। चास स्थित आनंद मार्ग जागृति केंद्र में आयोजित एक प्रेस वार्ता में इस आशय की जानकारी दी गई। आनन्द मार्ग के आचार्य रमेन्द्रानन्द अवधूत आचार्य प्रणवेशानन्द अवधूत एवं आचार्य अवनिन्द्रानन्द अवधूत ने कहा कि आनंद नगर आनंद मार्ग के संस्थापक श्रीश्री आनंदमूर्ति जी की भावी विश्व समाज की परिकल्पना का केन्द्र बिन्दु है। उन्होंने कहा कि यहां प्रतिवर्ष शीतकाल में वर्ष के अंत और नए वर्ष की शुरूआती तिथि को देश विदेश में फैले आनन्द मार्ग के अनुयायी धर्म महा चक्र व धर्म महासम्मेलन में नियमित आते रहे हैं। संघ के निर्णय के अनुसार सिर्फ 1 जनवरी को विश्व स्तरीय धर्म महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। उत्सव का शुभारंभ पांचजन्य के जयघोष से होगी एवं मध्याह्न तथा संध्याकाल में श्रद्धेय पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेववानन्द अवधूत का आध्यात्मिक उद्बोधन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम विप्लवी विवाह 1000 गरीबों में कंबल वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आचार्य रमेन्द्रानंद ने कहा कि धर्म महासम्मेलन की तिथि को लेकर अंत तक पुरुलिया प्रशासन की ओर से सकारात्मक सहयोग नहीं मिला।

## देशी कट्टा के साथ बाइक चोर ग्रामीणों के हत्थे चढ़ा

### स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने भेजा भेज



गिरफ्तार चोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र स्थित नीचे बाजार के समीप एक बाइक चोर देशी पिस्तौल के साथ ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दी। जानकारी के अनुसार जिले के जरमुंडी थाना के खरविंदा का रहने वाला 20 वर्षीय मुकेश राय, पिता शंकर राय बाइक चोरी करने की योजना बना रहा था। इसी दरम्यिन भलसुमिया गांव के रहने वाले एक युवक की नजर बाइक के पास संदिग्ध हालत में खड़े मुकेश राय पर पड़ी। जो बाइक चोरी कर भागने के फिराक में था। इसी बीच आस -पास खड़े लोगों ने बाइक चोरी की योजना बना रहे मुकेश राय नामक युवक को धर दबोच उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में पुलिस के पहुंचने पर बाइक चोर युवक को लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया।

तलाशी के बाद आरोपी युवक के पास पुलिस एक देशी कट्टा भी बरामद करने में सफल रही। उधर बाइक चोर के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही बाईक चोरी का शिकार हुए लोग थाना के आस-पास मंडराने लगे। इनमें वैसे भी लोग थे। जिनकी बाइक पिछले सप्ताह जरमुंडी से चोरी हुई थी।

## पूर्व पीएम पर अभद्र टिप्पणी की शिकायत नगर थाना पहुंची

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सोशल मीडिया पर दिवंगत पीएम मनमोहन सिंह को लेकर अभद्र टिप्पणी की लिखित शिकायत नगर थाना पुलिस को दी गई है। कांग्रेस सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष निश्चित कुमार ने नगर थाना पुलिस को लिखित शिकायत डंगालपाड़ा निवासी हर्षनंदन आनंद के खिलाफ किया है। आवेदन में बताया है कि पूर्व पीएम स्व मनमोहन सिंह के खिलाफ अपशब्द लिखा गया है। पोस्ट पर आपत्ति जताते हुए नगर थाना पुलिस से कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया। हलांकि पोस्ट पर लगातार कॉमेंट आने के बाद पोस्ट डिलिट कर दिया गया है। मामले में थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि आवेदन मिला है, मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## संस्कृत संभाषण अभ्यास वर्ग में सांसद हुए शामिल, किया प्रोत्साहित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** संस्कृत भारती की ओर से एनएम एकेडमी चास विस्थापित नगर में आयोजित सात दिनों के संस्कृत संभाषण अभ्यास वर्ग में धनबाद लोकसभा सांसद ढुल्लू महतो शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद ने संस्कृत भारती द्वारा सभी वर्गों के बीच संस्कृत के प्रचार-प्रसार के पुनीत कार्य के लिए संस्कृत भारती के कार्यों की सराहना की। अपने संबोधन में सांसद श्री महतो ने कहा कि संस्कृत भारत के संपूर्ण ज्ञान परंपरा गौरव एवं समृद्धि की वाहिका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर रामनारायण सिंह अध्यक्ष संस्कृत भारती ने की। इस अवसर पर संस्कृत भारती के प्रान्त मंत्री पृथ्वीराज सिंह ने संगठन की रीति और अभ्यास वर्ग की विवरणी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप संस्कृत भारती इस पुण्य कार्य में लगी है। नई शिक्षा नीति में संस्कृत का महत्त्व इस बात का प्रमाण है। इस अवसर पर राम भरोसे गिरी राम बच्चन सिंह मुकेश राय विपुल कुमार राहुल कुमार एनएम अकादमी के डायरेक्टर मेघनाथ मिश्रा डॉ संजय पांडेय डॉ विनय कुमार पांडेय संजय झा शिक्षण प्रमुख सर्वेश मिश्रा कृष्णा कुमार एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन डा विनय कुमार पांडेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर सत्यदेव तिवारी ने किया।

## आक्रोशित ग्रामीणों ने सीएम व विधायक का पुतला फूंका



पुतला दहन करते ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मसलिया।** गोली मार लूट की घटना में ज्वेलरी व्यापारी की मौत के आक्रोश में दुमका-जामताड़ा मुख्य पथ पर आश्रम चौक पर सीएम व विधायक का पुतला दहन किया गया। ग्रामीणों ने सीएम हेमंत सोरेन व विधायक बसंत सोरेन का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी किया। इस अवसर पर भाजपा नेता बिमल मरांडी ने बताया कि राज्य में झामुमो की सरकार में अपराधियों को खुली छूट मिल गई है। आये दिन अपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है। प्रशासनिक अधिकारियों की भी ढुलमुल रवैया साफ नजर आ रही है। कुछ दिन इसी मोहलबना चौक में दिनदहाड़े पिस्तौल के नोक पर 40 हजार रुपये की बैंक डकैती हुई। कल शाम को संजय राणा को भी उसी तरीके से तीन नकाबपोश बाईक सवार युवकों ने रोककर पहले छिनतई फिर विरोध करने पर गोलीबारी कर जान ले ली। आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले सलाखों के पीछे कब आएंगे यह प्रशासन पर सवाल खड़े कर रहे हैं। इस अवसर पर सुपलाल सोरेन ने बताया कि संजय को किसी से कोई लेना देना नहीं था। उनका ज्वेलरी का दुकान खोले एक माह भी ठीक से पूरा नहीं हुआ था। आश्रम मोड़ से दो किलोमीटर घर जाने के क्रम में इतनी बड़ी घटना घट जाएगी यह किसी ने सोचा तक नहीं था।

जिस प्रकार अपराधियों ने उसे सटाकर गोली मारी इससे यह स्पष्ट होता है कि ये अपराधी ऐसे और भी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। ग्रामीण मनभरण यादव ने कहा कि घटनाओं को घटाने वाले अगर पकड़े नहीं गए तो न जाने ऐसे और कितनी घटनाएं आगे घटेंगी। प्रशासन को इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उन तक पहुंचना चाहिए। हालात यह हो गई है कि अब शाम होते ही सब घरों में दुबकने को मजबूर है। दहशत का माहौल है। इस मौके संतोष मुर्मू, राजकुमार यादव, राजु कुमार, नंदकिशोर मंडल, नेपाल चन्द्र दे आदि मौजूद थे।

## पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**दुमका।** जिला कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री अर्थशास्त्री स्व. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अलीमाम उर्फ टिंकू ने किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष ने कहा भारत के 14 वें प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह को एक विचारक और विद्वान के रूप में सराहा। उन्हें मेहनत, काम के प्रति अकादमिक दृष्टिकोण, सुलभता और विनम्र व्यवहार के लिए याद किया। कई महत्वपूर्ण पदों पर काम करते हुए वित्त मंत्रालय में सचिव, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमंत्री के सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के पदो को सुशोभित किया। उनके वित्त मंत्रीकाल में आर्थिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया। इस अवसर पर सुनील किस्कू, शहरोज शेख, दशरथ मंडल, संतोष सिंह, मुकेश कुमार, बीरबल दत्ता, मो हारून, रुपेश सिंह, फंटुस शर्मा, मो जियाउल, रवी कुमार, संजय दास, विवेक कुमार आदि उपस्तिथ थे।

## पेज एक का शेष

### तमाड़ में सड़क...

प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को रिम्स भेज दिया गया। सूचना मिलती ही तमाड़ पुलिस पहुंची तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को इलाज के लिए तमाड़ अस्पताल पहुंचाया गया।

**दिउड़ी में पूके कर पिकनिक जा रहे थे :** स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों बाइक पर सवार सभी लोग दिउड़ी मंदिर में पूजा करने के बाद जलप्रपात घूमने जा रहे थे। तमाड़ थाना प्रभारी रोशन झा ने बताया कि इस हादसे में तीन युवक, जिनकी उम्र 18 से 21 वर्ष के बीच थी। सोमवार को तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जायेगा।

### गंगा की अविरल...

इसलिए हमारा कुंभ एकता का महाकुंभ भी होता है। इस बार का महाकुंभ भी एकता के महाकुंभ के मंत्र को सशक्त करेगा। आप सब कुंभ में शामिल हों तो एकता के इस संकल्प को अपने साथ लेकर वापस आयें। समाज में विभाजन और विद्वेष के भाव को नष्ट करने का संकल्प भी लें।

**नये साल में फिट रहें, स्वस्थ रहें :** पीएम ने कहा, अब 2025 दस्तक दे रहा है। आने वाले साल में मन की बात के माध्यम से हम और भी प्रेरक प्रयासों को साझा करेगें। प्रधानमंत्री ने कहा,मुझे विश्वास है कि देशवासियों की सकारात्मक सोच और इनोवेशन की भावना से भारत नई ऊंचाइयों को छूएगा। आप अपने आस-पास के यूनिक प्रयासों को मन की बात के साथ शेयर करते रहिए। मैं जानता हूँ कि अगले साल की हर ह्यमन की बात में हमारे पास एक दूसरे से साझा करने के लिए बहुत कुछ होगा। आप सभी को 2025 की ढ़ेर सारी शुभकामनाएं। स्वस्थ रहें, खुश रहें, फिट इंडिया मूवमेंट में आप भी जुड़े खुद को भी फिट रखें। जीवन में प्रगति करते रहें।

**संविधान हमारा मार्गदर्शक :** 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों से संवाद में मोदी ने कहा, नया साल 2025 अब नजदीक है। हमारे संविधान को लागू हुए 75 साल पूरे हो जायेंगे, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने संविधान को हमारे लिए मार्गदर्शक और गाइडिंग लाइट बताया, जिसके कारण आज वह हमसे संवाद कर पा रहे हैं। संविधान हमारा मार्गदर्शक है। 26 नवंबर को संविधान दिवस पर, भारत अपने संविधान को अपनाने के 75 वर्ष मनायेगा। इस मील के पत्थर का सम्मान करने के लिए, एक राष्ट्रव्यापी अभियान नागरिकों को संविधान की प्रस्तावना पढ़ने और अपने वीडियो साझा करने के लिए आमंत्रित करता है, जिससे सामूहिक गौरव और एकता की भावना को बढ़ावा मिलता है।

**नक्सल इलाकों में अब नयी क्रांति :** मोदी ने बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता की प्रशंसा करते हुए इसी तर्ज पर देश के अन्य राज्यों में खेल प्रतियागिता शुरू करने की अपील की। उन्होंने कहा, जहां नक्सल हिंसा रही, वहां अब नयी क्रांति जन्म ले रही है। उन्होंने बस्तर ओलंपिक में शामिल खिलाड़ियों के संघर्ष की कहानी भी बताई। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में बस्तर ओलंपिक की शुरूआत हुई, इसकी खास बात ये रही कि शहरों और गांवों के खिलाड़ियों के साथ ही आत्मसमर्पित नक्सलियों ने भी हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने सुकमा जिले की पायल कवासी का जिक्र किया।

